# 38वीं बिहार पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1992-93
# सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान
## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**1. कला की गांधार शैली निम्न समय में फली-फूली—**

(a) कुषाणों के समय (b) गुप्तों के समय
(c) अकबर के समय (d) मौर्यों के समय

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**—यूनानी कला के प्रभाव से देश के पश्चिमोत्तर से कला की जिस नवीन शैली का उदय हुआ उसे कला की गांधार शैली कहते हैं। इस कला का चरम विकास कुषाण काल में हुआ। सर्वप्रथम गांधार कला में ही बुद्ध की मूर्तियों का निर्माण हुआ माना जाता है। इसमें ग्रीक देवता अपोलो के समान ही बुद्ध की मूर्तियाँ बनीं। सिर के पीछे प्रभा मंडल, घुंघराले बाल तथा पारदर्शी वस्त्र इस कला की विशेषताएं थीं।

**2. टीपू सुल्तान ने अपनी राजधानी बनवाई—**

(a) श्री रंगपट्टनम् में (b) मैसूर में
(c) बंग्लौर में (d) कोयम्बटूर में

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**— टीपू सुल्तान की राजधानी श्री रंगपट्टनम् में थी, जहाँ पर 1792 में उसने अंग्रेजों के साथ तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध में संधि भी की थी। 1799 के चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध में श्रीरंगपट्टनम की रक्षा करता हुआ टीपू शहीद हो गया।

**3. जन्तर-मन्तर का निर्माण किया था —**

(a) अकबर ने (b) शाहजहाँ ने
(c) शिवाजी ने (d) महाराजा जयसिंह ने

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**— जन्तर-मन्तर का निर्माण जयपुर के राजा सवाई जयसिंह ने कराया था। इन्होंने पाँच वेधशालाओं का भी निर्माण करवाया जो दिल्ली, बनारस, जयपुर, उज्जैन तथा मथुरा में स्थित है। इन्होंने अश्वमेध यज्ञ भी किया था।

**4. महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी नियुक्त किया गया—**

(a) 1858 में (b) 1876 में
(c) 1877 में (d) 1885 में

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**— महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी रॉयल टाइटिल ऐक्ट, 1876 के तहत 1876 में घोषित किया गया। वर्ष 1877 में लार्ड लिटन ने 'दिल्ली दरबार' का आयोजन किया जिसमें महारानी विक्टोरिया को 'कैसर-ए-हिन्द' की उपाधि व भारत की साम्राज्ञी नियुक्त किया गया।

**5. महात्मा गांधी अपना राजनीतिक गुरू किनको मानते थे?**

(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर को (b) मदन मोहन मालवीय को
(c) दादा भाई नौरोजी को (d) गोपाल कृष्ण गोखले को

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**—महात्मा गाँधी गोपाल कृष्ण गोखले को अपना राजनीतिक गुरू मानते थे, जबकि गोपाल कृष्ण गोखले अपना आध्यात्मिक और राजनीतिक गुरु एम. जी. रानाडे को मानते थे।

**6. 'साइमन कमीशन' पहली बार भारत आया—**

(a) 1926 में (b) 1928 में
(c) 1939 में (d) 1942 में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**—साइमन कमीशन जिसका गठन नवम्बर, 1927 में लंदन में किया गया, जो 1928 में पहली बार भारत आया। साइमन कमीशन का गठन 1919 ई. के सुधारों की जांच करना तथा इस बात की सिफारिस करना की क्या भारत इस योग्य हो गया है कि यहॉ के लोगों को और संवैधानिक अधिकार दिये जाएं और यदि दिए जाएं तो उसका स्वरूप कैसा होगा? इसके सभी सदस्य अंग्रेज थे। अतः भारत में इस आयोग का जोरदार विरोध हुआ।

**7. कांग्रेस पार्टी ने किस वर्ष 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित किया?**

(a) 1930 में (b) 1929 में
(c) 1917 में (d) 1911 में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**—कांग्रेस पार्टी ने 31 दिसम्बर, 1929 के लाहौर अधिवेशन में पं. जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित किया तथा 26 जनवरी, 1930 को पहला स्वतंत्रता दिवस मनाने का निश्चय किया गया।

**8. वर्ष 1919 भारतीय इतिहास से सम्बन्धित है—**

(a) कलकत्ता से दिल्ली में राजधानी के बदले जाने से
(b) जलियांवाला बाग त्रासदी से
(c) बंगाल-विभाजन से
(d) खिलाफत आन्दोलन से

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**— 13 अप्रैल, 1919 को पंजाब का प्रसिद्ध जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। रॉलेट एक्ट और भारतीय स्वतंत्रता समर्थक कार्यकर्ता सैफुद्दीन किचलू और सत्यपाल की गिरफ्तारी के विरोध में जलियांवाला बाग में भारी भीड़ एकत्र हुई थी जिसमें जनरल डायर द्वारा गोली चलाने का आदेश दिये जाने के कारण भारी संख्या में लोग हताहत हुए एवं मारे गये।

9. 'वन्दे मारतरम्' गीत के रचनाकार थे–
(a) बंकिम चन्द्र चटर्जी (b) सरोजनी नायडू
(c) रवीन्द्रनाथ टैगोर (d) जयशंकर प्रसाद
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–'वन्दे मातरम्' गीत बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित प्रसिद्ध पुस्तक 'आनन्द मठ' से लिया गया है। गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर ने जन-गण-मन लिखा जो भारत का राष्ट्रगान है। जयशंकर प्रसाद ने 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' नामक कविता की रचना की।

**10. पाकिस्तान का अलग राज्य आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया?**
(a) आगा खां ने (b) नवाब सलीमुल्लाह ने
(c) लियाकत अली खां ने (d) मोहम्मद अली जिन्ना ने
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–पाकिस्तान नामक एक अलग राज्य बनाये जाने का नेतृत्व मोहम्मद अली जिन्ना ने किया। आगा खां व सलीमुल्लाह इत्यादि ने मुस्लिम लीग के निर्माण में अपना योगदान दिया था। पाकिस्तान शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग चौधरी रहमत अली ने किया था।

**11. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई?**
(a) 1852 में (b) 1884 में
(c) 1870 में (d) 1885 में
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**– भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 ई. में ए.ओ. ह्यूम (एलन ऑक्टोवियन ह्यूम) द्वारा की गयी इसका प्रथम अधिवेशन बम्बई में हुआ, जिसकी अध्यक्षता डब्ल्यू.सी. बनर्जी (व्योमेश चन्द्र बनर्जी) ने की।

**12. कौन से प्रसिद्ध भारतीय नेता 'सीमान्त गांधी' के रूप में जाने गए?**
(a) खान अब्दुल गफ्फार खान (b) अबुल कलाम आजाद
(c) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (d) मोहम्मद अली जिन्ना
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–खान अब्दुल गफ्फार खान भारतीय इतिहास में 'सीमान्त गांधी' के नाम से जाने गये। इन्होंने गांधी द्वारा 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' प्रारम्भ किये जाने के पश्चात् पश्चिमोत्तर भारत में 'लाल कुर्ती' नामक एक आन्दोलन चलाया।

**13. मुण्डा जनजातियाँ अधिकांशतः बसी हैं–**
(a) मध्य प्रदेश में (b) उत्तर प्रदेश में
(c) असम में (d) बिहार में
**उत्तर-(*)**

**व्याख्या**–प्रश्नकाल के समय मुण्डा जनजातियों की सर्वाधिक संख्या बिहार में थी। वर्तमान में इनकी सर्वाधिक संख्या झारखण्ड में है। ये जनजातियाँ मुख्यतः छोटा नागपुर में निवास करती है। मध्य प्रदेश में भील, गोंड आदि जनजातियाँ पायी जाती है। असम में बोडो, राभा, दिमारा आदि जनजातियाँ निवास करती हैं। उत्तर प्रदेश में कोल, थारू, खरवार आदि जनजातियाँ पायी जाती हैं।

**14. लक्षद्वीप टापू अवस्थित है–**
(a) दक्षिण प. भारत में
(b) दक्षिण भारत में
(c) दक्षिण पूर्वी भारत में
(d) प. बंगाल के निकट पूर्वी भारत में
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या** – लक्षद्वीप टापू अरब सागर में अवस्थित है जो दक्षिणी-पश्चिमी भारत में स्थित है। बंगाल की खाड़ी में अण्डमान निकोबार द्वीप समूह स्थित है। लक्षद्वीप समूह में कुल 36 द्वीप हैं जिनमें केवल 7 द्वीपों पर जनजीवन है। यह भारत का एकमात्र मूँगा द्वीप है।

**15. निम्नलिखित भारतीय राज्य में लौह अयस्क उपलब्ध नहीं हैं–**
(a) बिहार में (b) मध्य प्रदेश में
(c) उड़ीसा में (d) पंजाब में
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–लौह अयस्क बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश इत्यादि में प्रमुखता से प्राप्त होता है। पंजाब में लौह अयस्क की खाने नहीं प्राप्त हुई है।

**16. सबसे अधिक तेल निर्यातक देश है –**
(a) अल्जीरिया (b) ईरान
(c) नाइजीरिया (d) सऊदी अरब
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**– तेल निर्यात करने वाले देशों में सऊदी अरब का स्थान सर्वोच्च है। वर्ष 2020 के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक कच्चे तेल का भण्डार वेनेजुएला के पास है। 2025 के आंकड़ों के अनुसार, विश्व में कच्चे तेल के निर्यातक देशों में सऊदी अरब प्रथम, रूस द्वितीय तथा इराक तृतीय स्थान पर है।

**17. 'बड़ी लाईन' की दो पटरियों के बीच की दूरी होती है?**
(a) $6\frac{1}{2}$ फीट (b) $5\frac{1}{2}$ फीट
(c) 5 फीट (d) $4\frac{1}{2}$ फीट
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**– बड़ी लाइन (ब्राड गेज) की दो पटरियों के बीच की दूरी 5 फुट 6 इंच (1676 मिमी) होती है। ब्राड गेज भारत के साथ दुनिया में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला रेल गेज है। मीटर गेज 1000 मिमी का एवं नैरो गेज 762 मिमी/610 मिमी का होता है।

**18. निकोलस कॉपरनिकस प्रसिद्ध है?**
(a) दूरबीन के आविष्कार के लिए
(b) यह बताने के लिए कि ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं न कि पृथ्वी के
(c) कैलकुलस (Calculus) की खोज के लिए
(d) मानव शरीर को शल्य क्रिया का अध्ययन करने के लिए
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** प्रसिद्ध भूगोलवेत्ता निकोलस कॉपरनिकस के अनुसार ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। इसके पूर्व यह मान्यता दृढ़ हो चुकी थी कि पृथ्वी स्थिर है तथा सूर्य उसके चारो ओर चक्कर लगाता है। 1530 में कॉपरनिकस की किताब 'De revolutionibus orbium coelestium' प्रकाशित हुई, जिसमें उन्होंने बताया की पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती हुई एक दिन में चक्कर पूरा करती है और एक साल में सूर्य का चक्कर पूरा करती है।

**19. 'गोबी का मरुस्थल' है–**

(a) चीन में

(b) पश्चिम अफ्रीका में

(c) दक्षिणी आस्ट्रेलिया में

(d) दक्षिण अमेरिका में

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–**'गोबी का मरुस्थल' मंगोलिया एवं चीन में स्थित है। दक्षिण अमेरिका में अटाकामा (उत्तरी चिली) तथा द सिंतो डे सेचूरा (उ. प. पेरू) मरुस्थल पाए जाते हैं। पश्चिमी अफ्रीका में 'सहारा मरुस्थल' तथा दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में 'ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल' पाया जाता है।

**20. बिहार राज्य अवस्थित है निम्न देशान्तरों (Longitude) के मध्य?**

(a) लगभग 84° पूर्व से 88° पूर्व

(b) लगभग 80° पूर्व से 84° पूर्व

(c) लगभग 80° पूर्व से 88° पूर्व

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–**बिहार राज्य 83°19'50" पूर्व से 88°17'40" पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। बिहार का अक्षांशीय विस्तार 24°20'10" से 24° 31'15" तक है।

**21. सीन नदी किस नगर से होकर बहती है?**

(a) लंदन से

(b) पेरिस से

(c) रोम से

(d) फ्रैंकफर्ट से

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–**पेरिस नगर सीन नदी के तट पर बसा हुआ है। रोम नगर टाईबर नदी के किनारे बसा है। लंदन टेम्स नदी के किनारे स्थित है तथा फ्रैंकफर्ट राइन नदी के किनारे स्थित है।

**22. स्वेज नहर जोड़ती है–**

(a) भूमध्य सागर को लाल सागर से

(b) भूमध्य सागर को कैस्पियन सागर से

(c) लाल सागर को हिन्द महासागर से

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–**स्वेज नहर लाल सागर और भूमध्य सागर को संबंद्ध करने वाली एक नहर है। सन् 1859 में एक फ्रांसीसी इंजीनियर फर्डीनेण्ड की देख रेख में स्वेज नहर का निर्माण शुरू हुआ था। यह नहर 193 किमी. लम्बी, 205 मी. चौड़ी, 24 मीटर गहरी है। इसका निर्माण 10 वर्ष में पूर्ण हुआ एवं 1869 ई. में यह नहर यातायात के लिए खुल गयी।

**23. 'ओजोन परत' (Ozon Layer) बताता है –**

(a) अंटार्कटिका की वायुमण्डलीय स्थिति

(b) शनि ग्रह पर की गई एक आधुनिक खोज

(c) पृथ्वी की सतह से लगभग 10-20 किलोमीटर नीचे की परत

(d) पृथ्वी की सतह से 15-20 किलोमीटर ऊपर में वायुमण्डल की परत

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** ओजोन परत समताप मण्डल में पृथ्वी से लगभग 15 से 35 किमी. की ऊँचाई पर स्थित है। यह सूर्य द्वारा विकरित पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है।

**24. समुद्र तल पर पृथ्वी के केन्द्र के सबसे निकट स्थान है?**

(a) उत्तरी ध्रुव

(b) मकर रेखा

(c) कर्क रेखा

(d) भूमध्य रेखा

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** उत्तरी ध्रुव, आर्कटिक महासागर के पास स्थित है, जो कि पृथ्वी के केन्द्र का सबसे निकट स्थान भी है। ध्रुवों पर पृथ्वी चपटी हैं जिसके कारण ध्रुवों की पृथ्वी के केन्द्र से दूरी न्यूनतम है। जबकि भूमध्य रेखा पर उभार होने से वह पृथ्वी के केन्द्र से सर्वाधिक दूर है।

**25. एस्परान्टो (Esperanto) है–**

(a) लैटिन अमेरिका का सर्वोच्च पर्वत

(b) स्पेन का बंदरगाह नगर

(c) एक खेल का नाम

(d) विश्व भाषा के रूप में कार्य करने के लिए बनाई गई एक कृत्रिम भाषा

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**'एस्परान्टो' एक आसान और कृत्रिम अंतर्राष्ट्रीय भाषा है। एस्परान्टो के उपनाम से इस भाषा के निर्माता 'लुडविग लाजर जामे होफ' ने एस्परान्टो की पहली किताब 1887 में वारसा (पोलैण्ड) में प्रकाशित की थी उनकी चाहत थी कि एस्परान्टो एक वैश्विक भाषा बने इस भाषा में 'एस्परान्टो' शब्द का अर्थ है 'आशा रखने वाला'।

**26. स्विट्जरलैंड में बोली जाने वाली प्रधान भाषाएँ हैं?**

(a) केवल जर्मन

(b) केवल फ्रेंच

(c) जर्मन और फ्रेंच केवल

(d) जर्मन, फ्रेंच और इटेलियन

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** स्विट्जरलैण्ड - फ्रांस, जर्मनी, इटली तथा ऑस्ट्रिया से घिरा हुआ है। अतः वहाँ जर्मन, फ्रेंच तथा इटैलियन भाषाएं प्रधान रूप से बोली जाती हैं।

**27. कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) राष्ट्रपति पद के लिए प्रत्याशी की आयु कम-से-कम 35 वर्ष की होनी चाहिए
(b) उप-राष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति होता है
(c) उप राष्ट्रपति का चुनाव भारत का राष्ट्रपति करता है
(d) भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या —** भारत में उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा एकल संक्रमणीय हस्तांतरणीय मत पद्धति से आनुपातिक मत प्रणाली द्वारा सम्पन्न होता है। उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में संसद के निर्वाचित एवं मनोनीत दोनों सदस्य भाग लेते हैं।

**28. अगर भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में कोई विवाद है तो उस विवाद को सौंपा जा सकता है—**

(a) भारत के महाधिवक्ता को
(b) संसद को
(c) भारत के सर्वोच्च न्यायालय को
(d) इसमें से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या—**भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन संबंधी विवाद का निर्णय भारत का उच्चतम न्यायालय करेगा। यदि उच्चतम न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति की राष्ट्रपति के रूप में नियुक्ति को अवैध घोषित किया जाता है तो उच्चतम न्यायालय की घोषणा से पूर्व उसके द्वारा किए गए कार्य अवैध नहीं होंगे।

**29. भारतीय संविधान भारत के राष्ट्रपति को अधिकार नहीं देता है—**

(a) प्रधानमंत्री की नियुक्ति का
(b) राज्यों के मुख्यमंत्री की नियुक्ति का
(c) रक्षा बलों का सर्वोच्च कमाण्डर होने का
(d) देश के किसी भाग में आपातकालीन स्थित लागू करने का

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या—**भारतीय संविधान भारत के राष्ट्रपति को राज्यों के मुख्यमंत्री की नियुक्ति का अधिकार नहीं देता है। राज्य के निर्वाचन के पश्चात् सम्बन्धित राज्य का राज्यपाल बहुमत दल के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करता है।

**30. अगर कोई 'धन विधेयक' लोकसभा द्वारा स्वीकृत हो जाय तो राज्य सभा इसे अधिक-से-अधिक रोक सकती है—**

(a) 6 महीने तक (b) 4 महीने तक
(c) 1 महीने तक (d) 14 दिन

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या—**संविधान के अनुच्छेद 109(5) के अनुसार राज्य सभा धन विधेयक को अधिकतम 14 दिनों तक रोक सकती है। 14 दिनों के बाद धन विधेयक स्वतः ही राज्यसभा से पारित मान लिया जाता है।

**31. भारतीय संविधान में संशोधन के लिए विधेयक लाया जा सकता है—**

(a) केवल लोकसभा में
(b) केवल राज्य सभा में
(c) या तो लोकसभा में या राज्य सभा में
(d) भारत के सर्वोच्च न्यायालय में

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या—**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत संविधान में संशोधन का प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों में से किसी में भी लाया जा सकता है। केवल धन तथा वित्त विधेयकों के लिए यह प्रतिबन्ध है कि वे प्रथमतः लोकसभा में ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

**32. निम्नलिखित उच्च न्यायालयों में से कौन एक से अधिक राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश के लिए है?**

(a) इलाहाबाद (b) दिल्ली
(c) गुवाहटी (d) महाराष्ट्र

**उत्तर-(c & d)**

**व्याख्या—** प्रश्नकाल में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में असम, मणिपुर, नागालैण्ड, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश थे। वर्तमान में इसके अधिकार क्षेत्र में असम, नागालैण्ड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश है क्योंकि मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा का अपना स्वतंत्र उच्च न्यायालय स्थापित हो गया है। मुम्बई उच्च न्यायालय (महाराष्ट्र) का अधिकार क्षेत्र भी एक से अधिक राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश तक है। इसके अधीन महाराष्ट्र, गोवा और दमन दीव तथा दादर नगर हवेली हैं।

**33. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्वीकृत क्षमता (Sanctioned Strength) क्या है?**

(a) 24 (b) 20
(c) 18 (d) 9

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या—**1986 के संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की स्वीकृत क्षमता मुख्य न्यायाधीश के साथ 25 थी। इस समय उच्चतम न्यायालय में 34 न्यायाधीश (एक मुख्य न्यायाधीश एवं 33 अन्य न्यायाधीश) है।

**34. भारतीय संविधान के लिए प्रथम संशोधन (Amendment Act) विधेयक लाया गया—**

(a) 1950 में (b) 1951 में
(c) 1955 में (d) 1958 में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या—**भारतीय संविधान के लिए प्रथम संशोधन विधेयक, 1951 में लाया गया। इस संशोधन द्वारा अनुच्छेद 31 क और 31 ख तथा नौवीं अनुसूची को संविधान में शामिल किया गया। इसमें अनुच्छेद 19 – वाक्, अभिव्यक्ति, वृत्ति, जीविका तथा व्यापार करने की स्वतंत्रता पर कुछ प्रतिबन्ध लगाने की भी व्यवस्था की गयी है।

**35. सिक्किम भारत का एक राज्य बनाया गया था?**

(a) 30वें संशोधन के अन्तर्गत (b) 32वें संशोधन के अन्तर्गत
(c) 35वें संशोधन के अन्तर्गत (d) 42वें संशोधन के अन्तर्गत

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या–**भारतीय संविधान के 35वें (संशोधन) अधिनियम, 1974 द्वारा सिक्किम को भारत में 'सहयुक्त राज्य की संज्ञा' प्रदान की गयी किन्तु यह भारत क्षेत्र का राज्य नहीं था। वास्तव में सिक्किम को 36वें संविधान संशोधन अधिनियम 1975 द्वारा 26 अप्रैल, 1975 से भारतीय संघ के 22वें राज्य के रूप में सम्मिलित किया गया।

**36. भारत में पंचायती राज्य की अनुशंसा के लिए बनी समिति के अध्यक्ष थे–**

(a) बलवन्त राय मेहता (b) बी.आर. अम्बेडकर
(c) जस्टिस कृष्ण अय्यर (d) जगजीवन राम

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–**भारत में पंचायती राज की अनुशंसा के लिए बनी समिति के अध्यक्ष बलवन्त राय मेहता थे। बलवन्त राय मेहता समिति की सिफारिशों के अनुरूप सर्वप्रथम राजस्थान विधान सभा ने 2 सितम्बर, 1959 को पंचायती राज अधिनियम पारित किया था तथा इसका विधिवत् उद्घाटन 2 अक्टूबर, 1959 को किया गया था।

**37. सरकार की पंचायती राज प्रणाली की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?**

(a) इनमें सरकार की तीन श्रेणियाँ होती हैं
(b) इसका लक्ष्य गांवों को सामाजिक एवं आर्थिक न्याय प्रदान करना है
(c) जिला-परिषद् में इसके सदस्य के रूप में कुछ सांसद होते हैं
(d) इनमें से सभी सही हैं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**संविधान के 73वें (संशोधन) अधिनियम 1992 द्वारा उपर्युक्त व्यवस्था की गयी है। संविधान में भाग IX जोड़ा गया जिसे पंचायत नाम दिया गया और 11वीं अनुसूची में पंचायत के 29 कार्यात्मक मदें जोड़ी गई।

**38. वर्ष 1992-93 के लिए वित्तीय घाटा प्रदर्शन है लगभग?**

(a) 500 करोड़ रु. (b) 1000 करोड़ रु.
(c) 5000 करोड़ रु. (d) 20000 करोड़ रु.

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**वर्ष 1992-93 के लिए लगभग 5000 करोड़ रु. का वित्तीय घाटा दिखाया गया। वर्ष 2025-26 में राजस्व घाटा 1.5% राजकोषीय घाटा 4.4% एवं प्राथमिक घाटा 0.8% का अनुमान है।

**39. पंचवर्षीय योजना की कौन-सी अवधि सत्य नहीं है?**

(a) प्रथम-1951 से 1956 (b) द्वितीय-1956 से 1961
(c) तृतीय-1961 से 1966 (d) चतुर्थ-1966 से 1971

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–** तीसरी पंचवर्षीय योजना जो कि 1961-66 तक चली, उसके पश्चात् तुरंत ही चौथी पंचवर्षीय योजना शुरू नहीं की जा सकी और 1966 से 1969 के मध्य तीन वार्षिक योजनाएं चलाई गयीं। चौथी पंचवर्षीय योजना 1969 में जाकर ही प्रारम्भ की जा सकी जो कि 1974 तक चली।

**40. भारत सरकार के राजस्व का प्रधान स्रोत है –**

(a) प्रत्यक्ष कर (b) अप्रत्यक्ष कर
(c) घाटा पूर्ति (d) रिजर्व बैंक से उधार लेना

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**भारत सरकार के राजस्व का प्रधान स्रोत अप्रत्यक्ष कर है।

**41. पृथ्वी तक पहुंचने के लिए सूर्य से चला प्रकाश समय लेता है लगभग –**

(a) 8 सेकेण्ड (b) 1 मिनट
(c) 8 मिनट (d) 24 मिनट

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग 8 मिनट समय लगता है। पृथ्वी से सूर्य की दूरी लगभग 14 करोड़ 98 लाख किमी. है जबकि निर्वात में प्रकाश की चाल 3 लाख किमी. प्रति सेकेंड होती है। इस प्रकार सूर्य से पृथ्वी तक प्रकाश पहुँचने में लगभग 500 सेकेंड लगते हैं।

**42. स्टैनलेस स्टील मिश्रधातु है –**

(a) लोहे और ताँबे का (b) लोहे और जस्ते का
(c) लोहे और क्रोमियम का (d) लोहे और ग्रेफाइट का

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** स्टैनलेस स्टील लोहे और क्रोमियम की मिश्र धातु है। इसकी रचना में 72% लोहे का, 17-19% क्रोमियम का तथा 7-9% निकल एवं कार्बन का योगदान होता है।

**43. भौतिक परिवर्तन का एक उदाहरण है –**

(a) हवा में चाँदी के बर्तनों का काला होना
(b) मोमबत्ती का जलना
(c) दूध से दही का बनना
(d) पानी में चीनी का घुलना

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–** पानी में चीनी का घुलना एक भौतिक परिवर्तन है, क्योंकि वाष्पन द्वारा चीनी को पुनः प्राप्त किया जा सकता है। भौतिक परिवर्तन वह परिवर्तन है जिसमें पदार्थ का पूर्व रूप पुनः प्राप्त किया जा सके जबकि रासायनिक परिवर्तन में पदार्थ का पूर्व रूप नहीं प्राप्त किया जा सकता जैसे दूध से दही बन जाने पर दही से किसी भी प्रकार दूध नहीं प्राप्त हो सकता है।

**44. तब कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है जब भाप गुजरती है ऊपर से–**

(a) एल्युमिनियम के (b) ताँबे के
(c) कार्बन के (d) लोहे के

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** जब भाप एल्युमिनियम के ऊपर से गुजरती है तो कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है जबकि ताँबे, लोहे का कार्बन के साथ भाप अभिक्रिया करके ऑक्साइड बनाती है।

45. 'पाश्चुराइजेशन' (Pasteurization) एक प्रक्रिया है जिसमें–
(a) दूध को बहुत कम तापमान पर 24 घंटे तक रखा जाता है
(b) दूध को 8 घंटे तक गर्म किया जाता है
(c) दूध को पहले बहुत देर तक गर्म किया जाता है और एक निश्चित समय में अचानक ठंडा कर लिया जाता है
(d) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**पाश्चुराइजेशन (Pasteurization) वह प्रक्रिया है जिसमें दूध को एक निश्चित ताप पर (निर्जीवीकरण) कीटाणु रहित किया जाता है और साथ ही साथ इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि दुग्ध की खाद्य महत्ता तथा क्रीम लेयर पर कोई प्रभाव न पड़े। पाश्चुरीकृत करने के लिए सामान्य तौर पर दुग्ध 63ºC ताप पर 30 मिनट तक रखकर प्रशीतकों द्वारा 5ºC तक ठण्डा करने पर सभी रोगजनक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं।

**46. एम्फीबिया (Amphibia) बताता है –**
(a) बहुत तेजी से चलने वाली नाव को
(b) केवल जल में ही रह सकने वाले पशुओं को
(c) केवल स्थल पर ही रह सकने वाले पशुओं को
(d) जल एवं स्थल दोनों पर ही रह सकने वाले पशुओं को
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–** एम्फीबिया उभयचर प्राणी होते हैं जो जल एवं थल दोनों पर समान रूप से रह सकते हैं। जैसे मेढक, घड़ियाल आदि।

**47. मलेरिया के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सत्य नहीं है –**
(a) यह परोपजीवी कीट (Insect Parasite) द्वारा पैदा की जाने वाली बीमारी है
(b) यह मच्छरों द्वारा फैलाई जाती है
(c) यह दलदली क्षेत्रों में अधिकतर होती है
(d) इसके इलाज में क्लोरोक्विन का उपयोग होता है
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** मलेरिया प्लास्मोडियम परजीवी के कारण होने वाला एक तीव्र ज्वर बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने से लोगों में फैलती है। मलेरिया के प्रमुख लक्षण तेज बुखार, पसीना, सिर दर्द, थकान, जी मचलाना आदि हैं। यह बीमारी दलदली क्षेत्रों में अधिक फैलती है, इसके इलाज में क्लोरोक्विन का उपयोग होता है।

**48. परमाणु ऊर्जा में भारतीय कार्यक्रम के जनक हैं–**
(a) एस.ए. बोस (b) एच.जे. भाभा
(c) एस. चन्द्रशेखर (d) एस.एस. भटनागर
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** होमी जहांगीर भाभा को भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का जनक माना जाता है। भारत सरकार द्वारा अगस्त, 1948 ई. में परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना की गयी। 1954 ई. में परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) का गठन किया गया।

**49. अंतरिक्ष विज्ञान पर अनुसंधान और विकास का श्रेय जाता है–**
(a) एस.एस. भटनागर को (b) वी.साराभाई को
(c) एस.जेड. कासिम को (d) सी.वी. रमन को
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** अंतरिक्ष विज्ञान पर अनुसंधान और विकास का श्रेय विक्रम साराभाई को जाता है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के तहत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। इन्हें भारतीय 'अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक' के रूप में भी जाना जाता है।

**50. शीघ्रोत्पादी रिएक्टर (Fast Breeder Reactor) है बिजली पैदा करने वाला एक नाभिकीय रिएक्टर, जो बिजली उत्पन्न करता है –**
(a) विगलन प्रक्रिया के द्वारा
(b) सौर सेलों (Solder Cells) की सहायता से
(c) इसके द्वारा इस्तेमाल की गई फुएल सामग्रियों को जलाने और उन्हें पुनः उत्पन्न करने के द्वारा
(d) कठोर जल का शोधक के रूप में उपयोग करके
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**शीघ्रोत्पादी रिएक्टर (fast breeder reactor) है बिजली पैदा करने वाला एक नाभिकीय रिएक्टर, जो बिजली उत्पन्न करता है- इसके द्वारा इस्तेमाल की गई फुएल सामग्रियों को जलाने और उन्हें पुनः उत्पन्न करने के द्वारा। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में परमाणु विखंडन प्रक्रिया के लिए जिस ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है उसे यह रिएक्टर दो बार इस्तेमाल योग्य ईंधन में बदलकर उत्सर्जित करता है। इसमें ईंधन के रूप में प्लूटोनियम और यूरेनियम ऑक्साइड का उपयोग किया जाता है। जिसे 'मॉक्स फ्यूल' कहा जाता है। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में द्रव सोडियम को कूलेंट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

**51. किस भारतीय राज्य में 'कालाजार' बीमारी काफी फैली हुई है?**
(a) पश्चिमी बंगाल (b) बिहार
(c) उड़ीसा (d) उत्तर प्रदेश
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–**बिहार के तराई क्षेत्रों में कालाजार नामक बुखार का व्यापक प्रकोप रहता है। कालाजार नामक यह बीमारी बालू मक्खी (Sand fly) के काटने से होती है जिससे मानव रक्त में लीशमैनिया डोनोवानी नामक परजीवी पहुँच जाता है। यह एक संक्रामक रोग है। इससे प्रभावित अंग अस्थिमज्जा है। इसके प्रमुख लक्षण हैं बार-बार बुखार आना तथा हल्का बुखार हमेशा बना रहना, भूख और वजन में लगातार कमी होना, लीवर का आकार सामान्य से बड़ा हो जाना आदि। यू. एन. ब्रह्मचारी ने इसका उपचार विकसित किया था।

**52. बिहार में साक्षरता का स्तर है लगभग**

(a) 30% (b) 34%
(c) 38% (d) 45%

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या–**बिहार में 1991 की जनगणना के अनुसार साक्षरता दर 38.54% थी। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार राज्य की साक्षरता दर 61.8% है, जिसमें पुरुष साक्षरता 71.2% तथा महिला साक्षरता दर 51.5% है। सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला रोहतास (73.4%) है।

**53. भारत में बिहार की जनसंख्या है–**

(a) सर्वाधिक (b) दूसरा सबसे अधिक
(c) तीसरा सबसे अधिक (d) चौथा सबसे अधिक

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**1991 की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या 86,338,853 थी, जिसका दूसरा स्थान था। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार की कुल जनसंख्या 104099452 है (भारत के कुल जनसंख्या का 8.60% है)। जनसंख्या की दृष्टि से यह भारत का तीसरा राज्य है।

**54. बुतरस बुतरस-घाली, संयुक्त राष्ट्र संघ के नये महासचिव कहां के हैं?**

(a) क्यूबा (b) जिम्बाब्वे
(c) नाइजीरिया (d) मिस्र

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**'संयुक्त राष्ट्र संघ' (UNO) के महासचिव 1992-96 तक बुतरस बुतरस-घाली थे, जो कि मिस्र देश के निवासी थे। संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुटेरस हैं, जो पुर्तगाल के हैं। इन्होंने 1 जनवरी 2017 को अपना कार्यभार संभाला है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिवों की सूची निम्नलिखित है–

| क्र.सं. | महासचिव का नाम | कार्यकाल (अवधि) | संबंधित देश |
|---|---|---|---|
| 1. | त्रिग्वेली | 02-02-1946 से 10-11-1952 | नार्वे |
| 2. | डैग हैमरशोल्ड | 10-04-1953 से 18-09-1961 | स्वीडन |
| 3. | यू थांट | 30-11-1962 से 31-12-1971 | म्यांमार |
| 4. | कुर्त वॉल्डहाइम | 01-01-1972 से 10-12-1981 | पेरू |
| 5. | जेवियर पेरेजडी | 01-01-1982 से 31-12-1991 | पेरू |
| 6. | बुतरस बुतरस-घाली | 01-01-1992 से 31-12-1996 | मिस्र |
| 7. | कोफी अन्नान | 01-01-1997 से 31-12-2006 | घाना |
| 8. | बान की मून | 01-01-2007 से 31-12-2016 | द. कोरिया |
| 9. | एंटोनियो गुटेरेस | 01-01-2017 से वर्तमान | पुर्तगाल |

**55. पूर्व सोवियत संघ का कौन-सा पहला गणराज्य था जिसने अपने को स्वतंत्र घोषित किया?**

(a) रूस (b) एस्टोनिया
(c) लिथूआनिया (d) यूक्रेन

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** 1991 में बोरिस येल्तसिन रूसी गणराज्य के राष्ट्रपति नियुक्त हुए। गोर्वाच्योव के इस्तीफे के साथ ही सोवियत संघ का विघटन हो गया। सबसे पहले लिथुआनिया ने स्वतंत्रता की घोषणा किया फिर एस्टोनिया तथा लाटविया स्वतंत्र हुए। इसके बाद सोवियत संघ 15 राष्ट्रों में बंट गया जिसमें से 11 राष्ट्रों ने मिलकर स्वतंत्र राष्ट्रकुल का गठन किया।

**56. 1992 के प्रारंभ में स्विट्जरलैण्ड का 'डावोस' किस लिए खबरों में था?**

(a) विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) की मेजबानी के लिए
(b) विदेश मंत्रियों की यूरोपीय आर्थिक समुदाय की बैठक की मेजबानी के लिए।
(c) शीतकालीन ओलम्पिक के प्रदर्शन के लिए
(d) भारत सप्ताह आयोजित करने के लिए

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–**1992 के प्रारम्भ में 3 से 4 जनवरी, 1992 तक विश्व आर्थिक मंच की मेजबानी के लिए स्विट्जरलैण्ड में 'डावोस' की बैठक हुई थी। जनवरी 2019 में पॉच दिवसीय विश्व आर्थिक मंच वार्षिक सम्मेलन 2019 का आयोजन डावोस में सम्पन्न हुआ। जिसमें जलवायु परिवर्तन, बढ़ती असमानता और अमेरिका-चीन व्यापार तनाव सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई।

**57. इजराइल और पी.एल.ओ. के बीच प्रथम सीधी बैठक हुई**

(a) वाशिंगटन में (b) मॉस्को में
(c) मैड्रिड में (d) लिस्बन में

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**फिलीस्तीन और इस्राइल में प्रथम सीधी बैठक स्पेन की राजधानी 'मैड्रिड' में 1991-92 में हुई थी। उल्लेखनीय है कि इन वार्ताओं के लिए रूस व विशेष रूप से अमेरिका का सहयोगात्मक रुख रहा। परिणामस्वरूप 13 सितम्बर,1993 को वाशिंगटन में फिलीस्तीन व इस्राइल के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ।

**58. शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए वर्ष 1990 का इंदिरा गांधी पुरस्कार दिया गया है–**

(a) कुर्त्त बाल्दहीम को
(b) चांसलर कोल को
(c) सैमनुजोमा को
(d) नेल्सन मंडेला को

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**इंदिरा गांधी शान्ति, निरस्त्रीकरण व अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव पुरस्कार 1990 सैमनुजोमा को प्रदान किया गया। वर्ष 2024 का इंदिरा गाँधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार चिली की पूर्व राष्ट्रपति और मानवाधिकार कार्यकर्ता मिशेल बेचलेट को दिया गया है।

**59. प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक 'सत्यजीत रे' को हाल ही में निम्नलिखित पुरस्कार मिला है–**

(a) दादा साहेब फाल्के पुरस्कार
(b) सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म पुरस्कार
(c) जीवन भर की उपलब्धियों का विशेष 'ऑस्कर' पुरस्कार
(d) पद्म विभूषण

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक सत्यजीत रे को 1991 में उन्हें जीवन भर की उपलब्धियों के लिए विशेष ऑस्कर पुरस्कार प्रदान किया गया है। इसके पूर्व उन्हें 1984 ई. में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाजा जा चुका था। सत्यजीत रे 1955 में पाथेर पांचाली फिल्म का निर्माण करके विश्व सिनेमा पर छा गये। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपराजितो तथा अपूर संसार जैसी फिल्मों का निर्माण किया।

**60. 1992 के प्रारम्भिक भाग में, जे.के.एल.एफ. खबरों में था–**

(a) एक भारतीय राजनयिक के अपहरण के लिए
(b) भारतीय दूतावास में एक बम रखने के लिए
(c) इस्लामाबाद में प्रदर्शन के लिए
(d) पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को नियंत्रण रेखा पार करने की कोशिश करने के लिए

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या -** 1992 के प्रारम्भ में जे. के. एल. एफ. नेता अमानुल्ला खाँ अपने समर्थकों के साथ कश्मीर की नियंत्रण रेखा पार करना चाहते थे जिन्हें पाकिस्तानी सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था।

**61. हाल ही में बिहार में हुई नरसंहार की घटना, जिसमें लगभग 40 लोग मारे गए, कहाँ हुई–**

(a) गया के निकट (b) पटना के निकट
(c) रांची के निकट (d) भागलपुर के निकट

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 1991 में भागलपुर के निकट एक गाँव में अदिवासियों ने 40 लोगों को इकट्ठे मार दिया। बिहार में भूमि विवाद के कारण ऐसे नरसंहार कई बार हो चुके हैं।

**62. पंजाब विधान सभा के लिए हाल ही में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जीती गई सीटों की संख्या है?**

(a) 10 (b) 8
(c) 6 (d) 3

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** पंजाब विधान सभा में 1991 में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 6 सीटें जीती थीं।

**63. 'उस्ताद जहीरुद्दीन डागर' हाल में खबरों में थे–**

(a) संगीत अकादमी पुरस्कार जीतने के लिए
(b) इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार जीतने के लिए
(c) संयुक्त राष्ट्र संघ में अपने प्रदर्शन के लिए
(d) गणतंत्र दिवस समारोह में अपने प्रदर्शन के लिए

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या –** उस्ताद जहीरुद्दीन डागर को संगीत के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए संगीत अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

**64. भारत ने 1991 को घोषित किया है?**

(a) पर्यावरण बचाओ वर्ष
(b) भारत की यात्रा वर्ष
(c) बालिका शिशु वर्ष
(d) सबके लिए काम वर्ष

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** भारत ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को लुभाने के लिए वर्ष 1991 को 'भारत की यात्रा' वर्ष घोषित किया था। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अतुल्य भारत अभियान 2002 में शुरू किया गया था तथा अतुल्य भारत 2.0 सितम्बर 2017 में शुरू हुआ।

**65. 1992 में घोषित गणतंत्र दिवस के पुरस्कारों में 'भारत रत्न' पुरस्कार दिया गया–**

(a) जे.आर.डी. टाटा को केवल
(b) राजीव गांधी को केवल
(c) सुभाष चन्द्र बोस को केवल
(d) जे.आर.डी. टाटा और सुभाष चन्द्र बोस दोनों को

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–**वर्ष 1992 में घोषित भारत रत्न पुरस्कार मौलाना अबुल कलाम आजाद, जे.आर.डी. टाटा एवं सत्यजीत रे को प्रदान किया गया था। वर्ष 2024 में यह पुरस्कार कर्पूरी ठाकुर, लालकृष्ण आडवानी, पी.वी. नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एम.एस. स्वामीनाथन को प्रदान किया गया।

**66. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष हैं–**

(a) प्रो. यशपाल (b) प्रो. रजनी कोठारी
(c) प्रो. के. एन. खन्ना (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**1992-93 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष डॉ. डी. रामा रेड्डी थे। फरवरी 2022 में केन्द्र सरकार ने प्रो. एम जगदीश कुमार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

**67. 1990 का 'दादा साहेब फाल्के' पुरस्कार दिया गया–**

(a) राजकपूर को (b) सत्यजीत रे को
(c) अशोक कुमार को (d) ए. नागेश्वर राव को

**उत्तर-(d)**

व्याख्या—1990 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार ए. नागेश्वर राव रेड्डी को प्रदान किया गया था। भारतीय सिनेमा के विकास मे योगदान देने वाले फिल्मी हस्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वर्ष 1969 हस्तियों में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार का शुभारंभ किया गया। इस पुरस्कार की प्रथम विजेता देविका रानी (1969) थीं। वर्ष 2024 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिथुन चक्रवर्ती को दिया गया।

**68. रसायन शास्त्र के लिए 1991 का नोबेल पुरस्कार दिया गया—**

(a) इर्विन नेहेर को
(b) बर्ट सैकमैन को
(c) रिचर्ड अर्नेस्ट को
(d) पियारेगिलेस दि जेनेस को

**उत्तर-(c)**

व्याख्या—1991 का रसायनशास्त्र का नोबेल पुरस्कार रिचर्ड अर्नेस्ट को प्रदान किया गया था।

**69. 1992-93 के रेलवे बजट में अतिरिक्त राजस्व में वृद्धि की अनुमान है लगभग —**

(a) 130 करोड़ रु. (b) 2,090 करोड़
(c) 13,000 करोड़ रु. (d) 20,000 करोड़ रु.

**उत्तर-(b)**

व्याख्या— 1992-93 के रेलवे बजट में अतिरिक्त राजस्व में वृद्धि का अनुमान लगभग 2,090 करोड़ रुपये आंका गया था।

**70. वर्ष 1991 का डेविस कप जीता था —**

(a) जर्मनी ने (b) फ्रांस ने
(c) स्वीडन ने (d) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने

**उत्तर-(b)**

व्याख्या— डेविस कप लॉन टेनिस की स्पर्धा है। 1991 का डेविस कप फ्रांस ने जीता था।

**71. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हाल ही में खेली गई क्रिकेट मैच श्रृंखला के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही है?**

(a) पांचवें टेस्ट मैच में रवि शास्त्री ने शतक लगाया
(b) तीसरे टेस्ट मैच में रवि शास्त्री ने दोहरा शतक लगाया
(c) अंतिम टेस्ट मैच में कपिल देव ने शतक लगाया
(d) अंतिम टेस्ट मैच में वेंगसरकर ने शतक लगाया

**उत्तर-(a)**

व्याख्या— 1992 ई. के संदर्भ में विकल्प (a) सही है।

**72. दक्षेस (SAARC) आन्दोलन शुरू करने का उद्देश्य था-**

(a) एक-दूसरे के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना
(b) सैनिक संधि
(c) वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान
(d) क्षेत्रीय सहयोग

**उत्तर-(d)**

व्याख्या—दक्षिण एशिया में एकता व सहयोग के लिए 1985 में ढ़ाका में सार्क (दक्षेस) की स्थापना की गई। सार्क दक्षिण एश्यिा के आठ देशों का संगठन है जिसका पूरा नाम 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन' (SAARC- South Asian Association for Regional Cooperation) है। इसका मुख्यालय काठमांडू (नेपाल) में स्थित है। इसके सदस्य देश हैं– भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव, भूटान व अफगानिस्तान। सार्क आन्दोलन शुरू करने का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग है। इसका अन्य उद्देश्य दक्षिण एशिया के लोगों के कल्याण को बढ़ावा देना और आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास करना है।

**73. मदर टेरेसा के द्वारा स्थापित धर्म संघ कहलाता है?**

(a) सिस्टर्स ऑफ चैरिटी (Sister of Charity)
(b) मिशनरीज ऑफ चैरिटी (Missionaries of Charity)
(c) ऑर्गेनाइजेशन ऑफ लव (Organization of Love)
(d) चैरिटी फॉर ऑल (Charity for All)

**उत्तर-(b)**

व्याख्या— 26 अगस्त, 1910 को मेसेडोनिया (पूर्व युगोस्लाविया) के स्कोप्जे शहर में अल्बानिया के एक भवन निर्माता के घर में जन्मी मदर टेरेसा ने 1950 में सतत् सेवा कार्य की दिशा में 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' की स्थापना व 1952 तथा 1953 में मरणासन्न लोगों के लिए क्रमशः 'निर्मल ह्रदय' व 'प्रथम अनाथालय' की स्थापना की। मदर टेरेसा को वर्ष 1979 में असहायों व गरीबों की सहायता हेतु शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 1980 में उन्हें भारत रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

**74. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है -**

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार की संघीय प्रणाली है
(b) भारत में सरकार की संघीय और एकात्मक (Federal and Unitary) दोनों की प्रणाली है
(c) फ्रांस में सरकार की संघीय प्रणाली है
(d) पाकिस्तान में प्रधानमंत्री की नियुक्ति संघीय वहाँ की जनता के द्वारा होती है

**उत्तर-(a)**

व्याख्या—अमेरिका और जर्मनी में संघात्मक शासन, फ्रांस में एकात्मक शासन एवं ब्रिटेन में संवैधानिक राजतंत्र एवं एकात्मक शासन प्रणाली विद्यमान है। भारत में संघात्मक शासन है किन्तु गंभीर परिस्थितियों में यह एकात्मक भी होता है।

**75. पंचशील की मुख्य विशेषता है?**

(a) निर्गुटता (Non-Alignment)
(b) आर्थिक सहयोग एवं विकास
(c) सांस्कृतिक सम्बन्धों का विकास
(d) देशों के मध्य मित्रता और शांतिपूर्ण अस्तित्व

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**'पंचशील' की मुख्य विशेषता देशों के मध्य मित्रता और शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व का विकास है। चीन के प्रधानमंत्री चाऊ-एन-लाई एवं पं. जवाहर लाल नेहरू के मध्य नई दिल्ली में वार्ता के पश्चात् 29 अप्रैल, 1954 को एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें पांच सिद्धान्त बताए गये। यही पाँच पंचशील सिद्धान्त कहलाता है, जो निम्नलिखित हैं –

(1) एक-दूसरे की प्रादेशिक अखण्डता एवं सम्प्रभुता का आदर,

(2) पारस्परिक अनाक्रमण का आश्वासन,

(3) एक-दूसरे के आन्तरिक मामलों के प्रति तटस्थता,

(4) समानता व पारस्परिक सहयोग,

(5) शांतिपूर्ण सहअस्तित्व।

**76. बछेन्द्रीपाल निम्न क्षेत्र में एक सुपरिचित नाम है–**

(a) खेल-कूद में (b) संगीत में

(c) नृत्य में (d) पर्वतारोहण में

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**बछेन्द्रीपाल एवरेस्ट शिखर पर विजय प्राप्त करने वाली भारत की पहली और विश्व की पांचवीं महिला है। एवरेस्ट शिखर पर दो बार विजय प्राप्त करने वाली विश्व की पहली महिला संतोष यादव हैं।

**77. 'जय जवान, जय किसान' का नारा किसने दिया?**

(a) लाल बहादुर शास्त्री ने (b) सुभाष चन्द्र बोस ने

(c) देवीलाल ने (d) मोरारजी देसाई ने

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** वर्ष 1965 के पाकिस्तानी हमले तथा अमेरिका द्वारा गेहूँ न देने के मंसूबों को देखकर प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने 'जय हिन्द', 'दिल्ली चलो', 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा' जैसे नारे स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान दिए थे।

**78. कौन-से प्रसिद्ध भारतीय 'गुरुदेव' के नाम से जाने जाते थे?**

(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर (b) सी. राजगोपालाचारी

(c) लाला लाजपत राय (d) बी.आर. अम्बेडकर

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–**रवीन्द्र नाथ टैगोर का उपनाम 'गुरूदेव' था, जबकि लाला लाजपत राय पंजाब केशरी तथा सी. राजगोपालाचारी राजाजी या सी. आर. के उपनाम से प्रसिद्ध थे।

**79. द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन का प्रधानमंत्री कौन था–**

(a) क्लीमेण्ट एटली (b) एन्थोनी इडेन

(c) विन्स्टन चर्चिल (d) हेराल्ड विल्सन

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल थे। 1945 में युद्ध की समाप्ति के बाद हुए चुनाव में लेबर पार्टी सत्ता में आयी और क्लीमेंट एटली ब्रिटिश प्रधानमंत्री बने। इन्हीं के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत आजाद हुआ।

**80. ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड (Operation Blackboard) सरकारी योजना है–**

(a) पंजाब में उग्रवाद के आतंक को रोकने के लिए

(b) विद्यालयी शिक्षा के राष्ट्रीय कार्यक्रम को सुधारने के लिए

(c) लड़कियों की विद्यालयी शिक्षा को सुधारने के लिए

(d) वयस्कों को साक्षर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–**'ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड' सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत वर्ष 1986-87 में चलाया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना था।

**81. 'चिपको आंदोलन' है–**

(a) छुआछूत रोकने के लिए आन्दोलन

(b) वृक्षों को बचाने के लिए आन्दोलन

(c) दुग्ध-उत्पादन के लिए एक संघ

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–**चिपकों आंदोलन वृक्षों को बचाने हेतु उत्तर भारत का एक सशक्त पर्यावरणीय आन्दोलन था जिसके जन्मदाता सुन्दर लाल बहुगुणा व चंडी प्रसाद भट्ट थे।

**82. 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ऐन अननोन इण्डियन' (Autobiography of An Unknown Indian) लिखा है–**

(a) नीरद सी. चौधरी ने (b) खुशवन्त सिंह ने

(c) कमला दास ने (d) बलवन्त गार्गी ने

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** नीरद सी. चौधरी ने ऑटोबायोग्राफी ऑफ ऐन अननोन इण्डियन, हिन्दुइज्म, ए पैसेज टू इंग्लैण्ड, काण्टीनेट ऑफ शीर्ष आदि पुस्तकें लिखीं। खुशवंत सिंह ने ट्रेन टू पाकिस्तान, इन्दिरा गाँधी रिटर्न्स, द कम्पनी ऑफ वुमैन आदि पुस्तकों की रचना की।

**83. 'इण्डिया विन्स फ्रीडम' (India Wins Freedom) के लेखक हैं–**

(a) जवाहर लाल नेहरू (b) अबुल कलाम आजाद

(c) सरोजनी नायडू (d) नयनतारा सहगल

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** 'इण्डिया विन्स फ्रीडम' के लेखक अबुल कलाम आजाद हैं। जवाहर लाल नेहरू ने 'द ग्लिम्फसेज ऑफ वर्ड हिस्ट्री', 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' आदि पुस्तकें लिखीं। सरोजिनी नायडू ने 'गोल्डेन थ्रेसहोल्ड', 'ब्रोकेन विंग्स' आदि की रचना की। नयनतारा सहगल ने 'ए वॉयस ऑफ फ्रीडम' की रचना किया।

**84. वह भाषा जो भारत में हिन्दी के बाद वक्ताओं की दूसरी सबसे अधिक संख्या द्वारा बोली जाती है, वह है–**

(a) मराठी (b) तमिल
(c) तेलगू (d) उर्दू

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या–** जनगणना, 2011 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हिन्दी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। उसके बाद बंगाली का दूसरा स्थान है। भारत में मराठी 8.3 करोड़, तेलुगू 8.11 करोड़, तमिल 6.9 करोड़, हिन्दी 52.83 करोड़ तथा बंगाली 9.72 करोड़ लोगों द्वारा बोली जाती है।

**85. यूनेस्को (UNESCO) की कार्य भाषाएँ हैं–**

(a) केवल फ्रेंच (b) केवल अंग्रेजी
(c) अंग्रेजी और फ्रेंच (d) अंग्रेजी, फ्रेंच और रूसी

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र संघ का एक विशेष सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अभिकरण है, जिसका गठन 16 नवम्बर, 1945 को हुआ। इसका मुख्यालय पेरिस में है जिसकी कार्य भाषाएँ अंग्रेजी एवं फ्रेंच है।

**86. 'लाइफ डिवाइन' (Life Divine) नामक पुस्तक के लेखक हैं–**

(a) एस. राधाकृष्णन (b) मुल्कराज आनन्द
(c) अरविन्द घोष (d) स्वामी विवेकानन्द

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**'लाइफ डिवाइन' (Life Divine) 'एस्से ऑन गीता' आदि पुस्तक के लेखक अरविन्द घोष हैं। मुल्कराज आनन्द ने कुली, कानफ्रेंसस ऑफ ए लवर, टू लीव्ज एण्ड ए बड लिखा है। डॉ. एस. राधाकृष्णन ने इण्डियन फिलॉसफी, तथा स्वामी विवेकानन्द ने न्यु हिन्दुइज्म की रचना की।

**87. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?**

(a) भीमसेन जोशी शास्त्रीय गायन संगीत
(b) अल्लारक्खा तबला
(c) देबू चौधरी सितार
(d) एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी बांसुरी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी कर्नाटक संगीत की प्रख्यात गायिका है जिन्हें वर्ष 1998 देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' प्रदान किया गया था। बाँसुरी के विख्यात वादक उस्ताद हरि प्रसाद चौरसिया हैं।

**88. निम्नलिखित पत्रकारों में से 'मैग्सेसे' पुरस्कार प्राप्त करने वाला कौन है?**

(a) खुशवन्त सिंह (b) अरुण शौरी
(c) धर्मवीर भारती (d) कमलेश्वर

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** अरुण शौरी को पत्रकारिता के लिए रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार फिलीपींस के राष्ट्रपति रेमन मैग्सेसे की स्मृति में 1957 ई. में प्रारम्भ किया गया। 1958 ई. में भूदान आन्दोलन के प्रणेता विनोबा भावे को जनसेवा के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया था। वे यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय थे।

**89. विभिन्न राज्य और उनके लोकप्रिय नृत्य इस प्रकार दिए गए हैं–**

A. आंध्र प्रदेश 1. बिहू
B. असम 2. बुर्रा
C. हिमाचल प्रदेश 3. घूमर
D. राजस्थान 4. नटी

**राज्य और नृत्य का शुद्ध मिलान है?**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 2 | 1 |

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** आन्ध्र प्रदेश में बुर्रा, असम में बिहू, राजस्थान में घूमर, हिमाचल प्रदेश में नटी लोकनृत्य का प्रचलन है।

**90. भारत में जन्मे दो अमेरिकी नागरिक, जिन्हें विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मिला है, थे–**

(a) हरगोविन्द खुराना और सी.बी. रमन
(b) एस. चन्द्रशेखरन और वी.वी. रमन
(c) सी.वी.रमन और एस.एन. बोस
(d) हर गोविन्द खुराना और एस. चन्द्रशेखर

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–**हरगोविन्द खुराना और एस. चन्द्रशेखर भारत में जन्में दो अमेरिकी नागरिक हैं जिन्हें विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मिला है। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले भारतीय नागरिक निम्न हैं–

| व्यक्ति | पुरस्कार (विषय) | वर्ष |
|---|---|---|
| रविन्द्र नाथ टैगोर | साहित्य | 1913 |
| सी.वी.रमन | भौतिकी | 1930 |
| मदर टेरेसा | शांति | 1979 |
| अमर्त्य सेन | अर्थशास्त्र | 1998 |
| कैलाश सत्यार्थी | शांति | 2014 |

**भारतीय मूल के विदेशी नागरिक नोबेल पुरस्कार विजेता–**

| व्यक्ति | पुरस्कार (विषय) | वर्ष |
|---|---|---|
| डॉ. हरिगोविन्द खुराना | चिकित्सा | 1968 |
| सुब्रह्मण्यम चन्द्रशेखर | भौतिकी | 1983 |
| वेंकटरमन रामकृष्णन | रसायन विज्ञान | 2009 |
| वी.एस. नायपाल | साहित्य | 2001 |
| अभिजीत बनर्जी | अर्थशास्त्र | 2019 |

**91. 'कलिंग पुरस्कार' दिया जाता है–**
(a) वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए
(b) विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए
(c) सांस्कृतिक समझ की प्रगति के लिए
(d) खेल में असाधारणता के लिए
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** कलिंग पुरस्कार विज्ञान के क्षेत्र में रचनात्मक पत्रकारिता, लेखन तथा सम्पादन के लिए सराहनीय योगदान करने हेतु प्रदान किया जाता है। फ्रांसीसी वैज्ञानिक जीन-पियरे ल्यूमिनेट को 2021 का यूनेस्को कलिंग पुरस्कार प्रदान किया गया।

**92. एक वयस्क भारतीय हाथी का भार लगभग होता है –**
(a) 500 किलोग्राम (b) 1000 किलोग्राम
(c) 5000 किलोग्राम (d) 10000 किलोग्राम
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** एक वयस्क भारतीय हाथी का भार लगभग 5 टन होता है। सबसे भारी थल पशु अफ्रीकी हाथी माना जाता है जिसका औसत वजन 7 टन होता है जबकि सबसे भारी जीव नीली ह्वेल मानी जाती है जिसका औसत आकार 35 मीटर और औसत भार 205 टन होता है।

**93. वैज्ञानिक अलबर्ट आईंस्टीन प्रसिद्ध हैं –**
(a) हाइड्रोजन की परमाणविक संरचना की व्याख्या के लिए
(b) प्रकाश-विद्युत प्रभाव (Photo-electric effect) के लिए
(c) प्रथम नाभिकीय रिएक्टर बनाने के लिए
(d) न्यूट्रॉनों के अस्तित्व की भविष्यवाणी के लिए
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** आइंस्टीन ने 1905 में प्लांक के क्वांटम सिद्धान्त के आधार पर प्रकाश विद्युत प्रभाव की घटना की सफल व्याख्या की। जिस पर उन्हें नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

**94. वैज्ञानिक इवान पावलोव किस क्षेत्र में अपने कार्यों के लिये जाने जाते हैं?**
(a) भौतिकी में (b) गणित में
(c) रसायन शास्त्र में (d) प्रायोगिक मनोविज्ञान में
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**वैज्ञानिक इवान पावलोव प्रायोगिक मनोविज्ञान से सम्बन्धित हैं जिन्होंने जीवों पर अनेक प्रयोग किए हैं। उन्होंने अधिगम के 'शास्त्रीय अनुबंध सिद्धांत' का प्रतिपादन किया। इस सिद्धांत के अनुसार अनुबंध में किसी भी वस्तु अथवा परिस्थिति को उद्दीपन के रूप में लिया जाता है। इस उद्दीपन के कारण अधिगमकर्ता अनुक्रिया प्रकट करता है। उद्दीपन और अनुक्रिया के बीच संबंध ही अनुबंधन है। पावलोव ने अपना प्रयोग कुत्ते की लार ग्रंथि पर किया।

**95. लिम्बा राम ने किस खेल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है?**
(a) तीरंदाजी में (b) तैराकी में
(c) टेबुल टेनिस में (d) लॉन टेनिस में
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** लिम्बाराम ने तीरंदाजी में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है।

**96. किस खेल के लिए थॉमस कप पुरस्कार दिया जाता है?**
(a) टेनिस के लिए (b) फुटबॉल के लिए
(c) गोल्फ के लिए (d) बैडमिण्टन के लिए
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–** थामस कप बैडमिण्टन पुरुष चैम्पियनशिप का नाम है जबकि महिलाओं के लिए उबेर कप का आयोजन होता है।

**97. प्रथम एशियाई खेल हुए थे –**
(a) पेकिंग में (b) टोक्यो में
(c) नई दिल्ली में (d) कोलम्बो में
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** प्रथम एशियाई खेल सन् 1951 में दिल्ली में आयोजित किये गये। 18वां एशियाई खेल इंडोनेशिया के जकार्ता एवं पालेमबांग शहरों में 18 अगस्त से 2 सितम्बर 2018 को सम्पन्न हुआ। इसमें भारत ने कुल 69 (15 स्वर्ण, 24 रजत, 30 कांस्य) पदक जीतकर आठवां स्थान प्राप्त किया। 18वें एशियाई खेल में प्रथम 7 सर्वाधिक स्वर्ण पदक विजेता देश क्रमशः हैं– चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, उज्वेकिस्तान, ईरान व चीन।

**98. संसार का सबसे बड़ा स्टेडियम अवस्थित है –**
(a) ब्राजील में (b) चेकोस्लाविया में
(c) जर्मनी में (d) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–** संसार का सबसे बड़ा स्टेडियम रुंगराडो स्टेडियम है जो कि प्योंगयाँग (उत्तर कोरिया) में स्थित है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम नरेन्द्र मोदी (अहमदाबाद) है जबकि तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम मिशिगन स्टेडियम (यू.एस.ए.) है। प्रश्नानुसार विकल्प (d) सही है।

**99. प्रकाश पादुकोण किस क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं?**
(a) बैडमिण्टन में (b) हॉकी में
(c) फुटबॉल में (d) टेनिस में
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** प्रकाश पादुकोण बैडमिण्टन के प्रसिद्ध पूर्व खिलाड़ी रहे हैं। इन्होंने बैडमिण्टन की ऑल इंग्लैण्ड चैम्पियनशिप जीतकर देश का नाम रोशन किया था।

**100. 'डूरण्ड कप' किस खेल से सम्बन्धित है?**
(a) क्रिकेट से
(b) फुटबॉल से
(c) हॉकी से
(d) टेबुल टेनिस से
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** डूरण्ड कप फुटबाल की प्रतिस्पर्द्धा है। यह भारत का सबसे पुराना फुटबाल आयोजन है। सन् 1988 में सर्वप्रथम डूरंड कप फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन शिमला में हुआ था।

# 39वीं बिहार पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1994
# सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान
## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**1. सिन्धु सभ्यता निम्नलिखित में से किस युग के अन्तर्गत आती है?**
(a) ऐतिहासिक काल (b) प्रागैतिहासिक काल
(c) उत्तर-ऐतिहासिक काल (d) आद्य-ऐतिहासिक काल
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या -** सिन्धु सभ्यता को उसकी लिपि के न पढ़े जा सकने के कारण आद्य ऐतिहासिक काल के अन्तर्गत स्थान दिया गया है। तृतीय कांस्य काल की ताम्र पाषाणिक सभ्यता, रेडियो कार्बन विश्लेषण के आधार पर 2500 ईसा पूर्व में विद्यमान मानी जाती है, किन्तु यह सभ्यता अपने उत्कृष्ट काल में 2350 से 1750 ईसा पूर्व अर्थात् 500 वर्ष तक रही।

**2. बोगजकोई का महत्त्व इसलिए है कि -**
(a) वहां जो अभिलेख प्राप्त हुए हैं, उनमें वैदिक देवी एवं देवताओं का वर्णन मिलता है
(b) मध्य एशिया एवं तिब्बत के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र माना जाता है
(c) वेद के मूल ग्रन्थ की रचना यहीं हुई थी
(d) उपरोक्त में से कोई भी नहीं
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** एशिया माइनर में बोगजकोई नामक स्थान पर लगभग ईसा पूर्व 1400 का संधि पत्र अभिलेख मिला है, इसमें इन्द्र, मित्र, वरुण और नासत्य वैदिक देवताओं के नाम दिए गए हैं।

**3. गायत्री मन्त्र किस पुस्तक में मिलता है?**
(a) उपनिषद (b) भगवद्गीता
(c) ऋग्वेद (d) यजुर्वेद
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** सविता (सूर्य) देवता की स्तुति में रचा गया गायत्री मंत्र ऋग्वेद के तृतीय मंडल में उल्लिखित है। इस मंडल के रचयिता विश्वामित्र हैं। ऋग्वेद आर्यों का प्राचीनतम् और पवित्रतम् ग्रन्थ है। ऋग्वेद में देवताओं की स्तुतियों का उल्लेख है, इसमें 10 मण्डल, 1028 सूक्त तथा 10580 ऋचाएं हैं।

**4. किस काल में अछूत की अवधारणा स्पष्ट रूप से उद्धत हुई?**
(a) ऋग्वैदिक काल में (b) उत्तर वैदिक काल में
(c) उत्तर गुप्तकाल में (d) धर्मशास्त्रों के समय में
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** उत्तर वैदिक काल तक समाज स्पष्ट रूप से चार वर्णों में विभाजित हो चुका था। ये चार वर्ण थे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र। इस काल में वर्ण व्यवस्था कर्म पर आधारित न रहकर जाति पर आधारित हो गयी। उत्तर वैदिक काल में यज्ञोपवीत संस्कार का अधिकार शूद्रों को नहीं था। चाण्डाल अस्पृश्य माने जाने लगे जो नगर के बाहर निवास करते थे।

**5. 800 से 600 ईसा पूर्व का काल किस युग से जुड़ा है?**
(a) ब्राह्मण युग (b) सूत्र युग
(c) रामायण युग (d) महाभारत युग
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** प्राचीन भारतीय इतिहास में 800-600 ई. पू. के बीच का समय मुख्यतः ब्राह्मण युग का समय था। 600 से 300 ई पू का समय सूत्र युग का समय था।

**6. संगम युग में उरैयूर किस लिए विख्यात था?**
(a) मसालों के व्यापार का महत्त्वपूर्ण केन्द्र
(b) कपास के व्यापार का महत्त्वपूर्ण केन्द्र
(c) विदेशी व्यापार का महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र
(d) आन्तरिक व्यापार का महत्त्वपूर्ण केन्द्र
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** संगम काल में उरैयूर सूती वस्त्र एवं कपास के व्यापार के लिए प्रसिद्ध था। उरैयूर नामक स्थान का वर्णन एक अज्ञात लेखक द्वारा रचित `पेरिप्लस ऑफ द इरीथ्रियन सी' में किया गया है।

**7. भागवत् सम्प्रदाय के विकास में किसका योगदान अत्यधिक था?**
(a) पार्थियन (b) हिन्द-यूनानी लोग
(c) कुषाण (d) गुप्त
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या -** भारत में भागवत धर्म (वैष्णव धर्म) का चरमोत्कर्ष चौथी-पांचवीं शताब्दी में गुप्तों के शासन काल में हुआ। वैष्णव धर्म को गुप्त शासकों ने राजधर्म बनाया तथा देवगढ़ (ललितपुर), भितरगाँव (कानपुर) एवं तिगवाँ (जबलपुर म.प्र.) में प्रसिद्ध विष्णु मंदिरों का निर्माण कराया। गुप्त राजाओं ने 'परम भागवत' की उपाधि धारण की तथा अपने सिक्कों में विष्णु के वाहन गरुड़ की आकृति खुदवाई। गुप्तयुग में ही वैष्णव धर्म का प्रचार-प्रसार भारत से बाहर चीन, पूर्वी एशिया, हिन्द चीन, कम्बोडिया, मलाया एवं इण्डोनेशिया तक हुआ।

**8. आजीवक सम्प्रदाय के संस्थापक कौन थे?**
(a) उपालि (b) आनन्द
(c) राहुलभद्र (d) मक्खलिपुत्त गोशाल
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** आजीवक सम्प्रदाय के संस्थापक मक्खलिपुत्त गोशाल थे इनके अनुयायी `आजीवक' के नाम से जाने जाते हैं। इस सम्प्रदाय के लोग कर्म सिद्धान्त एवं मानव प्रयत्न में विश्वास नहीं करते हैं। मक्खलिपुत्त गोशाल महावीर के साथी थे और नियतिवाद और जैन धर्म में उनकी आस्था थी। यह सम्प्रदाय मौर्यकाल में लोकप्रिय हुआ। सम्राट अशोक और उसके पौत्र दशरथ ने बराबर तथा नागार्जुनी पहाड़ियों में आजीवकों के लिए गुहा-विहार बनवाये। आजीवकों का उल्लेख पतंज्जलि ने भी किया है। महावीर से श्रावस्ती में वाद-विवाद के बाद 487 ई.पू. मक्खलिपुत्त गोशाल की मृत्यु हुई थी।

9. उस स्त्रोत का नाम बतलाएं जो प्राचीन भारत के व्यापारिक मार्गों पर मौन है -
(a) संगम साहित्य (b) मिलिन्दपन्हों
(c) जातक कहानियां (d) उपरोक्त सभी
उत्तर-(b)

व्याख्या- मिलिन्दपन्हो एक पालि ग्रंथ है, जिसमें हिन्द-यवन शासक मिनांडर और बौद्ध भिक्षु नागसेन के मध्य वार्तालाप का वर्णन किया गया है। इसमें व्यापारिक मार्गों का उल्लेख नहीं है। जातक ग्रंथ और संगम साहित्य में व्यापारिक मार्गों का विशद उल्लेख प्राप्त होता है।

10. वह स्तम्भ जिसमें अशोक ने स्वयं को मगध का सम्राट बताया है-
(a) मास्की का लघु स्तम्भ (b) रुम्मिनदेई स्तम्भ
(c) कीन स्तम्भ (d) भाब्रू स्तम्भ
उत्तर-(d)

व्याख्या - अशोक ने भाब्रू स्तम्भ अभिलेख में स्वयं को `देवानम् पियदसिनो लाजिनों मागधो' कहा है, जिसका अर्थ देवताओं के प्रियदर्शी राजा मगध हैं। इस अभिलेख के अनुसार अशोक ने बुद्ध द्वारा प्रतिपादित त्रिरत्न अर्थात् बुद्ध, धर्म तथा संघ के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की थी।

11. किस अभिलेख से यह साबित होता है कि चन्द्रगुप्त का प्रभाव पश्चिमी भारत तक फैला हुआ था?
(a) कलिंग अभिलेख
(b) अशोक का गिरनार अभिलेख
(c) रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख
(d) अशोक का सोपरा अभिलेख
उत्तर-(c)

व्याख्या - रुद्रदामन के जूनागढ़ अभिलेख से यह विदित होता है कि वहां पर चन्द्रगुप्त मौर्य का प्रभाव था। उसी के अभिलेख से पता चलता है कि चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने राज्यपाल पुष्यगुप्त वैश्य की सहायता से यहां पर सुदर्शन झील का निर्माण कराया था।

12. किस शासक वंश ने मंदिरों एवं ब्राह्मणों को सबसे अधिक ग्राम अनुदान में दिया था?
(a) गुप्तवंश (b) पाल वंश
(c) राष्ट्रकूट (d) प्रतिहार
उत्तर-(a)

व्याख्या– गुप्त वंशीय शासकों का समय ब्राह्मण धर्म व हिन्दू धर्म के पुनरुत्थान का समय माना जाता है, हिन्दू धर्म की विकास यात्रा के इस चरण में कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन दृष्टिगोचर हुए जैसे - मूर्तिपूजा हिन्दू धर्म का सामान्य लक्षण बन गयी, यज्ञ का स्थान उपासना ने ले लिया एवं गुप्तकाल में ही वैष्णव एवं शैव धर्म के मध्य समन्वय स्थापित हुआ। ईश्वर भक्ति को महत्व दिया गया। तत्कालीन महत्वपूर्ण सम्प्रदाय के रूप में वैष्णव एवं शैव सम्प्रदाय प्रचलन में थे। वैष्णव धर्म गुप्त शासकों का धर्म था। अनेक गुप्त राजाओं ने 'परमभागवत' की उपाधि धारण की और इन राजाओं ने अपनी राजाज्ञाएं गरुड़ध्वज में अंकित करवायी। चन्द्रगुप्त द्वितीय एवं समुद्र गुप्त द्वारा जारी किये गये सिक्कों पर विष्णु के वाहन गरुड़ की आकृति खुदी मिली है।

13. भारत में मोहम्मद गोरी ने किसको प्रथम अक्ता प्रदान किया था?
(a) ताजुद्दीन यल्दौज (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) शम्सुद्दीन इल्तुतमिश (d) नासिरुद्दीन कुबाचा
उत्तर-(b)

व्याख्या- शिहाबुद्दीन उर्फ मुईजुद्दीन मुहम्मद गोरी ने भारत में तुर्क राज्य की स्थापना की। 1205 ई. में मुहम्मद गोरी पुनः भारत आया और इस बार इसका मुकाबला खोखरों से हुआ। इसने खोखरों को पराजित कर बुरी तरह नरसंहार कराया। मुहम्मद गोरी की मृत्यु के बाद चूंकि इसका कोई अपना पुत्र नहीं था, इसलिए लाहौर की जनता ने मुहम्मद गोरी के प्रतिनिधि कुतुबुद्दीन ऐबक को लाहौर पर शासन करने का निमंत्रण दिया। ऐबक ने लाहौर पहुंच कर जून 1206 ई. में अपना राज्याभिषेक करवाया। सिंहासनारूढ़ होने के समय ऐबक ने अपने को मलिक एवं सिपहसालार की पदवी से सन्तुष्ट रखा। इसने अपने नाम से न तो कोई सिक्का जारी करवाया और न कभी खुतबे पढ़वाए।

14. किस सुल्तान के काल में खालसा भूमि अधिक पैमाने पर विकसित हुई?
(a) गयासुद्दीन बलबन (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मोहम्मद बिन तुगलक (d) फिरोजशाह तुगलक
उत्तर-(b)

व्याख्या- अलाउद्दीन खिलजी के काल में खालसा भूमि अधिक पैमाने पर विकसित हुई। अलाउद्दीन खिलजी ने राजस्व सुधारों के अन्तर्गत सर्वप्रथम मिल्क, इनाम एवं वक्फ के अन्तर्गत दी गई भूमि को वापस लेकर उसे खालसा भूमि में (वह भूमि जो राजा के प्रत्यक्ष नियंत्रण में होती थी) बदल दिया साथ ही मुकदमों, खूतों एवं चौधरी के विशेष अधिकार वापस ले लिये। इसने समस्त पैदावार का पचास प्रतिशत भू-राजस्व (खराज) के रूप में लेना निश्चित किया। अलाउद्दीन प्रथम सुल्तान था जिसने भूमि की पैमाइश कराकर (मसाहत) भूमि की वास्तविक आय पर लगान लेना निश्चित किया। अलाउद्दीन ने भूमि के एक बिस्वा को एक इकाई माना। सुल्तान लगान को अन्न में वसूलने को महत्व देता था। अलाउद्दीन द्वारा लगाये गये दो नवीन कर थे - चराईकर, जो दुधारू पशुओं पर लगाया जाता था और घरीकर, जो घरों पर लगाया जाता था।

15. सल्तनतकाल के सिक्के, टंका, शशगनी एवं जीतल किन धातुओं के बने थे?
(a) चांदी, तांबा (b) सोना, चांदी, तांबा
(c) चांदी, जस्ता, तांबा (d) सोना, जस्ता, तांबा
उत्तर-(a)

व्याख्या- इल्तुतमिश पहला तुर्क सुल्तान था जिसने शुद्ध अरबी सिक्के चलवाये। इसने सल्तनतकालीन दो महत्वपूर्ण सिक्के चांदी का टंका (लगभग 175 ग्रेन) तथा तांबे का जीतल चलवाया। फिरोजशाह तुगलक ने अद्धा (1/2) और बिख नामक सिक्के तथा शशगनी (6 जीतल) नामक चांदी का सिक्का चलाया।

16. 'बारहमासा' की रचना किसने की थी?
(a) अमीर खुसरो (b) इसामी
(c) मलिक मोहम्मद जायसी (d) रसखान
उत्तर-(c)

व्याख्या-मलिक मुहम्मद जायसी ने **'पद्मावत'** में रानी पद्मावती के विरह वियोग का वर्णन 'बारहमासा' के रूप में किया है।

**17. जवाबित का सम्बन्ध किससे था?**

(a) राज्य कानून से
(b) मनसब प्रणाली का नियंत्रण करने वाले कानून से
(c) टकसाल से सम्बन्धित कानून से
(d) कृषि सम्बन्धित कर से

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** जवाबित का आशय राज्य के कानून (लॉ ऑफ स्टेट) से है। जब कोई शासक देश, काल, परिस्थिति के अनुसार प्रशासनिक सुविधाओं के लिए कोई कानून बनाता है, तो वह कानून जवाबित कहलाता है।

**18. विजयनगर साम्राज्य की वित्तीय व्यवस्था की मुख्य विशेषता क्या थी?**

(a) अधिशेष लगान (b) भू-राजस्व
(c) बन्दरगाहों से आमदनी (d) मुद्रा प्रणाली

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** विजयनगर का शाब्दिक अर्थ है - जीत का शहर। प्रायः इस नगर को मध्य युग का प्रथम हिन्दू साम्राज्य माना जाता है। 14वीं शताब्दी में उत्पन्न विजयनगर साम्राज्य को मध्ययुग और आधुनिक औपनिवेशिक काल के बीच का संक्रमण काल कहा जाता है। विजय नगर साम्राज्य का नाम तुंगभद्रा नदी के दक्षिणी किनारे पर स्थित इसकी राजधानी के नाम पर पड़ा। विजयनगर साम्राज्य में चार राजवंशों का नाम है - संगम वंश, सालुव वंश, तुलुव वंश, आरविंडु वंश। विजयनगर साम्राज्य की आय के प्रमुख स्रोत थे- लगान, सम्पत्तिकर, व्यावसायिक कर, उद्योगों पर कर, सिंचाई कर, चारागाह कर, उद्यान कर एवं अनेक प्रकार के अर्थ दण्ड।

**19. ईरान के शाह और मुगल शासकों के बीच झगड़े की जड़ क्या थी?**

(a) काबुल (b) कन्धार
(c) कुन्दूज (d) गजनी

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** ईरान के शाह और मुगल शासकों के बीच झगड़े की जड़ कन्धार था। जहांगीर ने ईरान से भारत का सिंहद्वार कहे जाने वाले तथा व्यापार एवं सैनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रान्त कन्धार को जीता था। लेकिन 1621 ई. में ईरान के शाह अब्बास ने इसे युद्ध द्वारा जीत लिया। 1622 ई. में खुर्रम (शाहजहां) के विद्रोह के कारण जहांगीर के समय ही कन्धार मुगलों के हाथ से निकल गया।

**20. दु-अस्पा, सिह-अस्पा प्रथा किसने शुरू की थी?**

(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहां (d) औरंगजेब

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** दु-अस्पा, सिह-अस्पा प्रथा जहांगीर द्वारा शुरू की गई। मनसबदारी व्यवस्था की शुरूआत 1575 में अकबर ने की थी। मनसबदार के साथ 1594-95 ई. से सवार का पद भी जुड़ने लगा। इस तरह अकबर के शासन काल में मनसबदारी प्रथा कई चरणों से गुजरकर उत्कर्ष पर पहुंची। जहांगीर ने मनसबदारी व्यवस्था में कुछ परिवर्तन करते हुए सवार पद में दु-अस्पा एवं सिह अस्पा की व्यवस्था की। दु-अस्पा में मनसबदारों को निर्धारित संख्या में घुड़सवारों के साथ उतने ही कोतल (अतिरिक्त) घोड़े रखने होते थे जबकि सिंह-अस्पा में मनसबदारों को दुगुने कोतल घोड़े रखने पड़ने थे। शाहजहां ने अपने शासन काल में मनसबदारी व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उन मनसबदारों के लिए नियम बनाया, जो अपने पद की तुलना में घुड़सवारों की संख्या कम रखते थे। औरंगजेब के समय में सक्षम मनसबदारों के किसी महत्वपूर्ण पद पर जैसे फौजदार या किलेदार आदि पद पर नियुक्त या फिर किसी महत्वपूर्ण अभियान पर जाते समय उसके सवार पद में अतिरिक्त वृद्धि का एक और माध्यम निकाला गया, जिसे 'मसाहत' कहा गया।

**21. जब्ती प्रणाली किसकी उपज थी?**

(a) ग्यासुद्दीन तुगलक (b) सिकन्दर लोदी
(c) शेरशाह (d) अकबर

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** जब्ती प्रणाली की शुरूआत टोडरमल ने किया था। अकबर के शासनकाल के 24वें वर्ष लगभग 1580 ई. में टोडरमल ने खालसा भूमि पर भू-राजस्व की नवीन प्रणाली, जिसका नाम जब्ती था को प्रारम्भ किया। इस प्रणाली में भूमि की पैमाइश एवं खेतों की मूल वास्तविक पैदावार को आंकने के आधार पर कर की दरों को निर्धारित किया जाता था। यह प्रणाली बिहार, लाहौर, इलाहाबाद, मुल्तान, दिल्ली, अवध, मालवा एवं गुजरात में प्रचलित थी, इसमें कर निर्धारण की दो श्रेणी थी एक को तखशीस अर्थात् कर निर्धारण कहते थे दूसरे को तहसीन या वास्तविक वसूली कहते थे। लगान निर्धारण के समय राजस्व अधिकारी द्वारा लिखे गये पत्र को 'पट्टा', 'कौल' या कौलकार कहा जाता था।

**22. पानीपत के युद्ध में बाबर की जीत का मुख्य कारण क्या था?**

(a) उसकी घुड़सवार सेना (b) उसकी सैन्य कुशलता
(c) तुलुगमा प्रथा (d) अफगानों की आपस फूट

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** पानीपत के युद्ध में बाबर की जीत का मुख्य कारण तुलुगमा युद्ध नीति थी। यह युद्ध दिल्ली के सुल्तान इब्राहीम लोदी एवं बाबर के मध्य लड़ा गया। 12 अप्रैल 1526 ई. को दोनों सेनाएं पानीपत के मैदान में आमने-सामने हुई पर दोनों के मध्य युद्ध का आरम्भ 21 अप्रैल को हुआ। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध का निर्णय दोपहर तक ही हो गया। युद्ध में इब्राहीम लोदी बुरी तरह परास्त होने के साथ ही मार दिया गया। बाबर ने अपनी आत्मकथा 'बाबर नामा' में इस युद्ध को जीतने में मात्र 12000 सैनिकों के उपयोग का जिक्र किया है। इस युद्ध में बाबर ने पहली बार तुलुगमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया। पानीपत के युद्ध में ही बाबर ने अपने दो प्रसिद्ध निशानेबाज उस्ताद अली एवं मुस्तफा की सेवाएं ली।

**23. सरंजामी प्रथा किससे सम्बन्धित थी?**

(a) मराठा भू-राजस्व प्रथा (b) तालुकदारी प्रथा
(c) कुतुबशाही प्रशासन (d) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** सरंजामी व्यवस्था मराठा भूराजस्व प्रथा से संबंधित है। मराठा वतनदारों (जागीरदारों) को सरंजामी भूमि उनके सिविल और सैन्य सेना के लिए प्रदान की जाती थी।

**24. भारत में 1612 ई. में अंग्रेजों ने अपनी पहली फैक्ट्री कहां स्थापित की थी?**

(a) गोवा (b) बंगाल में हुगली
(c) आरकोट (d) सूरत

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या–** अंग्रेजों ने भारत में अपनी पहली अस्थायी फैक्टरी 1611 ई. में मसूलीपट्टनम में स्थापित की। वर्ष 1613 ई. में सूरत में अपनी स्थायी फैक्टरी की स्थापना की। इस समय भारत का सम्राट मुगलशासक जहांगीर था।

**25. महाराष्ट्र में रामोसी कृषक जत्था किसने स्थापित किया था?**

(a) न्यायमूर्ति रानाडे (b) गोपालकृष्ण गोखले

(c) वासुदेव बलवन्त फड़के (d) ज्योतिबा फुले

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** महाराष्ट्र में रामोसी कृषक जत्था को वासुदेव बलवन्त फड़के ने 1879 ई. में स्थापित किया। रामोसी किसानों ने जमींदारों के अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह किया।

**26. अवध के एका आन्दोलन का उद्देश्य क्या था?**

(a) सरकार को लगान देना बन्द करना

(b) जमींदारों के अधिकारों की रक्षा करना

(c) सत्याग्रह की समाप्ति

(d) खरीफ और रबी के समय सरकार को लगान बराबर देना

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** अवध का एका आन्दोलन सन् 1920 ई. में मदारी पासी के नेतृत्व में लगान में बढ़ोत्तरी के विरुद्ध हुआ था जो अवध के बाराबंकी, हरदोई, बहराइच, सीतापुर इत्यादि क्षेत्रों में विस्तृत था। इस आन्दोलन में छोटे जमींदार भी शामिल हुए थे। इस समय लगान की दर 50% से अधिक पहुंच गयी थी। चूंकि इस आन्दोलन के नेतृत्वकर्ता पिछड़ी जाति के मदारी पासी एवं कुछ ऐसे नेताओं ने किया, जो कांग्रेस या खिलाफत नेताओं के आन्दोलन के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध नहीं थे। परिणामतः इस आन्दोलन से राष्ट्रवादी नेता अलग-थलग पड़ गए। सरकार ने मार्च 1922 तक इस आन्दोलन को कुचल दिया। एका आन्दोलन अन्य किसान आन्दोलनों से अलग था, क्योंकि इसमें काश्तकारों के साथ-साथ छोटे जमींदार भी शामिल थे।

**27. `नाई-धोबी बन्द' सामाजिक बायकाट का एक स्वरूप था, जो सन् 1919 में -**

(a) किसानों द्वारा प्रतापगढ़ जिले में चलाया गया था।

(b) साधुओं द्वारा चलाया गया आन्दोलन जिससे निम्न जाति के लोगों का उद्धार हो सके

(c) जमींदारों द्वारा गांव की निम्न जाति के विरुद्ध चलाया गया कदम

(d) निम्न जाति द्वारा ठेकेदारों के विरुद्ध चलाया गया आन्दोलन

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** 'नाई-धोबी बंद' आंदोलन के तहत जमीदारों तथा तालुकेदारों का सामाजिक बहिष्कार किया गया। यह आंदोलन किसानों द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में चलाया गया था।

**28. 1878 ई. का वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट किसने रद्द कर दिया था?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड लिटन

(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड मिण्टो

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** 1878 ई. का `वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट' लॉर्ड रिपन ने 1882 ई. में रद्द कर दिया। 1878 ई. में लिटन ने वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम पारित कर भारतीय समाचार पत्रों पर कठोर प्रतिबन्ध लगा दिया था। इस एक्ट के अन्तर्गत अनुचित प्रकाशन को रोकने के लिए मजिस्ट्रेटों को व्यापक अधिकार मिल गया था।

**29. अपनी किस कार्यकारिणी कमेटी में कांग्रेस ने भू-स्वामित्व को समाप्त करने की नीति अपनाई?**

(a) कार्यकारिणी कमेटी, 1937 ई.

(b) कार्यकारिणी कमेटी, 1942 ई.

(c) कार्यकारिणी कमेटी, 1945 ई.

(d) कार्यकारिणी कमेटी, 1946 ई.

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** 1937 ई. की कांग्रेस सरकार ने चुनाव अभियान के दौरान कृषि में सुधार करने का आश्वासन दिया था। इसी के चलते कांग्रेस कार्यकारिणी ने भू-सुधारों हेतु व्यापक रणनीति तैयार की और कांग्रेस शासित राज्यों में कृषकों के व्यापक हित में कास्तकारी अधिनियम पारित किये गये। संयुक्त प्रांत में 1939 ई. में तथा बिहार एवं उड़ीसा में 1938 ई. में नये काश्तकारी कानून पारित हुए।

**30. अमेरिका में `फ्री हिन्दुस्तान' अखबार किसने शुरू किया था?**

(a) रामनाथ पुरी (b) जी. डी. कुमार

(c) लाल हरदयाल (d) तारकनाथ दास

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** तारकनाथ दास ने बैंकुवर में 'फ्री हिन्दुस्तान' अखबार शुरू किया। सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) में तारकनाथ दास, रामनाथपुरी और पांडुरंग खान ने 1907 में 'हिन्दुस्तान ऐसोसिएशन' की स्थापना की। इस संगठन ने उर्दू में 'सर्कुलर-ए-आजादी' नामक पत्रिका निकाली। इस पत्रिका के बंद होने के पश्चात तारकनाथ दास ने बैंकूवर से 'फ्री हिन्दुस्तान' नामक इंग्लिश मासिक अखबार का प्रकाशन किया।

**31. गदर क्रान्ति छिड़ने का सबसे महत्त्वपूर्ण कारण क्या था?**

(a) लाला हरदयाल की गिरफ्तारी

(b) कामागाटामारू घटना

(c) प्रथम महायुद्ध का शुरू होना

(d) करतार सिंह सरभा को फांसी

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** गदर क्रान्ति छिड़ने का सबसे महत्वपूर्ण कारण प्रथम विश्वयुद्ध का शुरू होना था। विश्वयुद्ध के शुरू होने पर गदर पार्टी के नेताओं ने भारत वापस आकर विद्रोह को योजनाबद्ध तरीके से चलाने का फैसला किया। गदर पार्टी ने पहली बार गुरिल्ला पद्धति के द्वारा भारत को स्वतंत्र करने की योजना बनायी। कामागाटामारू घटना का इस्तेमाल गदर पार्टी के सदस्यों ने ब्रिटेन-विरोधी भावनायें जगाने के लिए इस्तेमाल किया।

**32. किस अधिवेशन में होमरूल समर्थक अपनी राजनीतिक शक्ति का सफलतापूर्वक प्रदर्शन कर सके?**

(a) कांग्रेस के सन् 1916 के लखनऊ अधिवेशन में

(b) सन् 1920 के बम्बई में होने वाले ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन अधिवेशन में

(c) सन् 1918 में होने वाले प्रथम ए. यू. पी. किसान सभा में

(d) सन् 1938 में नागपुर की संयुक्त ए. आई. टी. यू. सी. और ए. एफ. टी. यू. सभा में

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** कांग्रेस के 1916 के लखनऊ अधिवेशन में होमरूल समर्थकों का बोलबाला रहा और उन्हीं के सद्-प्रयासों से कांग्रेस के दोनों दलों (नरम, गरम) एवं मुस्लिम लीग के मध्य सहमति के बिन्दु ढूढ़े जा सकें। 1916 के लखनऊ पैक्ट में होमरूल नेताओं एनीबेसेंट एवं तिलक ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**33. सन् 1920 ई. की खिलाफत कमेटी की सभा, जिसने गांधीजी को असहयोग आन्दोलन के नेतृत्व को सम्भालने का अनुरोध किया था, वह किस शहर में हुई थी?**

(a) लखनऊ (b) लाहौर
(c) इलाहाबाद (d) कराची

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** गांधी जी ने 1920 में खिलाफत कमेटी को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ असहयोग आंदोलन प्रारम्भ करने की सलाह दी। 9 जून, 1920 को खिलाफत कमेटी ने इलाहाबाद में इस सलाह को स्वीकार किया और गांधी जी को आंदोलन की अगुवायी करने का अधिकार सौंपा।

**34. सन् 1917-18 ई. में अहमदाबाद में गांधी जी द्वारा चलाए गए सत्याग्रह में किसने हिस्सा लिया था?**

(a) कृषक वर्ग (b) औद्योगिक कर्मी
(c) जनता (d) मजदूर

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** 1917 में चंपारण सत्याग्रह की सफलता के बाद महात्मा गांधी ने 1918 में अहमदाबाद की एक सूती मिल में चल रहे मजदूरों और मालिकों के विवाद में हस्तक्षेप किया। यह विवाद बोनस बढाने को लेकर था, जो प्लेग महामारी के समय दिया जा रहा था। जब प्लेग का प्रकोप कम हुआ, तो मिल मालिक बोनस घटना चाहते थे।

गांधीजी ने उत्पादन लागत, मुनाफा, और मजदूरों के जीवन-निर्वाह खर्च का गहराई से अध्ययन किया और निष्कर्ष निकाला कि मजदूरों को 35% बोनस मिलना चाहिए। मिल मालिकों द्वारा गाठित ट्रिब्यूनल ने गांधीजी की बात को स्वीकार कर लिया और हड़ताल समाप्त हुई।

यह गांधीजी का भारत में दूसरा सफल सत्याग्रह आंदोलन था, जिसमें उन्होंने मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण ढंग से संघर्ष किया।

**35. आई. एन. ए. किसके दिमाग की उपज थी और किसने इसकी स्थापना की?**

(a) सुभाषचन्द्र बोस (b) कैप्टन मोहन सिंह
(c) चन्द्रशेखर (d) भगत सिंह

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**आजाद हिन्द फौज (INA) की योजना कैप्टन मोहन सिंह के मन में आयी। वे आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सेनापति भी थे। जापानी सेना के अफसर मेजर फूजीहारा तथा सिख साधु ज्ञानी प्रीतम सिंह की सलाह पर मोहन सिंह ने सिंगापुर कब्जे के बाद बन्दी बनाए गए 40,000 युद्धबन्दियों को लेकर आजाद हिन्द फौज की स्थापना की। जिसका उद्देश्य भारत को मुक्ति दिलाना था। पुनः रासबिहारी बोस के नेतृत्व में मार्च, 1942 ई. में टोकियो के सम्मेलन में अप्रवासी भारतीयों द्वारा 'इण्डिया इण्डिपेन्डेन्स लीग' की स्थापना की गई। पुनः 4 जुलाई, 1943 ई. को रासबिहारी बोस ने आजाद हिन्द फौज तथा इण्डिया इण्डिपेन्डेन्स लीग के नेतृत्व का भार सुभाषचन्द्र बोस को सौंप दिया।

**36. `इण्डियन अनरेस्ट' का लेखक कौन था?**

(a) दादाभाई नौरोजी (b) एनी बेसेन्ट
(c) लाल लाजपत राय (d) वेलेन्टाइन शिरोल

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** `इंडियन अनरेस्ट' का लेखक वेलेन्टाइन शिरोल था। इसने अपनी पुस्तक में तिलक को `भारतीय अशान्ति का जन्मदाता' की संज्ञा दी है। दादा भाई नौरोजी ने 'पावर्टी एंड अन- ब्रिटिश रूल इन इंडिया' एनीबेसेंट ने 'न्यू इंडिया', लाला लाजपत राय ने 'यंग इंडिया', अनहैप्पी 'हैप्पी इंडिया', 'इंग्लैण्ड डेब्ट टू इंडिया' पुस्तक का प्रकाशन किया।

**37. `शिवालिक शैल' समूह के दक्षिण में भाबर क्षेत्र उदाहरण है-**

(a) मध्य भूमि स्थिति का (b) अन्तरा पर्वतीय स्थिति का
(c) गिरिपाद की स्थिति का (d) अनुसमुद्री स्थिति का

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** शिवालिक शैल समूह के दक्षिण में भावर क्षेत्र गिरिपाद की स्थिति का उदाहरण है। भाबर प्रदेश शिवालिक के गिरिपाद प्रदेश में सिन्धु नदी से तिस्ता नदी तक पाया जाता है। यह 8 से 16 किमी चौड़ाई वाली संकरी पट्टी के रूप में स्थित गिरिपाद पर स्थित होने के कारण इस क्षेत्र में नदियां बड़ी मात्रा में भारी पत्थर-कंकड़ बजरी आदि लाकर जमा कर देती है जिससे पारगम्य चट्टानों का निर्माण होता है। अतः इस क्षेत्र में पहुंचकर अनेक छोटी-छोटी नदियां भूमिगत होकर अदृश्य हो जाती है। तराई प्रदेश भाबर के दक्षिण में मैदान का वह भाग है जहां भाबर की लुप्त नदियां फिर से भूतल पर प्रकट हो जाती है। बांगर प्रदेश वह ऊंचा भाग है जहां नदियों की बाढ़ का जल नहीं पहुंचता। यह पुरानी जलोढ़ मिट्टी का बना हुआ होता है। खादर प्रदेश वह नीचा भाग है जहां नदियों की बाढ़ का जल प्रति वर्ष पहुंचता है प्रति वर्ष नदियों की बाढ़ का जल नवीन मिट्टी लाकर यहां पर बिछा देता है इसलिए नवीन जलोढ़ द्वारा खादर निर्मित होता है।

**38. द्वीपों का समूह लक्षद्वीप -**

(a) प्रवाल उत्पत्ति का है (b) ज्वालामुखीय उत्पत्ति का है
(c) मृदा निक्षेपण का है (d) उपरोक्त में कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप प्रवाल द्वीपों का एक समूह है। यह क्षेत्र उन द्वीपों का समूह है जिसमें 12 प्रवाल द्वीप, 13 प्रवाल भित्ति और जलमग्न बालू के तट शामिल हैं। इसमें केवल 10 द्वीपों पर ही लोग निवास करते हैं। सन् 1956 ई. में लक्षद्वीप को केन्द्रशासित प्रदेश के रूप में स्थापित किया गया। सन् 1973 ई. में लक्का द्वीप, मिनीकाय और अमीन द्वीप समूहों को मिलाकर लक्षद्वीप कर दिया गया।

**39. भारत विस्तृत है -**

(a) $37^{o}$ 17' 35" उत्तर तथा $8^{o}$ 6' 28" दक्षिण के बीच
(b) $37^{o}$ 17' 53" उत्तर तथा $8^{o}$ 4' 28" दक्षिण के बीच
(c) $37^{o}$ 17' 53" उत्तर तथा $8^{o}$ 28' उत्तर के बीच
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** भारत $8^{o}$ 4' उत्तरी अक्षांश से $37^{o}$ 6' उत्तरी अक्षांश तथा $68^{o}$ 7' पूर्वी देशान्तर से $97^{o}$ 25' पूर्वी देशान्तर तक फैला हुआ है। इसका अक्षांशीय तथा देशांतरीय विस्तार लगभग $30^{o}$ है। भारत की मुख्य भूमि से दूर अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह का दक्षिणतम बिन्दु इन्दिरा प्वाइंट $6^{o}$ 45' उत्तरी अक्षांश पर स्थित है। कश्मीर से

कन्याकुमारी तक उत्तर-दक्षिण दिशा की लम्बाई 3,214 किमी. है। जबकि कच्छ के रन से अरूणाचल प्रदेश तक पूर्व-पश्चिम दिशा में इसकी चौड़ाई 2,933 किमी. है भारत का अक्षांशीय विस्तार विषुवत रेखा से उत्तरी ध्रुव की कोणात्मक दूरी का एक तिहाई भाग तथा इसका देशान्तरीय विस्तार विषुवत रेखा के बारहवें भाग के बराबर है।

**40. भारत का क्षेत्रफल संसार के क्षेत्रफल का 2.2% है, परन्तु इसकी-**

(a) सम्पूर्ण मानव जाति की 16% जनसंख्या है
(b) सम्पूर्ण मानव जाति की 17% जनसंख्या है
(c) सम्पूर्ण मानव जाति की 18% जनसंख्या है
(d) सम्पूर्ण मानव जाति की 28% जनसंख्या है

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भारत का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी. है, जो विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2·4% है। भारत का क्षेत्रफल के आधार पर विश्व में सातवां स्थान है, जो इस प्रकार है - 1. रूस, 2. कनाडा, 3. चीन, 4. संयुक्त राज्य अमेरिका, 5. ब्राजील, 6. ऑस्ट्रेलिया, 7. भारत, 8. अर्जेन्टीना। जनगणना 2011 के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1210854977 (1.2 बिलियन) है, जो विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5 प्रतिशत है। जनसंख्या के आधार पर भारत का विश्व में दूसरा स्थान है। 1. चीन, 2. भारत, 3. संयुक्त राज्य अमेरिका, 4. इण्डोनेशिया, 5. ब्राजील।

**41. तिब्बत में मानसरोवर झील के पास नदी का स्रोत है, वह है-**

(a) ब्रह्मपुत्र (b) सतलज
(c) सिन्धु (d) उपरोक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** सिन्धु नदी का स्रोत तिब्बत में मानसरोवर झील के निकट है, अपने स्रोत से उत्तर पश्चिम दिशा में लगभग 320 किमी. की दूरी तक बहने के बाद यह नदी लद्दाख के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करती है । सतलज नदी का उद्‌गम स्थान तिब्बत में कैलाश पर्वत के दक्षिण में स्थित मानसरोवर झील के समीप राकस ताल है यह समुद्र तल से 4630 मीटर ऊंचा है। राक्षस ताल से निकलकर यह नदी पश्चिमी दिशा में प्रवाहित होती है और शिपकीला दर्रे के निकट हिमालय में संकरी घाटी बनाकर भारत में प्रवेश करती है। ब्रह्मपुत्र नदी चेमायुंगडुंग हिमानी से निकलती है यह हिमानी मानसरोवर झील के दक्षिण पूर्व में लगभग 100 किमी. की दूरी पर स्थित है। तिब्बत में यह नदी लगभग 1250 किमी. की दूरी तक हिमालय के उत्तर में उसके समानान्तर बहती है। तिब्बत में इसे सांगपो कहते हैं।

**42. हिमालय में हिमरेखा निम्न के बीच होती है -**

(a) 4,500 से 6,000 मीटर पूर्व में
(b) 4,000 से 5,800 मीटर पश्चिम में
(c) 4,500 से 6,000 मीटर पश्चिम में
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** हिमालय में हिम रेखा की ऊँचाई सर्वत्र भिन्न है असम हिमालय में अधिक आर्द्रता के कारण 4420 मी. पर हिमरेखा पायी जाती है जबकि कश्मीर हिमालय में शुष्कता के कारण 6000 मी. पर हिमरेखा मिलती है। नेपाल हिमालय में 4500 मी. तथा कुमायूँ व पंजाब हिमालय में 5200 मी. पर हिम रेखा स्थित है।

**43. भारत की तट रेखा है -**

(a) 6,200 किमी. लम्बी (b) 6,100 किमी. लम्बी
(c) 5,985 किमी. लम्बी (d) 6,175 किमी. लम्बी

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी. है जो विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत है। कर्क रेखा इसके ठीक बीचो-बीच होकर जाती है। भारत की स्थलीय सीमा की लम्बाई 15200 किमी. तथा मुख्य भूमि की तटीय सीमा की लम्बाई 6100 किमी. है। यदि अण्डमान-निकोबार तथा लक्षद्वीप समूहों की तटरेखा को भी सम्मिलित किया जाए तो भारत की तटीय सीमा 7516.6 किमी. हो जाती है स्पष्ट है कि भारत एक विशाल देश है और क्षेत्रफल की दृष्टि से इसका विश्व में सातवां स्थान है परन्तु छः अन्य देश इससे बड़े भी है। इनके नाम रूस, कनाडा, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील, आस्ट्रेलिया है।

**नोट-**भारत सरकार ने अपने भौगोलिक समूह में एक ऐतिहासिक संशोधन करते हुए देश की समुद्र तट की लम्बाई 7516.6 किमी. से बढ़ाकर 11,098.8 किमी. कर दी है। यह जानकारी गृह मंत्रालय की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई है।

**44. निम्नलिखित औद्योगिक कस्बों में कौन छोटा नागपुर के पठार पर स्थित है ?**

(a) भिलाई (b) रांची
(c) आसनसोल (d) दुर्गापुर

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** छोटा नागपुर का पठार प्रायद्वीप पठार का उत्तर पूर्वी छोर है जो मैकाल पहाड़ियों के पूर्व में स्थित है। पठार के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न ऊंचाइयां पाई जाती है, इसके उत्तर पूर्वी भाग में राजमहल की पहाड़ियां पाई जाती हैं। इस पठार से बहुत-सी नदियां निकलती है, जिनमें दामोदर, कोयल तथा स्वर्णरेखा मुख्य है। दामोदर नदी छोटा नागपुर पठार को दो भागों में विभाजित करती है-

(i) रांची का पठार (ii) हजारीबाग का पठार

**45. दामोदर नदी निकलती है -**

(a) तिब्बत से
(b) छोटानागपुर के पठार से
(c) नैनीताल के पास से
(d) सोमेश्वर पहाड़ी के पश्चिमी ढाल से

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** दामोदर नदी छोटा नागपुर के पठार से निकलती है। यह झारखण्ड और पश्चिम बंगाल में बहते हुए हुगली नदी में मिल जाती है। तिब्बत से निकलने वाली प्रमुख नदियां सतलज, सिन्धु, ब्रह्मपुत्र है जिसमें सतलज तिब्बत के मानसरोवर झील के समीप स्थित राकस ताल से निकलती है।

**46. गंगा की जलोढ़ मृदा की गहराई भूमि सतह के नीचे लगभग -**

(a) 6000 मीटर तक होती है (b) 600 मीटर तक होती है
(c) 800 मीटर तक होती है (d) 100 मीटर तक होती है

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** गंगा की जलोढ़ मृदा की गहराई ज्यादा है। इसकी गहराई 6000 मी. तक है। जलोढ़ मृदा का तात्पर्य होता है, जब मिट्टियाँ नदियों के द्वारा लाई जाती है यह बहुत उपजाऊ होती है। भारत में इस मिट्टी की अधिकता है। यह पूरे उत्तर भारत फैली हुई है।

**47. भारतीय मानसून मौसमी विस्थापन से इंगित है, कारण है-**

(a) स्थल तथा समुद्रों का विभेदी तापन
(b) मध्य एशिया की ठण्डी हवा
(c) तापमान की अति एकसमानता
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** भारत में मानसून आने का प्रमुख कारक स्थल तथा समुद्रों का तापान्तर है। स्थल के अत्यधिक गर्म हो जाने तथा समुद्र के अपेक्षाकृत ठण्डा रहने के कारण ही मानसूनी हवाएं समुद्र से स्थल की ओर चलती है और वर्षा करती है।

**48. नगदी फसल में सम्मिलित नहीं है -**

(a) गन्ना (b) कपास
(c) जूट (d) गेहूं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** नकदी फसलों में उन व्यापारिक फसलों को शामिल किया जाता है जिनके माध्यम से उद्योगों को कच्चा माल प्राप्त होता है। भारत की प्रमुख नकदी फसलें गन्ना, तम्बाकू, जूट, चाय, कपास है जबकि गेहूं खाद्यान्न फसल के अन्तर्गत आती है।

**49. साफ रात मेघीय रातों की अपेक्षा अधिक ठण्डी होती है**

(a) संघनन के कारण (b) विकिरण के कारण
(b) आपतन के कारण (b) चालन के कारण

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** विकिरण के चलते मेघीय रातों में पृथ्वी का तापमान मेंघों से परावर्तित होकर पुनः पृथ्वी पर लौट आता है और वायुमंडल गर्म बना रहता है जबकि साफ रातों में विकिरण के चलते पृथ्वी की ऊष्मा उत्सर्जित होकर अंतरिक्ष में चली जाती है और रातें ठंडी रहती हैं।

**50. निम्नलिखित में से कौन-सा महाद्वीप क्षेत्रफल के अनुसार सबसे बड़ा है?**

(a) यूरोप (b) अफ्रीका
(c) उत्तरी अमेरिका (d) दक्षिणी अमेरिका

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** पृथ्वी की सतह पर 71% क्षेत्र में जल व 29% क्षेत्र पर भूमि है। भू-सतह को एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, यूरोप, आस्ट्रेलिया व अंटार्कटिका में विभाजित किया जाता है। अफ्रीका महाद्वीप क्षेत्रफल और जनसंख्या दोनों ही दृष्टि से एशिया के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है।

**51. पूर्वी समुद्र की स्वामिनी का नाम है -**

(a) श्रीलंका (b) पाकिस्तान
(c) बर्मा (d) भारत

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** पूर्वी समुद्र की स्वामिनी श्रीलंका का उपनाम है। इसे हिंद महासागर का मोती भी कहा जाता है।

**52. निम्नलिखित में से किस युग्म का मिलान सही है?**

(a) भूमध्यसागरीय क्षेत्र - गर्मी की वर्षा
(b) भूमध्य क्षेत्र - गरज के साथ वर्षा मध्याह्न में
(c) मानसूनी क्षेत्र - पूरे साल भारी वर्षा
(d) मरुस्थली क्षेत्र - जाड़े की वर्षा

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** विषुवतीय क्षेत्रों में मध्याह्न में लगभग सदैव बारिश होती रहती है। ऐसा इसलिए होता है कि ये क्षेत्र भूमध्य रेखा पर स्थित होने के कारण सदैव गर्म रहते हैं, तथा समुद्र के पास स्थित होने के कारण गर्मी में वाष्पन होता रहता है और मध्याह्न में बारिश होती है।

**53. `मोनालोआ' उदाहरण है -**

(a) सक्रिय ज्वालामुखी का (b) प्रसुप्त ज्वालामुखी का
(c) निर्वपित ज्वालामुखी का (d) ज्वालामुखी क्षेत्र में पठार का

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** मोनालोआ ज्वालामुखी हवाईद्वीप (अमेरिका) में 4170 मी. की ऊंचाई पर स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी है। सक्रिय ज्वालामुखी में प्रायः विस्फोट तथा उद्भेदन होता ही रहता है। इनका मुख सर्वदा खुला रहता है और समय-समय पर लावा, धुंआ तथा अन्य पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं और शंकु का निर्माण होता रहता है जबकि प्रसुप्त ज्वालामुखी में दीर्घकाल से उद्भेदन नहीं हुआ होता किन्तु इसकी सम्भावनाएं बनी रहती हैं। ये जब कभी अचानक क्रियाशील हो जाते हैं, तो जन धन की अपार क्षति होती है इसके मुख से गैसे एवं वाष्प निकला करती है।

**54. सर्व प्राचीन शैल-समूह की आयु आंकी जाती है -**

(a) पोटेशियम - आर्गन विधि से (b) $C^{14}$ विधि से
(b) Ra - Si विधि से (d) यूरेनियम लैड विधि से

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** प्राचीन शैल समूहों की आयु लाखों एवं करोड़ों वर्ष पुरानी होने के कारण यूरेनियम लैड विधि द्वारा आंकी जाती है। यूरेनियम तथा थोरियम किसी-न-किसी रूप तथा मात्रा में प्रत्येक शैल में पायी जाती है। कार्बन-14 ($C_{14}$) डेटिंग द्वारा पुरातत्वकालीन जीव–जन्तुओं के अवशेषों की आयु व समय का निर्धारण किया जाता है। पोटैशियम-आर्गन डेटिंग विधि द्वारा चट्टानों में रेडियोधर्मी पोटैशियम के अनुपात को मापकर चट्टानों की उत्पत्ति के समय का निर्धारण किया जाता है।

**55. कोयले का सामान्य प्रकार है -**

(a) बिटुमनी (b) अर्द्ध-बिटुमनी
(c) एन्थ्रेसाइट (d) कोक

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** बिटुमिनस एक सामान्य प्रकार का कोयला है जिसमें कार्बन का अंश 70 से 90% तक होता है, जबकि एन्थ्रेसाइट कोयला सर्वोत्तम एवं बहुत कठोर होता है। इसमें कार्बन का अंश 90% से अधिक होता है और इसके भंडार भी बहुत सीमित हैं।

**56. टेरारोसा का प्रारूपिक विकास उस भू-भाग में होता जिसमें-**

(a) चूना-पत्थर होता है (b) साइनाइट होता है
(c) ग्रेनाइट होता है (d) बलुआ-पत्थर होता है

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** टेरारोसा का प्रारूपिक विकास चूना पत्थर वाले भू-भाग में होता है। भूमध्यसागरीय प्रदेशों और चूना क्षेत्रों में मिलने वाली यह मिट्टी फेरस ऑक्साइड के ($Fe_2O_3$) के कारण लाल रंग की होती है। इसमें ह्यूमस की कमी होती है। इसे लाल-पोडजोल के नाम से भी जाना जाता है। ब्राजील के कहवा उत्पादक क्षेत्रों की मिट्टी टेरारोसा ही है।

**57. अवसादी शैलों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) ये वे शैलें हैं, जिनकी संरचना ताप तथा दाब पर निर्भर करती है
(b) ये शैलें अक्रिस्टलीय हैं
(c) ये शैलें स्तरों में निक्षेपित हैं
(d) ये शैलें जल में नहीं निर्मित हो सकती है

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** अवसादी शैलों के संदर्भ में असत्य कथन है- ये शैल जल में नहीं निर्मित हो सकती हैं। अवसादी चट्टानें, वे चट्टानें हैं जो मुख्यतः उस प्राचीन चट्टानों तथा खनिजों के टुकड़ों से बनती है, जो कि पूरी तरह से संगठित हो जाते हैं और परतो में जम जाते हैं। उत्पत्ति के आधार पर अवसादी चट्टानों का वर्गीकरण- (1) समुद्री चट्टानें (ii) नदीकृत चट्टानें (iii) सरोवरीय चट्टाने (iv) वायूद चट्टानें (v) हिमनद चट्टानें इत्यादि।

**58. `टिन' मिलता है -**

(a) प्लासर निक्षेपों से (b) कायान्तरित शैलों से
(c) अल्पसिलिक आग्नेय शैलों से (d) उपरोक्त सभी से

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** प्लासर निक्षेप में पाये जाने वाले प्रमुख खनिज- सोना, चाँदी, टिन, प्लेटिनम आदि है।

**59. मृदा संरक्षण वह प्रक्रम है, जिसमें -**

(a) बन्ध्य मृदा उर्वर मृदा में परिवर्तित होती है
(b) मृदा वातित होती है
(c) मृदा अपरदन होता है
(d) मृदा को नुकसान से सुरक्षित किया जाता है

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** कृषि प्रणाली में सुधार करके मृदा के नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है इनमें फसलों का चक्रण, सीढ़ीदार कृषि तथा ढालों पर समोच्च रेखीय जुताई करना आदि उपाय है।

**60. भारतीय संविधान को अपनाया गया था -**

(a) संवैधानिक सभा द्वारा (b) ब्रिटिश संसद द्वारा
(c) गवर्नर जनरल द्वारा (d) भारतीय संसद द्वारा

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन 9 दिसम्बर, 1946 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में सम्पन्न हुआ। डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को अस्थायी अध्यक्ष चुना गया। इसके पश्चात् 11 दिसम्बर, 1946 को डा. राजेन्द्र प्रसाद को इसका स्थायी अध्यक्ष चुना गया। 13 दिसम्बर, 1946 को जवाहर लाल नेहरू द्वारा उद्देश्य प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। विचार-विमर्श के बाद 22 जनवरी, 1947 को संविधान सभा के सदस्यों ने उद्देश्य प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया। 26 नवम्बर, 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया।

**61. भारत में लौकिक सार्वभौमिकता है, क्योंकि संविधान की प्रस्तावना आरम्भ होती है -**

(a) प्रजातन्त्रीय भारत शब्दों में (b) जनता के जनतंत्र शब्दों में
(c) जनता के लोकतंत्र शब्दों में (d) हम भारत के लोग शब्दों में

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** भारत में लौकिक सार्वभौमिकता है, क्योंकि संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग' शब्दों से आरंभ होती है। इसका अर्थ है- जनता सर्वशक्तिमान है, और किसी वाह्य सत्ता के अधीन नहीं है।

**62. भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का वर्णन है -**

(a) संविधान के अनुच्छेद 12 से 35 तक
(b) संविधान के अनुच्छेद 13 से 36 तक
(c) संविधान के अनुच्छेद 15 से 39 तक
(d) संविधान के अनुच्छेद 16 से 40 तक

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** लोकतंत्र में मौलिक अधिकार वे अधिकार हैं जो किसी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता एवं अभिवृद्धि के लिए अनिवार्य हैं और जिन्हें राज्य के विरुद्ध न्यायपालिका का संरक्षण प्राप्त होता है। इनके अभाव में लोकतंत्र मात्र कल्पना होगा। संविधान के भाग तीन में अनुच्छेद 12 से 35 तक मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तृत वर्णन किया गया है। इन अधिकारों का निर्धारण संविधान सभा द्वारा गठित एक समिति द्वारा किया गया जिसके अध्यक्ष सरदार बल्लभ भाई पटेल थे।

**63. एक कल्याणकारी राज्य के आदर्श वर्णित हैं -**

(a) राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों में
(b) मौलिक अधिकारों के अध्याय में
(c) संविधान की सातवीं अनुसूची में
(d) संविधान की प्रस्तावना में

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों का प्रयोजन शान्तिपूर्ण तरीकों से सामाजिक क्रान्ति का पथ प्रशस्त कर कुछ सामाजिक और आर्थिक उद्देश्यों को तत्काल सिद्ध करना है। इन आधारभूत सिद्धान्तों का उद्देश्य कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना है।

**64. भारत के राष्ट्रपति को उसके पद से हटाया जा सकता है -**

(a) भारत के प्रधानमंत्री द्वारा (b) लोकसभा के द्वारा
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा (d) संसद द्वारा

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या -** राष्ट्रपति की पदावधि पद ग्रहण की तिथि से पांच वर्ष की होती है। पांच वर्ष के पहले राष्ट्रपति की पदावधि दो प्रकार से समाप्त हो सकती है (i) उपराष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना त्यागपत्र देकर, (ii) महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा संविधान के उल्लंघन के आरोप में हटाए जाने पर। राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 61 में उपबन्धित है। यह प्रक्रिया एक अर्द्ध-न्यायिक प्रक्रिया है। जो संसद में चलाई जाती है, संसद का कोई भी सदन राष्ट्रपति पर संविधान के उल्लंघन का आरोप लगाएगा। दूसरा सदन आरोपों की जांच करेगा या करवाएगा। किन्तु ऐसा आरोप तब तक नहीं लाया जा सकेगा जब तक कि (i) चौदह दिन की लिखित सूचना देकर सदन की कुल सदस्य संख्या के कम से कम एक-चौथाई सदस्यों ने हस्ताक्षर करके प्रस्थापना अंतर्विष्ट करने वाला संकल्प प्रस्तावित नहीं किया हो (ii) उस सदन की कुल सदस्य संख्या के दो-तिहाई बहुमत द्वारा ऐसा संकल्प पारित नहीं किया गया हो।

**65. राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकता है -**

(a) हथियारबन्द विद्रोह के आधार पर
(b) बाह्य आक्रमणों के आधार पर
(c) युद्ध के आधार पर
(d) ऊपर वर्णित सभी कारणों के आधार पर

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रपति हथियार बंद विद्रोह, वाह्य आक्रमण तथा युद्ध तीनों ही आधारों पर आपातकाल की घोषणा कर सकता है। 44वें संविधान संशोधन (1978) द्वारा 'आंतरिक गड़बड़ी' शब्द के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द लाया गया।

**66. कोई वित्तीय बिल प्रस्तावित हो सकता है -**

(a) केवल राज्यसभा में (b) केवल लोकसभा में
(c) एक साथ दोनों सदनों में (d) दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** वित्त विधेयक का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 117 में किया गया है। इसको राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति से केवल लोकसभा में प्रस्तावित किया जा सकता है। वित्त विधेयक की दो श्रेणियाँ होती है। वित्त विधेयक (I) अनुच्छेद 117(1) केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है जबकि वित्त विधेयक (II) अनुच्छेद 117(3) सामान्य विधेयक की तरह संसद में किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है।

**67. लोकसभा के स्पीकर का निर्वाचन होता है -**

(a) संसद के सभी सदस्यों द्वारा

(b) प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा

(c) लोकसभा के सभी सदस्यों द्वारा

(d) लोकसभा में बहुमत प्राप्त दल के सदस्यों द्वारा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** लोकसभा के स्पीकर (लोकसभा अध्यक्ष) के चुनाव की व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 93 में दी गयी है जिसके अनुसार लोकसभा अपने गठन के पश्चात् अपने सदस्यों के मध्य से, सदन के उचित संचालन हेतु एक अध्यक्ष एवं एक उपाध्यक्ष का चुनाव करेगी।

**68. भारत में किसी भी सदन का सदस्य हुए बिना कोई व्यक्ति कब तक मंत्री पद पर आसीन रह सकता है?**

(a) तीन महीने तक (b) छः महीने तक

(c) एक वर्ष तक (d) कोई समय निर्धारित नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** भारत में किसी भी सदन का सदस्य हुए बिना कोई व्यक्ति छः महीने (छः महीने से अधिक नहीं) मंत्रीपद पर आसीन रह सकता है। अनुच्छेद 75(5)

**69. संसद के दो सत्रों के बीच अधिकाधिक अन्तराल होना चाहिए -**

(a) चार महीने का (b) छः महीने का

(c) एक वर्ष का (d) जो समय राष्ट्रपति निर्धारित करे

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–** संविधान के अनुच्छेद 85 के अंतर्गत राष्ट्रपति को दोनों सदनों को आहूत करने की, सत्रावसान और लोकसभा का विघटन करने की शक्ति है। आहूत करने के बारे में संविधान ने राष्ट्रपति पर एक कर्तव्य अधिरोपित किया है वह यह है कि वह दोनों सदनों को ऐसे अंतराल पर आहूत करेगा कि एक सत्र की अन्तिम बैठक और उसके बाद के सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच 6 मास से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए (अनुच्छेद 85(1))।

**70. जहां तक लोकसभा में प्रतिनिधित्व का प्रश्न है, कौन-से राज्य दूसरे तथा तीसरे दर्जे पर हैं?**

(a) बिहार तथा महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश तथा तमिलनाडु

(c) मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र (d) बिहार तथा मध्य प्रदेश

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** लोकसभा में प्रतिनिधित्व के आधार पर सबसे अधिक 80 प्रतिनिधि चुनकर भेजने वाला राज्य उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। दूसरे एवं तीसरे स्थान पर क्रमशः बिहार एवं महाराष्ट्र हैं, जिनके सदस्यों की संख्या क्रमशः 54 एवं 48 है। परन्तु वर्तमान में बिहार के भूभाग को काटकर झारखण्ड नामक नये राज्य के सृजन के पश्चात् बिहार में लोकसभा की 40 सीटें ही शेष बची हैं, लोकसभा की 14 सीटें झारखण्ड में चली गई हैं। अतः वर्तमान में लोकसभा में राज्यों का अवरोही क्रम इस प्रकार है – उत्तर प्रदेश 80 सीटें (पाँच सीटें उत्तरांचल में चली गई), महाराष्ट्र (48 सीटें), पश्चिमी बंगाल (42 सीटें), तमिलनाडु -39।

**71. न्यायिक पुनरावलोकन का अर्थ यह है कि उच्चतम न्यायालय -**

(a) को सभी प्रकरणों पर अन्तिम अधिकार प्राप्त है

(b) राष्ट्रपति के विरुद्ध दोषारोपण कर सकता है

(c) उच्च न्यायालय द्वारा निर्मित प्रकरणों की समालोचना कर सकता है

(d) किसी भी राज्य के कानून को अवैध घोषित कर सकता है

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** न्यायिक पुनर्विलोकन के तहत उच्चतम न्यायालय को संसद तथा राज्य विधान मंडलों द्वारा बनाये गये कानूनों की समीक्षा का अधिकार प्राप्त है। वह इन दोनों द्वारा बनाये गये किसी भी कानून को शून्य घोषित कर सकता है, यदि उनके निर्माण में संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है।

**72. पंचायती राज विषय है -**

(a) समवर्ती सूची पर (b) केन्द्र की सूची पर

(c) राज्य की सूची पर (d) शेषाधिकारों की सूची पर

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** स्थानीय लोगों द्वारा स्वशासन की व्यवस्था को स्थानीय स्वायत्त शासन कहते हैं, स्थानीय स्वायत्त शासन के दो मूल कारण है पहला यह व्यवस्था शासन को निचले स्तर तक लोकतांत्रिक बनाती है दूसरा स्थानीय लोगों की भागीदारी सक्षम बनाती है साथ ही लोगों को शासन की कला का ज्ञान होता है। भारत में पंचायती राज को संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत 'राज्य सूची' की प्रविष्टि 5 में रखा गया है। राज्यों के अनुरोध पर भारतीय संसद द्वारा पंचायतों तथा नगरपालिकों के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय संविधान में 73वां तथा 74वां संशोधन 1992 में किया गया। संविधान का 73वां संशोधन जो पंचायती राज से सम्बन्धित है 24 अप्रैल, 1993 को लागू हुआ।

**73. भारत में प्रजातंत्र इस तथ्य पर आधारित है कि -**

(a) संविधान लिखित है

(b) यहां मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं

(c) जनता को सरकारों को चुनने तथा बदलने का अधिकार प्राप्त है

(d) यहां राज्य के नीति-निर्देशक तत्त्व हैं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** भारत में प्रजातंत्र इस बात से झलकता है कि यहां पर जनता सांसदों/विधायकों के निर्वाचन के माध्यम से अपने मनोनुकूल सरकार का चुनाव सीधे करती है।

**74. भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन-सा अनुच्छेद राज्य की सरकारों को ग्राम पंचायतों को संगठित करने का निर्देश देता है?**

(a) अनुच्छेद 32 (b) अनुच्छेद 40

(c) अनुच्छेद 48 (d) अनुच्छेद 51

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** अनुच्छेद 40 राज्य ग्राम पंचायतों को स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में गठित करने का निर्देश देता है। अनुच्छेद 48 के तहत राज्य, कृषि और पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक प्रणालियों से संगठित करने का प्रयास करेगा। गायों, बछड़ों, दूध देने वाले तथा वाहक पशुओं की रक्षा तथा नस्लों के परिरक्षण और सुधार के लिए और उनके वध का प्रतिषेध करने के लिए उचित कदम उठाएगा। अनुच्छेद 51 के तहत राज्य (i) अंतर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का (ii) राष्ट्रों के बीच न्याय संगत और सम्मानपूर्वक संबंधों को बनाए रखने का (iii) संगठित लोगों के एक-दूसरे से व्यवहारों में अंतर्राष्ट्रीय विधि और संधि वाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाने का प्रयास करेगा। संविधान का अनुच्छेद 32 मूल अधिकारों के संवैधानिक उपचारों से सम्बन्धित है। इस अनुच्छेद को डा. बी. आर. अम्बेडकर ने संविधान का हृदय एवं आत्मा कहा है। शेष अनुच्छेद नीति निदेशक तत्वों से सम्बन्धित है।

**75. भारत में नियोजित अर्थव्यवस्था आधारित है-**

(a) समाजवादी व्यवस्था पर (b) मिश्रित अर्थव्यवस्था पर
(c) पूंजीवादी व्यवस्था पर (d) गांधीवादी व्यवस्था पर

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**भारत में नियोजित अर्थव्यवस्था आधारित है- मिश्रित अर्थव्यवस्था पर। भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था का प्रारम्भ प्रथम औद्योगीकरण नीति (6 अप्रैल, 1948) से हुआ। इस औद्योगिक नीति के अनुसार उद्योग धन्धों को उनके महत्व के आधार पर चार भागों में बांटा गया जिसमें सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के सह-अस्तित्व को स्वीकार किया गया। इसी प्रकार स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत में तीव्र-आर्थिक विकास, तीव्र औद्योगीकरण और आत्मनिर्भरता को प्रोन्नत करने के लिए आयोजन का जो कार्यक्रम बनाया गया उसका आधार भी देश में मिश्रित अर्थव्यवस्था की स्थापना करना था।

**76. योजना आयोग एक -**

(a) मंत्रालय है (b) शासकीय विभाग है
(c) परामर्शदायी संस्था है (d) स्वशासित निगम है

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** योजना आयोग का भारतीय संविधान में कोई उल्लेख नहीं है अतः इसका गठन गैर संवैधानिक परामर्शदात्री व विशेषज्ञ संस्था के रूप में सरकार के एक प्रलेख द्वारा मार्च, 1950 में हुआ। फलस्वरूप इसके स्वरूप एवं संगठन में सरकार द्वारा समय-समय पर परिवर्तन किया जाता रहा है। प्रधानमंत्री योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है। 1 जनवरी, 2015 से योजना आयोग का स्थान नीति आयोग ने ले लिया।

**77. भारत में आय का सबसे बड़ा स्रोत है -**

(a) प्रत्यक्ष कर (b) बिक्री कर
(c) रेलवे (d) चुंगी कर

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** भारत में आय का सबसे बड़ा स्रोत दिए गए प्रश्न के अनुसार प्रत्यक्ष कर होगा क्योंकि प्रत्यक्ष कर में निम्न करों को शामिल किया जाता है - आयकर, निगम कर, मृत्युकर, उपहार कर, सम्पत्ति कर एवं व्यय कर। जिसमें उपहार कर को 1998 में समाप्त कर दिया गया। वर्तमान में भारत सरकार की आय का प्रमुख स्रोत GST है।

**78. भारत की उन्नति सन्तोषजनक रही है -**

(a) कुल राष्ट्रीय उत्पाद में बढ़ोत्तरी के सम्बन्ध में
(b) बेरोजगारी में कमी के सम्बन्ध में
(c) प्रति व्यक्ति आय के सम्बन्ध में
(d) असमानता में कमी के सम्बन्ध में

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** राष्ट्रीय आय से तात्पर्य अर्थव्यवस्था द्वारा पूरे वर्ष के दौरान उत्पादित अन्तिम वस्तुओं व सेवाओं के शुद्ध मूल्य के योग से होता है, इसमें विदेशों से अर्जित शुद्ध आय भी शामिल होती है। निम्न वर्षों में भारत की राष्ट्रीय आय 1999-2000-4.2%, 2000-01-4.4%, 2001-02-5.8%, 2002-03-4.0%, 2003-04-8.5%, 2004-05-6.9% रही।

**79. आठवीं पंचवर्षीय योजना प्राथमिकता देती है -**

(a) रोजगार बढ़ाने को (b) आयात बढ़ाने को
(c) उद्योग बढ़ाने को (d) प्रेस की स्वतंत्रता को

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) उदारीकृत अर्थव्यवस्था के रूप में प्रणीत जान डब्ल्यू. मिलर मॉडल पर आधारित थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मानव संसाधन का विकास था अर्थात् रोजगार बढ़ाने को महत्व दिया गया। इस योजना में विकास दर प्राप्ति का लक्ष्य 5.6% रखा गया था, लेकिन प्राप्ति उससे बढ़कर 6.8% हुई।

**80. विभाजन के कारण भारत का कौन-सा उद्योग सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ?**

(a) रूई तथा शक्कर उद्योग
(b) इन्जीनियरिंग तथा सीमेन्ट उद्योग
(c) जूट तथा रूई उद्योग
(d) कागज तथा लोहा उद्योग

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** सूत्री वस्त्र उद्योग के बाद पटसन उद्योग हमारा दूसरा महत्वपूर्ण उद्योग है, इसका आरम्भ कोलकाता में सन् 1853 ई. में हुगली नदी के किनारे रिशरा नामक स्थान पर हुआ। 1859 ई. में इसी कारखाने में पावरलूम लगाए गए, उसके बाद इस क्षेत्र में जूट उद्योग का निरन्तर विकास होता गया। परन्तु स्वाधीनता प्राप्ति के समय देश के विभाजन के कारण देश का लगभग 80 प्रतिशत पटसन उत्पन्न करने वाला क्षेत्र बांग्लादेश में चला गया। सौभाग्य से देश की सारी पटसन मिलें भारत में ही रही। इससे हमारी पटसन मिलों को कच्चा माल प्राप्त करने में काफी कठिनाई हुई। दूसरी तरफ पंजाब एवं सिंध प्रांत (पाकिस्तान) के अलग हो जाने से कपास का एक बड़ा हिस्सा वहाँ चला गया जिस कारण रूई उद्योग भी प्रभावित हुआ।

**81. भारत की राष्ट्रीय आय का मुख्य स्रोत है -**

(a) उद्योग (b) कृषि
(c) जंगल (d) विदेशी व्यापार

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** भारत में राष्ट्रीय आय का मुख्य योगदान सेवा क्षेत्र का है जो सकल घरेलू उत्पाद का 54.0% योगदान देता है जबकि कृषि का योगदान राष्ट्रीय आय में सकल घरेलू उत्पाद का 22.0% ही है और उद्योग क्षेत्र का योगदान 24.0% है। दिये गये प्रश्न में चूंकि सेवा क्षेत्र को नहीं दिया गया है इसलिए उद्योग सही उत्तर है। वर्तमान में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान 18.8%, उद्योग का योगदान 26.6% एवं सेवा क्षेत्र 53% है।

**82. भारत में किस उद्योग में सर्वाधिक लोग कार्यरत हैं?**

(a) जूट उद्योग (b) लोहा तथा इस्पात उद्योग में
(c) कपड़ा उद्योग में (d) शक्कर उद्योग में

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** कपड़ा उद्योग देश का सबसे बड़ा संगठित उद्योग है, भारत में आधुनिक स्तर की प्रथम सूती कपड़ा मिल सन् 1818 ई. में फोर्ट ग्लोस्टर (कोलकाता) में लगाई गई थी। लेकिन 1854 ई. में कवास जी दाबर द्वारा मुम्बई में स्थापित ''मुम्बई स्पिनिंग वीविंग कम्पनी'' सच्चे अर्थों में भारत के आधुनिक सूती कपड़ा उद्योग की नींव मानी जाती है।

**83. भारत सर्वश्रेष्ठ उत्पादक एवं उपभोक्ता है -**

(a) चावल का (b) चाय का
(c) तिलहन का (d) दाल का

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** भारत दाल का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता होने के साथ-साथ आयातक भी है। वर्तमान (FAD-2020) में भारत, स्पेन, पोलैण्ड, मोजाम्बिक, बांग्लादेश सबसे बड़े उत्पादक देश हैं।

**84. भारत का प्रथम उर्वरक संयंत्र कहां लगा था?**

(a) नांगल में (b) सिन्दरी में
(c) आलवे में (d) ट्राम्बे में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भारत का प्रथम उर्वरक संयंत्र सिन्दरी (बिहार) में लगाया गया। भारत की मिट्टियों में नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा पोटैशियम की विशेष कमी है, अतः हमारे देश में इन रसायनों की कमी को पूरा करने के लिए रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता पड़ती है। यद्यपि भारत का प्रथम सुपर फास्फेट निर्माण कारखाना सन् 1906 में रानी पेट (तमिलनाडु) में स्थापित किया गया और कृत्रिम अमोनिया तथा अमोनिया सल्फेट का उत्पादन क्रमशः 1944 ई. और 1947 ई. में शुरू हो गया तो भी इस उद्योग का सही विकास तब शुरू हुआ जब सन् 1951 में सिन्दरी में उर्वरक बनाने का कारखाना लगाया गया। इस समय सार्वजनिक क्षेत्र में उर्वरक बनाने के कारखाने - सिन्दरी, ट्राम्बे, गोरखपुर, नांगल, पानीपत, नामरूप, दुर्गापुर, बरौनी, रामागुंडम्, तलचर, हल्दिया, अल्वाय, कोचीन, चेन्नई, राउरकेला तथा नैवेली में स्थित है।

**85. एक सामान्य शुष्क सेल में विद्युत अपघट्य होता है -**

(a) जस्ता (b) सल्फ्यूरिक अम्ल
(c) अमोनियम क्लोराइड (d) मैंगनीज डाइ-ऑक्साइड

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** शुल्क सेल एक विद्युत रासायनिक सेल है। जिसका प्रयोग टार्च, ट्रांजिस्टर, रेडियो आदि उपकरणों में किया जाता है। इसमें द्रव का प्रयोग नहीं होता है। जिसके कारण इसे शुष्क सेल कहा जाता है। शुष्क सेल में एक जस्ते के बर्तन में मैगनीज डाइआक्साइड, अमोनियम क्लोराइड, कार्बन आदि का मिश्रण भरा रहता है। इसमें जस्ते का बर्तन कैथोड का कार्य करता है। इसमें अमोनियम क्लोराइड विद्युत अपघट्य के रूप में प्रयोग होता है। कुछ उच्च उर्जा की बैटरियों में अमोनियम क्लोराइड की जगह जिंक क्लोराइड का प्रयोग किया जाता है।

**86. डायनमो -**

(a) वैद्युत ऊर्जा को गतिज ऊर्जा में बदलता है
(b) यान्त्रिक ऊर्जा को वैद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है
(c) वैद्युत ऊर्जा को यान्त्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करता है
(d) यान्त्रिक ऊर्जा उत्पन्न करता है

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** आजकल दैनिक जीवन में विद्युत उत्पादन के लिए विद्युत जनित्र का अत्यधिक प्रयोग किया जाता है। विद्युत जनित्र के द्वारा यान्त्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है। विद्युत जनित्र का सिद्धान्त विद्युत चुम्बकीय प्रेरण पर आधारित है।

**87. आकाश नीला लगता है, क्योंकि -**

(a) सूर्य के प्रकाश में नीला रंग और रंगों से अधिक है
(b) लघु तरंग दीर्घ तरंगों की अपेक्षा वायुमण्डल द्वारा अधिक प्रकीर्ण होती है
(b) नीला रंग नेत्र को अधिक सुग्राही है
(d) वायुमण्डल दीर्घ तरंगदैर्ध्य को लघु तरंगदैर्ध्य की अपेक्षा अधिक अवशोषित करता है

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** नीला रंग अल्प तरंगदैर्ध्य होने के कारण दीर्घ तरंगों की अपेक्षा अधिक प्रकीर्णन के कारण आकाश में बिखर जाता है। इसके चलते आकाश का रंग नीला दिखाई देता है।

**88. एक माइक्रॉन बराबर है -**

(a) 1/10 मिमी. (b) 1/100 मिमी.
(c) 1/1000 मिमी. (d) 1/10000 मिमी.

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** एक माइक्रोन = $10^{-6}$ मीटर तथा एक मीटर = 1000 मिलीमीटर। अतः एक माइक्रोन = $10^{-6} \times 1000$ मिलीमीटर या, 1 माइक्रोन मीटर = $10^{-6} \times 10^{3}$ मिलीमीटर = $10^{-3}$ मिलीमीटर =1/1000 मिलीमीटर।

**89. अति चालक का लक्षण है -**

(a) उच्च पारगम्यता (b) निम्न पारगम्यता
(c) शून्य पारगम्यता (d) अनन्त पारगम्यता

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** अतिचालकता किसी चालक पदार्थ के विद्युत प्रतिरोध से सम्बन्धित है, इसकी खोज 1911 में केमरलिंघ ओन्स ने की थी। साधारणतया चालक धातुओं का प्रतिरोध ताप कम करने पर घटता जाता है तथा एक निम्न ताप पर आकर रुक जाता है। अति चालकता की अवस्था में धातुओं में विद्युत धारा बगैर किसी वाह्य विद्युत स्रोत के बहती रहती है। धातुओं की अतिचालकता चुम्बकीय क्षेत्र के द्वारा नष्ट हो जाती है। यदि अतिचालक धातुओं में बहने वाली धारा काफी अधिक है तो यह धारा स्वयं के चुम्बकीय क्षेत्र के कारण अतिचालक को नष्ट कर देती है।

**90. वर्ष दीर्घतम होता है -**

(a) प्लूटो पर (b) गुरु पर
(c) नेपच्यून पर (d) पृथ्वी पर

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** प्लूटो पर वर्ष दीर्घतम होता है। इसकी खोज 1930 ई. में क्लाइड डब्ल्यू टॉमबॉग ने की थी। यह सूर्य के चारों ओर चक्कर 90,777 दिन में (अर्थात् 248 वर्ष में) पूरी करता है। **पृथ्वी**- इसकी सूर्य से दूरी 149,598,000 किमी. है। यह सूर्य का चक्कर 365 दिन में लगाती है। **बृहस्पति**- सौर मण्डल का सबसे बड़ा व भारी ग्रह है, इसकी सूर्य से औसत दूरी 778,298,400 किमी. है। यह सूर्य का एक चक्कर 4,333 दिन में पूरा करता है। **नेप्च्यून**- इस ग्रह की खोज 1846 में जान गैले ने की थी। इसके वायुमण्डल में मुख्य रूप में हाइड्रोजन गैस पायी जाती है। यह ग्रह सूर्य का एक चक्कर 60,182 दिन में पूरा करता है।

**91. वर्षा की बूंद की गोल आकृति का कारण है -**
(a) द्रव का घनत्व (b) पृष्ठ-तनाव
(c) वायुमण्डलीय दाब (d) गुरुत्व
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** जल का पृष्ठ तनाव अधिक होने के कारण इसकी बूंदें गोलाकार रूप धारण कर लेती है। यदि उस पर लोहे की हल्की पिन धीरे से रख दी जाय तो वह इसके सतह पर तैरती रहती है।

**92. कमरे में रखा रेफ्रीजरेटर का दरवाजा खोलकर -**
(a) आप कमरे को कुछ डिग्री ठण्डा कर सकते हैं
(b) आप इसको रेफ्रीजरेटर के तापमान तक ठण्डा कर सकते हैं
(c) आप अन्ततः कमरे को थोड़ा गर्म कर सकते हैं
(d) आप कमरे को न तो गर्म न ठण्डा कर सकते हैं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** फ्रिज का दरवाजा खुला रखने पर फ्रिज पूरे कमरे को ही ठंडा करने की कोशिश करता है जिससे उसमें लगे कूलेंट तेजी से चलने लगते है तथा कंप्रेसर और अधिक ऊर्जा लेने लगता है। कंप्रेसर और कूलेंट तेजी से कार्य करने में ज्यादा ऊष्मा कमरे में छोड़ते है जिससे फ्रिज जो तापमान कम कर रहा है, वही वापस गर्मी के रूप में कमरे में आ जाती है। अतः धीरे-धीरे कमरा थोड़ा गर्म हो जाता है।

**93. किस खनिज से रेडियम प्राप्त किया गया था?**
(a) चूना-पत्थर (b) पिचब्लेण्ड
(c) रूटाइल (d) हेमेटाइट
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** रेडियम, पिचब्लेण्ड से प्राप्त किया जाता है - हेमेटाइट से लोहा प्राप्त किया जाता है जबकि अवसादी शैलों में चूना पत्थर पाया जाता है। रेडियम की खोज 1898 ई. में पीयरे क्यूरी, मैडम क्यूरी ने किया था।

**94. परमाणु बम का सिद्धान्त आधारित है -**
(a) नाभिकीय संलयन पर (b) नाभिकीय विखण्डन पर
(c) (a) तथा (b) दोनों पर (d) उपरोक्त किसी पर नहीं
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** परमाणु बम को सामान्यतः नाभिकीय बम भी कहा जाता है, इसका सिद्धान्त नाभिकीय विखण्डन पर आधारित है। परमाणु बम को बनाने के लिए यूरेनियम (U 235) अथवा प्लूटोनियम (PU 239) का प्रयोग किया जाता है, इसमें अनियंत्रित श्रृंखला अभिक्रिया होती है जिसके फलस्वरूप अपार ऊर्जा की मात्रा उत्पन्न होती है।

**95. प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र है -**
(a) $CaSO_4$ (b) $CaSO_4 .2H_2O$
(c) $2CaSO_4 H_2O$ (d) $(CaSO_4)_2 . H_2O$
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** प्लास्टर ऑफ पेरिस को निम्न सूत्र से व्यक्त किया जाता है- $(CaSO_4)_2 H_2O$ इसका उपयोग हड्डी की टूट फूट में पट्टी बांधने में, मूर्ति बनाने में तथा दीवारों व छतों को चिकना बनाने में किया जाता है।

**96. नींबू खट्टा किस कारण से होता है?**
(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के कारण
(b) ऐसीटिक अम्ल के कारण
(c) टार्टरिक अम्ल के कारण
(d) साइट्रिक अम्ल के कारण
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या -** नींबू में खट्टापन साइट्रिक अम्ल के कारण होता है। अम्ल वे पदार्थ है, जिनमें हाइड्रोजन पाया जाता है एवं जलीय विलयन में वे हाइड्रोजन आयन उत्पन्न करते हैं, अम्ल साधारणतयाः खट्टे फलों जैसे नींबू, इमली आदि में पाये जाते है। नींबू में साइट्रिक अम्ल, इमली में टार्टरिक अम्ल, हराकसीस में सल्फ्यूरिक अम्ल, फिटकरी व शोरा में नाइट्रिक अम्ल, फलों के रसों और सुगंधित तेलों में एसीटिक अम्ल, लाल चीटियों तथा बर्रे व बिच्छू में फार्मिक अम्ल, साल के वृक्ष में आक्जेलिक अम्ल, घास तथा पत्ते व मूत्र में बेन्जोइक अम्ल, खट्टे फलों में साइट्रिक अम्ल, जबकि हाइड्रोक्लोरिक अम्ल प्रयोगशाला में अभिकर्मक के रूप में रंग व औषधि बनाने में तथा अम्ल राज बनाने में प्रयुक्त होता है।

**97. वायु एक -**
(a) यौगिक है (b) तत्त्व है
(c) मिश्रण है (d) विद्युत अपघट्य है
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** वायु एक मिश्रण है। वायु में विभिन्न गैसें समानुपातिक न होकर भिन्न-भिन्न मात्रा में मौजूद हैं। इसीलिए इसे यौगिक के बजाय मिश्रण कहा जायेगा।

**98. विरंजक चूर्ण के लिए कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) जल में अधिक विलेय होता है
(b) हल्के पीले रंग का चूर्ण है
(c) ऑक्सीकारक है
(d) तनु अम्ल की प्रतिक्रिया से क्लोरीन निष्कासित करता है
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या- विरंजकचूर्ण-** क्लोरीन शुष्क बुझे हुए चुने से क्रिया करके विरंजक चूर्ण बनाती हैं, यह एक हल्के पीले रंग का चूर्ण है जिससे क्लोरीन की गंध आती है, इसका प्रयोग, क्लोरीन, क्लोरोफार्म के निर्माण में, पेयजल को शुद्ध करने में, जीवाणुनाशक के रूप में रंगीन कपड़ों का रंग उड़ाने में चीनी को सफेद करने आदि में किया जाता है।

**99. पारद धातु मिश्रण-**
(a) अति रंगीन मिश्रधातु होती है
(b) कार्बनयुक्त मिश्रधातु होती है
(c) पारदयुक्त मिश्रधातु होती है
(d) अपघर्षण के लिए अति प्रतिरोधक क्षमता वाली मिश्र धातु होती है
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** किसी धातु का किसी अन्य धातु अथवा अधातु के साथ मिश्रण- मिश्रधातु कहलाता है। मिश्र धातुओं के गुण उनके घटकों के गुणों से भिन्न होते है जिनसे मिलकर मिश्र धातुएं बनी हैं।

**100. माँ पौधे की भांति पौधा मिलता है -**
(a) बीजों से (b) तना काट से
(c) इन दोनों से (d) उपरोक्त में से किसी से भी नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** बीजों द्वारा उत्पादित पौधा या तना काट प्रक्रिया द्वारा उत्पादित पौधा दोनों पौधें माँ पौधे के समान ही होते हैं।

**101. संसार का सबसे बड़ा पुष्प है -**

(a) कमल (b) रैफ्लेशिया
(c) बहुत बड़ा कैक्टस (d) उपरोक्त में से कोई नहीं है

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** विश्व का सबसे बड़ा पुष्प रैफ्लेशिया है। इसका व्यास 1 मीटर तथा भार लगभग 8 किग्रा. होता है।

**102. मटर पौधा है -**

(a) शाक (b) पुष्प
(c) झाड़ी (d) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**मटर का पौधा शाक है। यह द्वि-बीजपत्री पौधा है। इसकी जड़ में गांठे मिलती हैं। मटर में विटामिन A, $B_1$,$B_6$, C आदि पाये जाते हैं।

**103. जल से बाहर निकाले जाने पर मछलियां मर जाती हैं क्योंकि -**

(a) उन्हें ऑक्सीजन अधिक मात्रा में प्राप्त होती है
(b) उनका शारीरिक ताप बढ़ जाता है
(c) वे श्वास नहीं ले पाती हैं
(d) वे जल में नहीं चल पाती है

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** मछलियां गिल्स द्वारा सांस लेती है। उनमें हमारी तरह फेफड़े नहीं होते और न ही वे हमारी तरह नाक से सांस लेती है। मछलियां सांस लेने के लिए मुंह में पानी लेती हैं। यह पानी गलफड़ों से होता हुआ बाहर निकल जाता है, पानी में मिली हुई आक्सीजन गलफड़ों की कोशिकाओं द्वारा सोख ली जाती है और गलफड़ों में बहने वाले खून के साथ यह ऑक्सीजन में मिल जाती है और शरीर में भ्रमण करती है। इसी ऑक्सीजन से मछली का खून शुद्ध होता रहता है तथा मछली के सांस लेने की क्रिया पूरी हो जाती है। इसीलिए मछली को पानी से बाहर निकालने पर मर जाती है।

**104. मधुमक्खी कॉलोनी के सदस्य एक-दूसरे को किस प्रकार पहचानते हैं?**

(a) गन्ध से (b) दृष्टि से
(c) नर्तन से (d) स्पर्श से

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** मधुमक्खी कॉलोनी के सदस्य एक दूसरे को नर्तन से पहचान करते हैं।

**105.मनुष्य के जीवन काल में कितने दांत दो बार विकसित होते हैं?**

(a) 4 (b) 12
(c) 20 (d) 28

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** मनुष्य के जीवनकाल में 20 दांत दो बार विकसित होते हैं। पहले शैशवावस्था में 20 दाँत निकलते हैं जिन्हें दूध का दाँत (Milky Tooth) कहते हैं, यही दाँत दो बार विकसित होते हैं।

**106.मनुष्य की खोपड़ी में कितनी अस्थियां होती हैं?**

(a) 8 (b) 30
(c) 32 (d) 34

**उत्तर -** (*)

**व्याख्या-** सभी विकल्प गलत दिए हुए हैं। मनुष्य की खोपड़ी में कुल 29 अस्थियां पायी जाती हैं जिनका विवेचन इस प्रकार है - खोपड़ी- यह गर्दन के ऊपर स्थित सिर का कंकाल है। इसका ऊपरी भाग दृढ़तापूर्वक स्थायी रूप से जुड़ी हुई आठ अस्थियों का बना हुआ एक बाक्स होता है, जिसे कपाल कहते हैं। मानव मस्तिष्क इसी के भीतर सुरक्षित रहता है। खोपड़ी के शेष भाग में ऊपरी एवं नीचे के जबड़े (14) तथा कण्ठिका अस्थि सहित 15 अस्थियां होती हैं, इसके अतिरिक्त प्रत्येक कान के भीतरी भाग में कान के परदे के पीछे एक के बाद एक तीन बहुत छोटी अस्थियां होती है, जो कान के परदों के कम्पनों को भीतरी कान तक ले जाती है। इस प्रकार खोपड़ी में कुल अस्थियों की संख्या 8 + 14 + 1 + 6 = 29) होती हैं।

**107.आधुनिक मनुष्य का हाल का पूर्वज है -**

(a) जावा मनुष्य (b) क्रोमैग्नान मनुष्य
(c) निएण्डरथल मनुष्य (d) पेकिंग मनुष्य

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** आधुनिक मनुष्य का पूर्वज क्रोमैग्नान मनुष्य को माना जाता है। क्रोमैग्नान मानव के अवशेष फ्रांस से मिले हैं। यह होमोसेपियंस जाति का था। यह शिकार करने व मछली पकड़ने में निपुण था।

**108. 80% से अधिक सेल में पाया जाने वाला पदार्थ है -**

(a) प्रोटीन (b) चर्बी
(c) खनिज (d) जल

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** मानव शरीर की सबसे छोटी इकाई कोशिका होती है। असंख्य कोशिकाएँ मिलकर मानव शरीर का निर्माण करती हैं। मानव कोशिका की खोज राबर्ट हुक ने 1665 में की थी। उन्होंने कॉर्क में मृत कोशिका को देखा था। जीव द्रव्य का 99% भाग निम्न चार तत्वों से मिलकर बनता है (1) ऑक्सीजन (76%), (ii) कार्बन (10.5%), (iii) हाइड्रोजन (10%), (iv) नाइट्रोजन (2.5%)। जीवद्रव्य का लगभग 80% भाग जल होता है।

**109. हरगोविन्द खुराना को किस आविष्कार के लिए सम्मानित किया गया?**

(a) प्रोटीन के संश्लेषण के लिए
(b) जीन के संश्लेषण के लिए
(c) नाइट्रोजनी क्षारों के संश्लेषण के लिए
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**हरगोविन्द खुराना ने जीन संश्लेषण पर अत्यन्त उल्लेखनीय अनुसंधान किए और आनुवंशिक कोड की खोज की। 1968 ई. में इन्हें अपने अमेरिकी सहकर्मियों रॉबर्ट डब्ल्यू हाली और मॉर्शल डब्ल्यू नीरेनबर्ग के साथ चिकित्सा विज्ञान का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**110.इन्सुलिन प्राप्त होता है -**

(a) अदरक के प्रकन्द से (b) डहेलिया की जड़ों से
(c) बालसम पुष्प से (d) आलू के कन्द से

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**डहेलिया की जड़ों से इन्सुलिन प्राप्त होता है। यह सूर्यमुखी कुल व द्विदली वर्ग का पौधा है। इन्सुलिन पैन्क्रियाज द्वारा स्रावित होता है यह मुख्यतः प्रोटीन होता है। यह कार्बोहाइड्रेट के उपापचय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह ग्लूकोज के ग्लाइकोजन में परिवर्तन की दर को पेशियों एवं यकृत में काफी बढ़ा देता है। यह शर्करा एवं वसा निर्माण में भी सहायक होता है एवं प्रोटीन संश्लेषण को प्रेरित करता है।

**111.विकास का मुख्य कारक है -**

(a) उत्परिवर्तन (b) हासिल किए हुए गुण
(c) लैंगिक जनन (d) प्राकृतिक वरण

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–** विकास का प्रमुख कारण प्राकृतिक वरण है, सभी जीवों में प्रचुर सन्तानोपत्ति की क्षमता होती है, अतः अधिक आबादी के कारण प्रत्येक जीव को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु दूसरे जीवों से जीवनपर्यन्त संघर्ष करना पड़ता है, उपयोगी विभिन्नताएं पीढ़ी दर पीढ़ी इकट्ठी होती रही है और काफी समय बाद उत्पन्न जीव धारियों के लक्षण मूल जीवधारियों से इतने भिन्न हो जाते हैं कि एक नयी प्रजाति बन जाती है।

**112. मनुष्य के शरीर में पैर की हड्डी -**

(a) खोखली होती है (b) सरन्ध्री होती है
(c) ठोस होती है (d) कीलक होती है

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** मानव में केवल दो अग्रपाद सामान्य भाषा में हाथ तथा दो पश्चपाद अर्थात् पैर होते हैं, दोनों अग्रपादों की अस्थियां एवं दोनों पश्चपादों की अस्थियां परस्पर एक समान होती है। अग्रपादों एवं पश्चपादों की अधिकांश अस्थियां भी एक समान होती है। प्रत्येक अग्रपाद के ऊपरी भाग में एक लम्बी अस्थि ह्यूमरस तथा नीचे के भाग में दो लम्बी अस्थियां रेडियस तथा अलना होती है, हाथ तथा पंजे के बीच प्रत्येक कलाई में छोटी-छोटी 8 हड्डियां होती हैं, जिसे कारपल्स कहते हैं। मनुष्य के पैर की हड्डियां खोखली होती हैं। इस प्रकार दोनों पश्चपादों में कुल 60 अस्थियां होती हैं।

**113. तना काट आमतौर से किसके प्रवर्द्धन के लिए प्रयोग किया जाता है?**

(a) केला (b) गन्ना
(c) आम (d) कपास

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** गन्ने का नोविलाइजेशन किया जाता है, सेकरम बारवेरी प्रजाति का गन्ना बहुत कठोर था, जिसकी उपज तथा चीनी की मात्रा दोनों कम थी। कोयम्बटूर स्थित गन्ना अभिजनन केन्द्र पर इस गन्ने का संकरण उष्णकटिबन्धीय गन्ना सेकेरम अफिसिनेरम से कराया गया। जिसके द्वारा उत्तर भारत में गन्ने की खेती भारी पैमाने पर संभव हो सकी।

**114. छोटानागपुर जनजाति विद्रोह कब हुआ था?**

(a) 1807-1808 ई. में (b) 1820 ई. में
(c) 1859-60 ई. में (d) 1889 ई. में

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या-** छोटा नागपुर क्षेत्र में 'हो' विद्रोह (1820-21), कोल विद्रोह (1831-32), संथाल विद्रोह (1855-56), मुंडा विद्रोह (1895-1900) में हुआ। छोटा नागपुर जनजाति विद्रोह नाम से कोई विद्रोह नहीं हुआ। अतः कोई विकल्प सही नहीं है।

**115. गांधीजी का चम्पारण सत्याग्रह किससे जुड़ा था?**

(a) इजारदारी (b) तिनकठिया
(c) जेनमीस (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** गाँधी जी का चम्पारन सत्याग्रह नील की खेती के तिनकठिया व्यवस्था से संबंधित है। चम्पारन सत्याग्रह गाँधी जी के नेतृत्व में बिहार के चंपारन जिले में सन् 1917 में हुआ। गाँधी जी के नेतृत्व में भारत में किया गया यह पहला सत्याग्रह था। चंपारन के किसानों से अंग्रेज बागान मालिकों ने एक अनुबंध कराया था। इस अनुबंध के तहत किसानों को अपनी जमीन के 3/20वें हिस्से पर नील की खेती करना अनिवार्य था। इसे 'तिनकठिया पद्धति' कहते थे। चम्पारन सत्याग्रह में गाँधी जी के साथ अन्य नेताओं में राजेन्द्र प्रसाद, ब्रजकिशोर, महादेव देसाई, नरहरिपारिख तथा जे.बी. कृपलानी प्रमुख थे। इस सत्याग्रह के प्रभाव से तिनकठिया प्रणाली को समाप्त कर दिया गया तथा किसानों से अवैध रूप से वसूले गए धन का 25% वापस कर दिया गया। वर्ष 1919 में 'चम्पारन एग्रेरियन अधिनियम' पारित किया गया, जिससे किसानों की स्थिति में सुधार हुआ।

**116. उलगुलान विद्रोह किससे जुड़ा था?**

(a) सन्थाल (b) कच्छा नागा
(c) कोल (d) बिरसा मुण्डा

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** उलगुलान विद्रोह बिरसा मुण्डा से जुड़ा था। सन् 1895-1900 ई. के बीच बिहार के मुण्डा आदिवासियों ने पारम्परिक जमींदारी भूमि व्यवस्था में परिवर्तन किए जाने के खिलाफ बिरसा मुण्डा के नेतृत्व में विद्रोह कर दिया। इस विद्रोह को 'उलगुलान' (महा विद्रोह) के नाम से जाना जाता है। बिरसा मुण्डा ने स्वयं को 'भगवान का दूत' घोषित किया था।

**117. मुंगेर का बरहियाताल विरोध का उद्देश्य क्या था?**

(a) बकाश्त भूमि की वापसी की मांग
(b) मुस्लिम किसानों का शोषण बन्द हो
(c) जमींदारी प्रथा की समाप्ति
(d) वर्ग युद्ध की शुरूआत करना

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** मुंगेर के बरहियाताल विरोध का उद्देश्य बकाश्त भूमि की वापसी की मांग था। यह कार्यानंद शर्मा के नेतृत्व में 1935 में चलाया गया था।

**118. बिहार, बंगाल से पृथक् कब हुआ?**

(a) सन् 1911 में (b) सन् 1912 में
(c) सन् 1913 में (d) सन् 1971 में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** 1911 ई. में दिल्ली में एक भव्य दरबार का आयोजन इंग्लैण्ड के सम्राट जार्ज पंचम एवं महारानी मेरी के स्वागत में किया गया। उस समय भारत के वायसराय लार्ड हार्डिंग थे। इस दरबार में बंगाल विभाजन को रद्द करने की घोषणा हुई और साथ ही बंगाली भाषी क्षेत्रों को मिलाकर एक अलग प्रांत बनाया गया। उड़ीसा एवं बिहार भी एक नवीन घोषणा के आधार पर राज्य बने। इसी दरबार में भारत की राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानान्तरित करने की घोषणा की गई। इस घोषणा को 1912 ई. में कार्यान्वित किया गया।

**119. पटना उच्च न्यायालय की स्थापना कब हुई ?**
(a) सन् 1916 में (b) सन् 1917 में
(c) सन् 1918 में (d) सन् 1971 में
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** 1916 ई. में पटना उच्च न्यायालय और 1917 ई. में पटना विश्वविद्यालय की भी स्थापना हुई। 20 जनवरी 1913 ई. को बिहार व उड़ीसा के लेफ्टिनेंट गवर्नर की नवगठित काउंसिल की प्रथम बैठक बांकीपुर में हुई, जिसकी अध्यक्षता बिहार व उड़ीसा के लेफ्टिनेन्ट गवर्नर सर चार्ल्स स्टुअर्ट वेली ने की थी।

**120. सन् 1930 और सन् 1932 में बरही कांग्रेस ने सफलतापूर्वक अंग्रेजी हुकूमत को किस जिले में नाकाम कर दिया था?**
(a) मधुबनी (b) भागलपुर
(c) गया (d) मुंगेर
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** सन् 1930 और 1932 में बरही कांग्रेस ने मुंगेर जिले में अंग्रेजी हुकूमत को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया था।

**121. भारत में खनिज उत्पादन में समृद्ध राज्य पहचानिए -**
(a) राजस्थान (b) मध्य प्रदेश
(c) बिहार (d) उड़ीसा
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** वर्ष 2020-21 में मूल्य के आधार पर शीर्ष 4 खनिज उत्पादक राज्यों में प्रथम स्थान पर ओडिशा था। जबकि इसके बाद क्रमशः छत्तीसगढ़, कर्नाटक, राजस्थान एवं झारखंड का स्थान आता है।

**122. बिहार में जंगल फैले हुए हैं -**
(a) 28 लाख हेक्टेयर के क्षेत्रफल पर
(b) 29 लाख हेक्टेयर के क्षेत्रफल पर
(c) 30 लाख हेक्टेयर के क्षेत्रफल पर
(d) 31 लाख हेक्टेयर के क्षेत्रफल पर
**उत्तर-(*)**

**व्याख्या-** बिहार का कुल क्षेत्रफल 94163 वर्ग किमी है। जिसमें से 9722 वर्ग किमी. पर वनावरण एवं वृक्षावरण है जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 10.32% है।

**123.बिहार का एक इस्पात कारखाना -**
(a) दरभंगा में है (b) गया में है
(c) हजारीबाग में है (d) जमशेदपुर में है
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** 15 नवम्बर, 2000 को बिहार के विभाजन के बाद शेष बिहार के उद्योगों में अभूतपूर्व कमी आयी है, इसके बावजूद थोड़े बहुत उद्योग विभिन्न स्थानों पर है। इंजीनियरिंग उद्योग, पटना के पूर्व मोकामा में मार्टिन वर्ज का रज्जु कारखाना तथा मालगाड़ी के डिब्बे बनाने का भारत बैगन कारखाना लगाया गया है। झारखण्ड के अलग होने से पूर्व बिहार में जमशेदपुर में टाटा आयरन एवं स्टील कम्पनी (TISCO) की स्थापना 1907 ई. में हुई थी।

**124. हुण्डरू प्रपात निर्मित है -**
(a) इन्द्रावती पर (b) कावेरी पर
(c) सुवर्ण-रेखा (स्वर्ण-रेखा) पर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**हुण्डरू जल प्रपात बिहार में सुवर्ण-रेखा नदी पर है। कावेरी नदी शिवसमुद्रम जल प्रपात, शरावती नदी पर महात्मा गाँधी (जोग या गरसोप्पा) जलप्रपात, नर्मदा नदी पर धुआंधार जलप्रपात तथा चम्बल नदी पर चूलिया जल प्रपात है।

**125. किसी कोड में `HORSE' को `DRONG' लिखा गया है। इसी कोड में `MONKEY' को कैसे लिखा जाएगा?**
(a) XDHMNL (b) YEKNOM
(c) ESROHD (d) GNQRDM
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** HORSE को उल्टा लिखने पर,

| E | S | R | O | H |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 3 | 1 | 1 |
| D | R | O | N | G |

इसी प्रकार MONKEY को उल्टा करने पर,

| Y | E | K | N | O | M |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 3 | 1 | 1 | 1 |
| X | D | H | M | N | L |

**126. निम्नलिखित में रिक्त स्थान में कौन-सी संख्या है?**
**2, 4, 3, 9, 4, 16, 5, 25, 6, ......**
(a) 36 (b) 39
(c) 81 (d) 243
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** प्रश्न में दो-दो संख्याओं के जोड़े हैं जिनमें पहली संख्या का वर्ग दूसरी संख्या है।
$(2)^2 = 4, (3)^2 = 9, (4)^2 = 16, (5)^2 = 25, (6)^2 = 36$ होगा।

**127. X, Y, Z, U वृद्धिमान क्रम में हैं और U, Y, W ह्रासमान क्रम में हैं। निम्नलिखित में किसका न वृद्धिमान क्रम है और न ही ह्रासमान क्रम है?**
(a) XYZ (b) WYZ
(c) XUW (d) UYW
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** XYZ, WYZ वृद्धिमान क्रम में और UYW ह्रासमान क्रम में हैं जबकि XUW का न ही वृद्धिमान और न ही ह्रासमान क्रम है।

**128. 56700 को किस छोटी-से छोटी संख्या से गुणा किया जाए कि वह एक पूर्ण वर्ग हो जाए?**
(a) 3 (b) 6
(c) 7 (d) 9
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** 56700 का गुणनखण्ड करने पर

$56700 = 567 \times 10 \times 10$

$= \begin{array}{r|l} 7 & 567 \\ 9 & 81 \\ 9 & 9 \end{array}$

गुणनखण्ड $= 7 \times 9 \times 9 \times 10 \times 10$

इसमें यदि 7 से गुणा कर दिया जाय तो संख्या पूर्ण वर्ग बन जायेगी।

**129. सोमवार, मंगलवार और बुधवार का औसत तापमान $42^oC$ था। मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार का औसत $43^oC$ था। यदि बृहस्पतिवार का तापमान $44^oC$ हो तो सोमवार का तापमान था-**

(a) $41^oC$ (b) $42^oC$

(c) $43^oC$ (d) $44^oC$

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** ∵ सोम, मंगल और बुध का औसत तापमान $= 42^oC$

मंगल, बुद्ध, बृहस्पति का औसत ताप $= 43^oC$

बृहस्पतिवार का ताप $= 44^oC$

अतः $\frac{\text{सोम} + \text{मंगल} + \text{बुद्ध}}{3} = 42^\circ C$

या सोम + मंगल + बुध $= 42^oC \times 3 = 126^oC$……..(1)

अतः $\frac{\text{मंगल} + \text{बुद्ध} + \text{गुरू}}{3} = 43^\circ C$

या मंगल + बुध + गुरूवार $= 43^oC \times 3 = 129^oC$… (2)

बृहस्पतिवार का ताप $= 44^oC$…………………...(3)

समीकरण (3) का मान समीकरण (2) में रखने पर

मंगल + बुध + $44^oC = 129^oC$

मंगल + बुध $= (129 - 44)^oC = 85^oC$…….(4)

समीकरण (4) का मान समीकरण (1) में रखने पर

सोम + $85^oC = 126^oC$

सोम $= (126 - 85)^oC = 41^oC$

अतः सोमवार का तापमान $41^oC$ होगा।

**130.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

**(P) :**किसी संख्या में 40% वृद्धि के लिए यह पर्याप्त है, कि उस संख्या को 1.4 से गुणा किया जाए।

**(Q) :** किसी संख्या में 40% कमी करने के लिए यह पर्याप्त है कि उस संख्या को 1.4 से विभाजित किया जाए, यहां -

(a) P सत्य है, परन्तु Q असत्य है

(b) Q सत्य है, परन्तु P असत्य है

(c) दोनों P और Q सत्य हैं

(d) दोनों P और Q असत्य हैं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -**कथन P

यदि संख्या 100 हो

तो 100 का 40% = 40

प्रश्नानुसार $100 + 40 = 100 \times 1.4$

या $140 = 140$

अतः P सत्य है

कथन Q

यदि संख्या 100 हो

प्रश्नानुसार $100 - 40 = \frac{100}{1.4}$

$60 \neq 71.4$

अतः Q असत्य है।

**131. यदि X का $33\frac{1}{3}\% = 11$ हो तो X का मान होगा -**

(a) 11 (b) 22

(c) 33 (d) 44

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** X का $33\frac{1}{3}\% = 11$

$X \times \frac{33\frac{1}{3}}{100} = 11$

$X \times \frac{100}{3} \Big/ \frac{100}{1} = 11$ या $X \times \frac{100}{3} \times \frac{1}{100} = 11$

$X \times \frac{1}{3} = 11$

$X = 11 \times 3 \quad X = 33$

**132. दिल्ली से अमृतसर के लिए दो गाड़ियां एक ही दिन 10 बजे और 11 बजे सुबह क्रमशः 60 किमी. और 75 किमी. प्रति घण्टा की चाल से चलती है। दिल्ली से कितने किमी. की दूरी पर दोनों गाड़ियां मिलेंगी?**

(a) 150 (b) 200

(c) 250 (d) 300

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**दो गाड़ियां क्रमशः 10 बजे और 11 बजे दिन में चलती है

दोनों की चाल का अन्तर 75 - 60 = 15 किमी./घण्टा

दोनों गाड़ी के समय का अन्तर = 1 घंटा = 60 मिनट

पहली गाड़ी 60 मिनट में 60 किमी दूरी तय करती है

अतः दूसरी गाड़ी के प्रस्थान के समय दोनों बीच दूरी 60 किमी. है

दोनों गाड़ी एक स्थान पर = 60/15 = 4 घंटा में मिलेंगी

इसलिए 4 घंटे में दूसरी गाड़ी द्वारा तय की गयी दूरी = 75 x 4

= 300 किमी.

**133. एक परीक्षा में 20% छात्र अंग्रेजी में असफल रहे, 35% छात्र हिन्दी में असफल रहे। 27% छात्र दोनों में असफल रहे। यदि उत्तीर्ण छात्रों की संख्या 288 हो, तो परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या है -**

(a) 600 (b) 500

(c) 400 (d) 300

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** माना कुल छात्रों की संख्या 100 है।

कुल असफल छात्रों की प्रतिशत संख्या

= 20 (अंग्रेजी) +35 (हिन्दी)–27 (दोनों में)

= 55-27 = 28% छात्र

कुल सफल छात्रों का प्रतिशत = 100-28 = 72% छात्र

∵ जब 72 छात्र सफल होते हैं तो कुल छात्र संख्या 100 है

∴ 1 छात्र सफल होगा तो कुल छात्र संख्या $= \frac{100}{72}$ होगी

∴ जब 288 छात्र सफल होंगे तो कुल छात्र संख्या $= \frac{100 \quad 288}{72}$

कुल छात्र संख्या = 400 छात्र

**134. मेरी घड़ी सोमवार 2 बजे दोपहर में 3 मिनट पीछे है, और बुधवार 2 बजे दोपहर में 5 मिनट आगे है। इसने ठीक समय कब दिखाया?**

(a) मंगलवार 6 बजे सुबह (b) मंगलवार 8 बजे सुबह
(c) बुधवार 4 बजे सुबह (d) बुधबार 8 बजे सुबह

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** सोमवार दोपहर से बुधवार दोपहर तक अर्थात

48 घंटे में समयान्तर होता है- 5 + 3 = 8 मिनट

∵ 8 मिनट समयान्तर होता है 48 घंटे में

1 मिनट समयान्तर होता है $= \frac{48}{8} = 6$ घंटे में

3 मिनट समयान्तर होता है $= 6 \times 3 = 18$ घंटे में

अतः 3 मिनट आगे होने में सोमवार दो बजे के बाद से 18 घंटे समय लगेगा यानी मंगलवार सुबह 8 बजे घड़ी ने सही समय दिखाया।

**135. हाल में हुए राउण्ड-द-वर्ल्ड एयर दौड़ प्रतियोगिता में किस भारतीय ने विजय हासिल की?**

(a) विजयपत सिंघानिया (b) दलपत सिंघानिया
(c) डॉ. कर्ण सिंह (d) नवल के. टाटा

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** प्रश्नकाल में राउण्ड-द-वर्ल्ड एयर दौड़ प्रतियोगिता में विजयपत सिंघानिया ने विजय हासिल की थी।

**136. स्टार टी. वी. का मालिक कौन है?**

(a) टाटा ग्रुप (b) रिचर्ड स्टेनबरो
(c) रूपर्ड मर्डोक (d) जार्ज लूका

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** प्रश्नकाल में स्टार टी.वी. के मालिक रूपर्ड मर्डोक थे। वर्तमान में स्टार टी.वी. को डिजनी ग्रुप ने खरीद लिया है।

**137. पाकिस्तानी लेखक डॉ. सादिक हुसैन द्वारा लिखी पुस्तक तारीख-ए-मुजाहिदीन ने भारत के लोगों में काफी खलबली पैदा कर दी, क्योंकि इस पुस्तक में -**

(a) कहा जाता है कि इसमें सिख गुरुओं को चोर, गुण्डा और डाकू कहा गया है
(b) कहा जाता है कि इसमें भारतीय मुसलमानों को बहुत भद्दी गाली दी गई है और उन पर कटाक्ष किया गया है
(c) कहा जाता है कि इसमें कश्मीर उग्रवादियों को भारतीय नेताओं को मारने के लिए उकसाया गया है
(d) कहा जाता है कि इसमें हिन्दुओं को पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** पाकिस्तानी लेखक डॉ. सादिक हुसैन द्वारा लिखी पुस्तक तारीख-ए-मुजाहिदीन में सिख गुरूओं को चोर, गुण्डा और डाकू कहने के कारण इस पुस्तक ने भारत के लोगों में काफी खलबली पैदा कर दी।

**138. हाल ही में ब्रिटेन में रहने वाले हरे-कृष्ण भक्तों ने हुकूमत के खिलाफ हजारों की संख्या में विरोध मार्च में हिस्सा लिया था, यह विरोध मार्च किससे सम्बन्धित था?**

(a) हिन्दुओं को ब्रिटेन में नए मंदिर बनाने की मनाही से
(b) भक्तिवेदान्त मंदिर को बन्द करने के आदेश से
(c) कुछ निर्धारित क्षेत्रों में हिन्दुओं को अंग्रेजों से मिलने की मनाही से
(d) हिन्दुओं को अपने नए मकान बनाने की मनाही से

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भक्तिवेदांत मंदिर को बंद करने के आदेश के कारण ब्रिटेन में रहने वाले हरे-कृष्ण भक्तों ने हुकूमत के खिलाफ विरोध मार्च में हिस्सा लिया था।

**139. शाहतूश जो विश्व का सबसे सुन्दर, गरम और हल्का ऊन माना जाता है, वह कहां पैदा होती है?**

(a) नेपाल (b) उज्बेकिस्तान
(c) चीन (d) बांग्लादेश

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** शाहतूश जो विश्व का सबसे सुन्दर, गरम और हल्का ऊन माना जाता है, चीन में उत्पादित होता है। शाहतूत ऊन चीरु या चिकार नामक भेड़ के आकार के जानवर से प्राप्त होता है। ये मंगोलिया में पाए जाने वाले प्रवासी जानवर हैं जो तिब्बत (चीन) में साल में एक बार इकट्ठा होते हैं। यहाँ पर यायावर या वकरवाल जिन्हें नोमेड्स कहते हैं, इनका शिकार करते हैं। ज्ञात हो कि चिरु के बाल इतने छोटे होते हैं कि इन्हें मारकर ही इनके बालों को प्राप्त किया जा सकता है। एक चिरु के मरने से सिर्फ 50 ग्राम कीमती ऊन प्राप्त होता है।

**140. उत्तरी कोरिया और अमेरिका के बीच युद्ध जैसा तनाव पैदा होने का कारण क्या है ?**

(a) उत्तर कोरिया का अपने परमाणु ठिकानों का निरीक्षण करवाने से साफ इन्कार करना
(b) अमेरिका द्वारा अपने पेट्रियाट प्रक्षेपास्त्रों को दक्षिण कोरिया में उतारना
(c) जापान-अमेरिका द्वारा उत्तर कोरिया के खिलाफ आर्थिक नाकाबन्दी
(d) अमेरिका का क्षेत्रीय नीति के तहत् कोरिया पेनिनसुला पर एकछत्र अधिकार

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** उत्तरी कोरिया और अमेरिका के बीच युद्ध जैसा तनाव पैदा होने का कारण उत्तर कोरिया का अपने परमाणु ठिकानों का निरीक्षण करवाने से साफ इन्कार करना था।

**141. 13 सितम्बर, 1993 ई. के इजरायल - पी. एल. ओ. समझौते के तहत इजराइल ने फिलिस्तीनियों को किन क्षेत्रों को सौंप दिया?**

(a) जेरूसलम और सिनाई (b) जोरिको और गाजापट्टी
(c) जोरिको और जेरूसलम (d) गाजापट्टी और जेरूसलम

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** 13 सितम्बर, 1993 ई. के इजरायल - पी. एल. ओ. समझौते के तहत इजराइल ने फिलिस्तीनियों को जोरिको और गाजापट्टी क्षेत्र सौप दिया था।

**142. किस उच्च न्यायालय ने यह फैसला दिया है कि एक ही बार में तीन बार तलाक कहने से तलाक होना गैर-कानूनी है?**

(a) कलकत्ता उच्च न्यायालय (b) इलाहाबाद उच्च न्यायालय

(c) बम्बई उच्च न्यायालय (d) पंजाब उच्च न्यायालय

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मुस्लिम विवाह एवं तलाक कानून में हस्तक्षेप करते हुए यह कहा कि तीन बार तलाक कह देने से तलाक नहीं हो जाता और यह गैर कानूनी है।

**143. शान्ति उद्देश्यों हेतु परमाणु शक्ति का उपयोग करने में भारत किस देश से बहुत ही ज्यादा आगे हैं?**

(a) चीन (b) पाकिस्तान

(c) फ्रांस (d) इंग्लैण्ड

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या -** शान्ति उद्देश्यों हेतु परमाणु शक्ति का उपयोग करने में भारत, पाकिस्तान देश से बहुत ही ज्यादा आगे हैं। वर्तमान समय में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान, इजराइल, उत्तर कोरिया, ईरान आदि देश परमाणु शक्ति से सम्पन्न देश है।

**144. भारत में पहला कौन-सा विश्वविद्यालय होगा जो निजी व्यवस्था की देख-रेख में होगा?**

(a) इन्दिरा गांधी पर्यावरण विश्वविद्यालय

(b) जवाहरलाल नेहरू जीवविज्ञान विश्वविद्यालय

(c) राजीव गांधी कम्प्यूटर विज्ञान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय

(d) सोनिया गांधी सामुदायिक विज्ञान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** राजीव गांधी कम्प्यूटर विज्ञान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वह पहला विश्वविद्यालय होगा जो निजी व्यवस्था की देख-रेख में संचालित होगा।

**145. साउथ एशियन कोलिशन ऑन चाइल्ड सर्विचूड रिपोर्ट के अनुसार भारत में बंधुआ बच्चों की संख्या कितनी है?**

(a) 4.5 करोड़ (b) 5.5 करोड़

(c) 6 करोड़ (d) 6.5 करोड़

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** साउथ एशियन कोलिशन ऑन चाइल्ड सर्विचूड रिपोर्ट 1994 के अनुसार, भारत में बन्धुआ बच्चों की संख्या 4.5 करोड़ थी।

**146. यदि भारत की जनसंख्या में 2% वार्षिक दर से वृद्धि हो, तो जनसंख्या आज की आबादी से दोगुनी हो जाएगी, अगले -**

(a) 25 वर्षों में (b) 30 वर्षों में

(c) 35 वर्षों में (d) 40 वर्षों में

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या -** यदि भारत की जनसंख्या में 2% वार्षिक दर से वृद्धि हो, तो जनसंख्या आज की आबादी से 35 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी।

**147. भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है -**

(a) बंगलौर (b) कोलकाता

(c) हैदराबाद (d) चेन्नई

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार सार्वधिक जनसंख्या वाले शहरों का घटता क्रम –

| शहर | जनसंख्या (लगभग) |
|---|---|
| मुम्बई | 18414288 |
| दिल्ली | 16314838 |
| कोलकाता | 14112536 |
| मद्रास (चेन्नई) | 8696010 |
| बंगलौर (बंगलुरू) | 8499399 |
| हैदराबाद | 7749334 |

अतः प्रश्न में दिए गए विकल्पों के अनुसार भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर बेंगलुरू (जनगणना 2011 के अनुसार) है।

**148. भारत की ग्रामीण संख्या की आबादी की कितने प्रतिशत जनसंख्या प्राइमरी शिक्षा की सुविधा पाती है?**

(a) 94% (b) 96%

(c) 97% (d) 99%

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** सन् 1976 से पूर्व शिक्षा पूर्ण रूप से राज्यों का उत्तरदायित्व था। संविधान द्वारा 1976 ई. में किये गये 42वें संशोधन से शिक्षा को समवर्ती सूची में डाला गया। भारत में प्राथमिक शिक्षा को 6-14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक बुनियादी अधिकार बनाने हेतु संसद ने 86वां संविधान संशोधन 2002 में पारित किया गया। राज्य शिक्षा के वार्षिक रिपोर्ट (ASER-2012) के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के 96.5% बच्चे जिनकी उम्र 6 से 14 वर्ष है, स्कूलों में नामांकित है।

**149. नृशंस प्राणी कौन-सा है?**

(a) पेंगुइन (b) ह्वेल

(c) ऑटर (d) कछुआ

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** कछुआ एक नृशंस प्राणी (Cold Blooded Animal) है। सरीसृप कोल्ड ब्लडेड होते है।

**150. भारत का राष्ट्रीय स्तनी है -**

(a) गाय (b) मयूर

(c) सिंह (d) बाघ

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** भारत का राष्ट्रीय पशु बाघ (पैंथरा टाइग्रिस लिन्नायस), पीले रंगों और धारीदार लोम चर्म वाला एक पशु है, बाघ अपनी शालीनता, दृढ़ता, फुर्ती और अपार शक्ति के लिए हमेशा से सम्मान और प्रशंसा का पात्र रहा है। राष्ट्रीय पक्षी मयूर (पावों क्रिस्टेटस) है, और राष्ट्रीय पुष्प कमल (निलम्बों न्यूसीपेरा गेर्टन) है, यह एक पवित्र पुष्प है तथा प्राचीन भारतीय कला और पुराणों में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

# 40वीं बिहार पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1995
# सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान
## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**1. हड़प्पा में मिट्टी के बर्तनों पर सामान्यतः किस रंग का उपयोग हुआ था?**

(a) लाल (b) नीला-हरा
(c) पाण्डु (d) नीला

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** हड़प्पा से प्राप्त मिट्टी के बर्तन सामान्यतः लाल रंग के हैं। हड़प्पा का पुरास्थल पाकिस्तान के शाहीवाल जिले में, रावी नदी के बायें तट पर, स्थित है। हड़प्पा के ध्वंशावशेषों के विषय में सन् 1826 ई. में चार्ल्स मैसन ने सर्वप्रथम उल्लेख किया। रायबहादुर दयाराम साहनी ने इस स्थल का पुनः अन्वेषण कर 1921-22 तथा 1924-25 के दौरान उत्खनन कार्य करवाया।

**2. ऋग्वेद संहिता का नवां मण्डल पूर्णतः किसको समर्पित है?**

(a) इन्द्र और उनका हाथी
(b) उर्वशी का स्वर्ग
(c) पौधों और जड़ी-बूटियों से सम्बन्धित देवतागण
(d) सोम और इस पेय पर नामांकित देवता

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**ऋग्वेद का नौवां मण्डल सोम देवता को समर्पित है। सोम अपनी मादकता के लिए प्रख्यात था, जो हिमालय के मूँजवंत शिखर पर होता था। सोम का व्यवहार केवल धार्मिक उत्सवों पर होता था। यज्ञों के अवसर पर सोमरस पान करने तथा देवताओं को पीने के लिए समर्पित करने की प्रथा थी।

**3. धर्मशास्त्रों में भू-राजस्व की दर क्या है?**

(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{1}{4}$
(c) $\frac{1}{6}$ (d) $\frac{1}{8}$

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**धर्मशास्त्रों में बताया गया है कि राजा अपने द्वारा किये गये कार्यों अर्थात सामान्यजन की सुरक्षा और कल्याणकारी सेवा आदि, के बदले उपज का छठवां हिस्सा अपनी वृत्ति के रूप में प्राप्त करेगा।

**4. निम्नलिखित में कौन सबसे पूर्वकालिक जैन ग्रन्थ कहलाता है?**

(a) बारह अंग (b) बारह उपांग
(c) चौदह पूर्व (d) चौदह उपपूर्व

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक स्वामी महावीर हैं। 'चौदहपूर्व' प्राचीनतम जैन ग्रंथ है। अंतिम नंद राजा के समय में सम्भूतविजय तथा भद्रबाहू संघ के अध्यक्ष थे तथा ये ही महावीर द्वारा प्रदत्त 14 पूर्वो के विषय में जानने वाले अंतिम व्यक्ति थे। बारह अंग तथा 12 उपांग भी जैन धर्म से सम्बन्धित हैं।

**5. बराबर की गुफाओं का उपयोग किसने आश्रमगृह के रूप में किया?**

(a) आजीवकों ने (b) थारूओं ने
(c) जैनियों ने (d) तान्त्रिकों ने

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** बराबर की गुफाओं का निर्माण अशोक द्वारा तीसरी शताब्दी ई. पू. में बिहार प्रान्त के गया जिले में स्थित बराबर पहाड़ियों को काटकर करवाया गया था। बराबर की गुफाओं का उपयोग आजीवकों ने आश्रम गृह के रूप में किया।

**6. स्तम्भ-I में अंकित नामों को स्तम्भ-II में अंकित नामों से सुमेल करें -**

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| A. नागानन्द | 1. बाणभट्ट |
| B. हर्षचरित | 2. हर्षवर्धन |
| C. तुगलकनामा | 3. अमीर खुसरो |
| D. ता-उल-मो | 4. राजा राममोहन राय |
| E. नील दर्पण | 5. अब्दे मलिक इसासी |
| | 6. दीनबन्धु मित्र |

**कूट :**

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 |
| (c) | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 |

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**नागानन्द-हर्षवर्धन, हर्षचरित-बाणभट्ट, तुगलकनामा-अमीर खुसरो, ता-उल-मो.-राजा राममोहन राय तथा नील दर्पण-दीनबन्धु मित्र द्वारा रचित रचनायें हैं।

**7. चीनी यात्री इत्सिंग ने बिहार का भ्रमण किया, लगभग -**

(a) 405 ई. में (b) 635 ई. में
(c) 670 ई. में (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**चीनी यात्री इत्सिंग ने 671 या 672 ई. में बिहार का भ्रमण किया। इत्सिंग अपने 37 बौद्ध सहयोगियों के साथ बौद्ध धर्म के अवशेषों को देखने की इच्छा से भारत आया था। उसने अपने विवरण में नालन्दा विश्वविद्यालय, विक्रमशिला विश्वविद्यालय तथा उस समय के भारत की दशा का वर्णन किया है। परन्तु यह ह्वेनसांग के विवरण के समान उपयोगी नहीं है। चीनी यात्रियों में सर्वाधिक महत्व ह्वेनसांग का है जो महाराज हर्षवर्धन के शासन काल में भारत आया था। उसने 16 वर्षों तक यहां निवास किया और नालन्दा विश्वविद्यालय में 6 वर्षों तक रहकर शिक्षा प्राप्त की।

**8. नगरों का क्रमिक पतन किस काल की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता थी?**

(a) गुप्तकाल (b) प्रतिहार युग
(c) राष्ट्रकूट (d) सातवाहन युग

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** गुप्तकाल के अन्तिम चरण में व्यापार-वाणिज्य का ह्रास होने लगा तथा आर्थिक गतिशीलता मन्द पड़ने लगी। इसी समय सामंतवाद भी जड़ पकड़ने लगा। फलतः आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र रहे नगरों का पतन होने लगा। ह्वेनसांग ने भी प्रमुख गुप्तकालीन नगरों के उजाड़ होने की बात कही है।

**9. निम्नलिखित में कौन भूमि उत्पाद पर लगने वाले कर को इंगित नहीं करता है?**

(a) खराज (b) खम्स

(c) उश्र (d) मुक्तई

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** खम्स लूट का धन होता था। इस धन का 1/5 भाग राजकोष में तथा 4/5 भाग सैनिकों में बांट दिया जाता था। परन्तु अलाउद्दीन खिलजी एवं मुहम्मद बिन तुगलक ने लूट के धन का 4/5 भाग राजकोष में जमा किया तथा शेष 1/5 भाग सैनिकों में वितरित किया। यह भूमि उत्पाद कर नहीं था। खराज गैर-मुसलमानों से लिया जाने वाला भूमिकर था। यह उपज का 1/3 से 1/2 भाग तक वसूल किया गया। सल्तनत काल में लगान निर्धारण की मिश्रित प्रणाली को `मुक्तई' कहा गया। उश्र केवल मुसलमानों से लिया जाने वाला कर था, जो भूमि की उपज पर लिया जाता था। इस कर की वसूली में बल प्रयोग किया जा सकता था। यह कर प्राकृतिक साधनों से सिंचित भूमि की उपज का 1/10 भाग या 10% तथा मनुष्यकृत साधनों से सिंचित भूमि की उपज का 1/20 या 5% भाग लिया जाता था।

**10. विजयनगर के उस पहले शासक की पहचान करें जिसने बहमनियों से गोवा को छीना?**

(a) हरिहर-प्रथम (b) हरिहर-द्वितीय

(c) बुक्का-प्रथम (d) देवराय-द्वितीय

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** 1336 ई. में हरिहर और बुक्का ने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की। हरिहर प्रथम इस राज्य का प्रथम शासक हुआ। 1377 ई. में सुल्तान मुजाहिद ने विजयनगर राज्य पर आक्रमण कर दिया परन्तु उसको सफलता नहीं मिली और वापस जाते समय मार्ग में मुजाहिद का वध कर दिया गया। विजयनगर साम्राज्य के `संगम वंश' के तृतीय शासक-हरिहर द्वितीय की सबसे महत्वपूर्ण सफलता पश्चिम में बहमनी राज्य से 'गोवा' तथा बेलगाँव को छीनना था।

**11. मयूर सिंहासन पर बैठने वाला अन्तिम मुगल सम्राट कौन था?**

(a) शाहआलम (b) मोहम्मदशाह

(c) बहादुरशाह (d) जहांदारशाह

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** मयूर सिंहासन पर बैठने वाला अन्तिम मुगल सम्राट मुहम्मशाह था। मुहम्मदशाह के समय में फारस के शाह नादिरशाह ने 1739 ई. में भारत पर आक्रमण किया और करनाल के युद्ध में मुगल सेना को पराजित किया। वापस जाते समय मयूर सिंहासन तथा कोहिनूर हीरा अपने साथ ले गया। मयूर सिंहासन का निर्माण शाहजहाँ ने करवाया था।

**12. उस क्षेत्र की पहचान करें जहां से यूरोपवासियों को सर्वोत्तम शोरा और अफीम प्राप्त होती थी?**

(a) बिहार (b) गुजरात

(c) बंगाल (d) मद्रास

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** यूरोपवासियों को सर्वोत्तम अफीम और शोरा की प्राप्ति बिहार से होती थी। शोरा का उत्पादन बंगाल में भी प्रचुर मात्रा में होता था। यहाँ पर व्यापार करने वाले यूरोपियों में मुख्य रूप से पुर्तगाली, डच, अंग्रेज और फ्रांसीसी थे।

**13. निम्नलिखित अंग्रेजों में से किसे जहांगीर ने `खान' की उपाधि से सम्मानित किया था?**

(a) हॉकिन्स (b) सर टॉमस रो

(c) एडवर्ड (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** भारत में व्यापारिक कोठियां खोलने के प्रयास के अंतर्गत ब्रिटेन के सम्राट जेम्स प्रथम ने 1608 ई. में `कैप्टन हॉकिन्स' को अपने राजदूत के रूप में मुगल सम्राट जहांगीर के दरबार में भेजा। जहाँगीर ने हॉकिंस को 400 जात का मनसब तथा 'खान' की उपाधि प्रदान की थी। 1615 ई. में सम्राट जेम्स प्रथम ने `सर टामस रो' को अपना राजदूत बनाकर जहांगीर के पास भेजा। टामस रो का एकमात्र उद्देश्य था व्यापारिक संधि करना यद्यपि उसका जहांगीर से व्यापारिक समझौता नहीं हो सका फिर भी उसे तत्कालीन गुजरात के सूबेदार `खुर्रम' से व्यापारिक कोठियों को खोलने के लिए `फरमान' प्राप्त हो गया।

**14. मध्यकाल में बिहार शरीफ का नगर महत्वपूर्ण रहा -**

1. व्यापार केन्द्र के रूप में 2. विद्या केन्द्र के रूप में
3. प्रशासनिक केन्द्र के रूप में 4. धार्मिक केन्द्र के रूप में

**अपने उत्तर का चयन निम्नांकित कूटों से करें -**

**कूट :**

(a) 1 एवं 3 (b) 1, 2 एवं 3

(c) 2, 3 एवं 4 (d) 2 एवं 4

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–** मध्यकाल में बिहार के वर्तमान नालंदा जिले का मुख्यालय 'बिहार शरीफ' जो विद्या, धर्म तथा प्रशासन का प्रमुख केन्द्र था। विद्या केन्द्र के रूप में यहां पर 'ओदन्तपुर विश्वविद्यालय' स्थित था एवं यहीं पर सूफी संत सर्फूद्दीन मनेरी की प्रसिद्ध दरगाह भी स्थित था। इसके अलावा, यह शहर मुस्लिम शासकों की राजधानी (विशेषकर 13वीं से 16वीं शताब्दी के बीच) भी रहा।

**15. बिहार के सुप्रसिद्ध सन्त सर्फूदीन मनेरी का सम्बन्ध सूफियों के किस सम्प्रदाय से था?**

(a) चिश्ती (b) सुहारवर्दी

(c) फिरदौसी (d) कुब्रवी

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**बारहवीं शताब्दी में अनेक सूफी संत भारत आये। 1192 में मुहम्मद गोरी के साथ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भारत आये। उन्होंने यहां चिश्ती सिलसिले की स्थापना की। इनकी गतिविधियों का मुख्य केन्द्र अजमेर था। मध्यकालीन बिहार में फिरदौसी सिलसिला सबसे अधिक लोकप्रिय था। बिहार के सुप्रसिद्ध संत सर्फूदीन मनेरी का सम्बन्ध इसी सिलसिले से था। बिहार-शरीफ में संत सर्फूद्दीन मनेरी की दरगाह है। सुहरावर्दी सम्प्रदाय की स्थापना शेख शहाबुद्दीन उमर सुहरावर्दी ने की थी, किन्तु इसके सुदृढ़ संचालन का श्रेय शेख बहाउद्दीन जकारिया को है। 'कादिरी संघ' की स्थापना सैयद अब्दुल कादिर जिलानी ने की थी। भारत में इस सिलसिले के प्रमुख संत मुहम्मद गौस थे।

**16. उन्नीसवीं शताब्दी के धर्म एवं समाज-सुधार आन्दोलनों ने जनसंख्या के किस वर्ग को मुख्यतः आकर्षित किया?**

1. बुद्धिजीवी 2. नगरीय उच्च जातियां
3. निर्धन सर्वसाधारण वर्ग 4. उदार रजवाड़े

**अपने उत्तर का चयन निम्नांकित कूटों से करें -**

(a) केवल 1 (b) 1 एवं 2
(c) 1, 2 एवं 3 (d) 1, 2 एवं 4

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-उन्नीसवीं सदी को भारत में धार्मिक एवं सामाजिक पुनर्जागरण की सदी माना गया। इस समय कम्पनी की पाश्चात्य शिक्षा पद्धति से आधुनिक तत्कालीन युवा मन चिन्तनशील हो उठा। इस आन्दोलन ने बुद्धिजीवी वर्गों, नगरीय उच्च जातियों तथा उदार रजवाड़ों को मुख्य रूप से आकर्षित किया।

**17. किसने 1873 ई. में सत्य शोधक समाज की स्थापना की?**

(a) गोपालकृष्ण गोखले (b) ज्योतिबा फुले
(c) शिवनाथ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या—**'सत्यशोधक समाज' नामक संगठन की स्थापना महाराष्ट्र में ज्योतिबा फुले ने सितम्बर, 1873 में किया था। इस संगठन की स्थापना ज्योतिबा फुले द्वारा निम्न जातियों के कल्याण करने तथा पाखण्डी एवं स्वार्थी ब्राह्मणों से उन्हें सुरक्षा दिलाने के लिए की गई। ज्योतिबा फुले ने 'गुलामगीरी' नामक पुस्तक भी लिखी। गांधी जी के राजनीतिक गुरु गोपालकृष्ण गोखले ने 'भारत सेवक समाज' की स्थापना की थी।

**18. 1857 ई. के विद्रोह ने बिहार के कई नगरों को प्रभावित किया। बिहार के विभिन्न नगरों में विद्रोह के विस्फोट का सही क्रम निम्नलिखित में कौन-सा है?**

(a) पटना, मुजफ्फरपुर, रोहिणी, जगदीशपुर
(b) रोहिणी, पटना, मुजफ्फरपुर, जगदीशपुर
(c) मुजफ्फरपुर, पटना, जगदीशपुर, रोहिणी
(d) जगदीशपुर, पटना, रोहिणी, मुजफ्फरपुर

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या—** संथाल परगना जिला के अन्तर्गत देवघर के सबडिविजन के रोहणी नामक गाँव में स्थल सेना के 32 वीं रेजीमेन्ट की एक कंपनी का मुख्यालय था। 7 से 12 जून, 1857 की संध्या में सबसे पहले इस टुकडी ने विद्रोह किया था। पटना में 3 जुलाई, 1857 को विद्रोह हुआ। इसके पश्चात 25 जुलाई, 1857 को मुजफ्फरपुर में तथा 26 जुलाई, 1857 को कुंवर सिंह ने आरा (जगदीशपुर) में विद्रोह किया।

**19. निम्नलिखित वर्गों में किसने 1857 ई. के विद्रोह में भाग नहीं लिया?**

1. खेतिहर मजदूर 2. शाहूकार
3. कृषक 4. जमींदार

**निम्नलिखित कूटों से अपना उत्तर चुनें -**

(a) केवल 1 (b) 1 एवं 2
(c) केवल 2 (d) 2 एवं 4

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** शाहूकार व जमींनदार वर्ग ने 1857 ई. के विद्रोह में भाग नहीं लिया था। केन्द्र और सत्ता के प्रतीक के रूप में दिल्ली पर कब्जे के साथ 1857 के विद्रोह की शुरूआत हुयी। बहादुरशाह द्वितीय द्वारा खुद को हिन्दुस्तान का सम्राट घोषित किए जाने से इस विद्रोह को एक सकारात्मक राजनीतिक बल मिला। वास्तव में ये सिपाही सैनिक वर्दी में `किसान' थे जो अब तक गांव की मिट्टी से जुड़े थे। किसान, दस्तकार, धर्म गुरू, नौकरी-पेशा, दुकानदार हर कोई इस विद्रोह में शामिल हो गया और सिपाहियों का विद्रोह आम जनता का विद्रोह बन गया। यद्यपि विद्रोहियों को जनसाधारण की सहानुभूति मिल रही थी, लेकिन पूरा देश उनके साथ नहीं था। व्यापारी, पढ़े-लिखे लोग और भारतीय शासक अंग्रेजों की सक्रिय मदद कर रहे थे। जमींदार और साहूकार वर्ग अंग्रेजों की सफलता की कामना कर रहा था।

**20. निम्नलिखित में किसने 1857 ई. के विद्रोह को एक षड्यंत्र की संज्ञा दी?**

(a) सर जेम्स आउट्रम एण्ड डब्ल्यू. टेलर
(b) सर जॉन के.
(c) सर जॉन लॉरेन्स
(d) टी. आर. होम्स

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या—**आउट्रम एण्ड टेलर ने 1857 के विद्रोह को अंग्रेजों के विरुद्ध 'हिन्दू-मुस्लिम षड्यंत्र' कहा है। सर जान लॉरेन्स तथा सीले ने इसे 'सिपाही विद्रोह' तथा टी.आर. होम्स ने 'सभ्यता एवं बर्बरता का संघर्ष' कहा।

**21. किसके द्वारा मन्दिरों में प्रवेश के अधिकार की प्रस्तुति के कारण 1899 ई. में तिरुनेलवेली में भयंकर दंगे हुए थे?**

(a) ओकलिंग (b) नाडार
(c) महार (d) पाली

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** मारवा एवं नाडारों द्वारा मंदिरों में प्रवेश के अधिकार की मांग की प्रस्तुति के कारण 1899 ई. में तिरूनेल वेली में भयंकर दंगे हुए थे।

**22. महाराष्ट्र के किस समाज सुधारक को लोकहितवादी कहा जाता था?**

(a) एम. जी. रानाडे (b) गोपालकृष्ण गोखले
(c) पण्डित रामाबाई (d) गोपालहरि देशमुख

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-महाराष्ट्र के समाज सुधारक गोपालहरि देशमुख को लोकहितवादी कहा जाता था। गोपाल कृष्ण गोखले, न्यायाधीश रानाडे के शिष्य थे। वे रानाडे को अपना आध्यात्मिक और राजनीतिक गुरू मानते थे। 1905 में गोखले ने 'सर्वेन्ट ऑफ इण्डिया सोसायटी' की स्थापना की। जिसका उद्देश्य देश भक्त तैयार करना था। उनकी मृत्यु पर तिलक ने उन्हें 'भारत का हीरा', 'महाराष्ट्र का रत्न' और 'देश सेवकों का राजा' बतलाया। ब्रिटिश सरकार गोखले को एक छुपा हुआ राजद्रोही समझती थी। एम. जी. रानाडे को `महाराष्ट्र का सुकरात' तथा `आधुनिक ऋषि' कहा जाता था। रानाडे ने 1870 ई. में पूना में `पूना सार्वजनिक सभा' की स्थापना की। जिसका उद्देश्य जनता में राजनीतिक चेतना को जागृत करना एवं महाराष्ट्र में समाज सुधार करना आदि था।

**23. 1856 ई. में निम्नलिखित कानून पारित हुआ-**

1. धार्मिक असुविधा कानून 2. सती निषेध रेगुलेशन
3. हिन्दू विधवा पुनर्विवाह कानून 4. राज्य हड़पने का सिद्धान्त

**अपने उत्तर का चयन निम्नांकित कूटों से करें -**

(a) 1 एवं 2 (b) 1 एवं 4
(c) 3 एवं 4 (d) 1, 2 एवं 4

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या—**धार्मिक असुविधा कानून का निर्माण 1856 ई. में किया गया। इसमें यह व्यवस्था की गयी थी कि धर्म परिवर्तित करने पर भी किसी हिन्दू को उसकी पैतृक जायदाद से बेदखल नहीं किया जा सकता। इससे उच्च वर्गीय हिन्दुओं के ईसाई बनने पर उत्पन्न होने वाली कठिनाई दूर हो गयी। सती निषेध अधिनियम 1829 ई. के XVII अधिनियम के रूप में पारित किया गया। हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 ई. में पारित हुआ तथा राज्य हड़पने का सिद्धान्त 1848 ई. में व्याख्यापित किया गया।

**24. बिरसा मुण्डा के गुरु कौन थे?**

(a) स्वामी सहजानन्द (b) आनन्द पाण्डे
(c) जात्रा भगत (d) एम. एन. राय

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-आनन्द पाण्डे, बिरसा मुंडा के गुरू थे। मुंडा आदिवासियों का विद्रोह 1895-1900 के बीच हुआ। इसका नेतृत्व बिरसा मुंडा ने किया। बिरसा का जन्म बंटाई की खेती करने वाले एक परिवार में 15 नवम्बर 1875 ई. में रांची जिले के उलीहात नामक गांव में हुआ था। आदिवासी इन्हें `बिरसा भगवान' कहते थे। 1895 में बिरसा ने अपने आप को 'भगवान का दूत' घोषित किया। छोटा नागपुर में 1914-21 के दौरान ताना भगत आंदोलन चला, जिसका नेतृत्व जात्रा भगत ने किया। यह आंदोलन धार्मिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक आंदोलन था। इस पर गांधीवादी प्रभाव था। 11 अप्रैल 1936 ई. को लखनऊ मे 'अखिल भारतीय किसान सभा' की स्थापना हुई। स्वामी सहजानन्द सरस्वती इसके अध्यक्ष तथा प्रो. एन.जी. रंगा इसके महासचिव चुने गये। एम. एन. राय ने 1920 में ताशकंद में साम्यवादी दल का गठन किया।

**25. मानव बलि प्रथा का निषेध करने के कारण अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह करने वाली जनजाति का नाम बताएं?**

(a) कूकी (b) खोंड
(c) उरांव (d) नाइकदा

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-खोंड जनजाति द्रविडियन प्रजाति की हैं। ये लोग काफी सीधे-सादे होते हैं। शुरूआत के दिनों में इनमें मानव-बलि की प्रथा प्रचलित थी। इसे मरिहा (Mariah) कहते थे। अंग्रेजों द्वारा इस कुप्रथा को समाप्त करने के कारण इन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह कर दिया था। अन्ततः अंग्रेजों की कोशिश से यह कुप्रथा समाप्त हो सकी।

**26. रेग्यूलेटिंग एक्ट के प्रावधानों के अन्तर्गत बिहार के लिए एक प्रान्तीय सभा की स्थापना हुई-**

(a) 1772 ई. में (b) 1774 ई. में
(c) 1776 ई. में (d) 1778 ई. में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-रेगुलेटिंग एक्ट का उद्देश्य भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी की गतिविधियों को ब्रिटिश सरकार की निगरानी में लाना था। इसके अतिरिक्त कम्पनी की संचालक समिति में आमूल-चूल परिवर्तन करना तथा कम्पनी के राजनीतिक अस्तित्व को स्वीकार कर उसके व्यापारिक ढांचे को राजनीतिक कार्यों के योग्य बनाना था। इसको 1773 ई. में ब्रिटिश संसद ने पास किया तथा 1774 ई. में इसे लागू किया गया। इस एक्ट के प्रावधानों के अन्तर्गत सन् 1774 में बिहार के लिए एक प्रान्तीय सभा की स्थापना हुई।

**27. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिनमें एक कथन (A) और दूसरा कारण (R) है। दोनों को ध्यानपूर्वक पढ़े -**

**कथन (A) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सन् 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन से पृथक् रहा

**कारण (R) :** इसका विचार था कि इस आन्दोलन से भारत की स्वतंत्रता में देरी होगी।

**उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में कौन सही है?**

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या करता है
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) A सत्य है, परन्तु R असत्य है
(d) A असत्य है, परन्तु R सत्य है

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत छोड़ो आन्दोलन से पृथक रहा था। एक संघ के रूप में इसने आन्दोलन में भाग नहीं लिया था, परन्तु व्यक्ति के रूप में भाग लेने से मनाही भी नहीं थी। अतः यह कारण सत्य नहीं है कि उसका विचार था कि इस आन्दोलन से भारत की स्वतंत्रता में देरी होगी।

**28. ऑल इण्डिया स्टेट पीपुल्स कॉन्फ्रेंस का गठन कब हुआ था?**

(a) सन् 1924 में (b) सन् 1926 में
(c) सन् 1927 में (d) सन् 1929 में

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-ऑल इण्डिया स्टेट पीपुल्स कान्फ्रेन्स का गठन 5 दिसम्बर, 1927 में हुआ था। इस संगठन में बलवन्त राय मेहता, मणीलाल कोठारी एवं जी.आर. आयंगर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**29. कम्युनिस्ट इण्टरनेशनल का सदस्य बनने वाला पहला भारतीय कौन था?**

(a) एम. एन. राय (b) मुजफ्फर अहमद
(c) एस. ए. डांगे (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-एम. एन. राय कम्युनिस्ट इण्टरनेशनल के पहले भारतीय सदस्य थे। जिन्होंने लेनिन के साय मिलकर उपनिवेशों के प्रति कम्युनिस्ट इण्टरनेशनल की नीति तैयार की।

**30. `खुदाई खिदमतगार' संगठन की स्थापना किसने की?**

(a) अबुल कलाम आजाद (b) खान अब्दुल गफ्फार खां
(c) एनायतुल्लाह मशरिकी (d) मौलाना हसरत मोहानी

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान पेशावर (पश्चिमोत्तर प्रांत) में खान अब्दुल गफ्फार खां वर्षों से सक्रिय थे। अब्दुल गफ्फार खां ने वर्ष 1929 में `खुदाई खिदमतगार संगठन' की स्थापना की। ये लोग लाल कुर्ती के नाम से जाने जाते थे। सिविल नाफरमानी आंदोलन में इनकी भूमिका काफी सक्रिय थी। 1934 ई. में अब्दुल गफ्फार खां को कांग्रेस ने प्रधान पद देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने यह कहकर ठुकरा दिया कि वह सैनिक के रूप में उत्पन्न हुए है और उसी रूप में मरेगें। 14 अगस्त, 1987 ई. को उन्हें `भारत रत्न' की सर्वोच्च उपाधि से विभूषित किया गया। हसरत मोहानी पाकिस्तान की स्थापना के घोर विरोधी थे।

**31. असहयोग आन्दोलन की स्थगन सम्बन्धी घटनाओं का सही क्रम इंगित करें -**

1. चौरी-चौरा में पुलिस गोलीकाण्ड
2. उग्र भीड़ द्वारा पुलिस थाने को जलाना
3. गांधी जी द्वारा आन्दोलन का स्थगन
4. गांधी जी की गिरफ्तारी

**निम्नलिखित कूटों में से अपना उत्तर चुने -**

(a) 1, 2, 3 एवं 4 (b) 2, 1, 3 एवं 4
(c) 4, 1, 2 एवं 3 (d) 2, 1, 4 एवं 3

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**लाला लाजपत राय की अध्यक्षता में कलकत्ता में सितम्बर में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ और असहयोग आंदोलन को मंजूरी दे दी गयी। 1920 के नागपुर अधिवेशन में इसे पूर्ण मंजूरी मिल गयी। 4 फरवरी, 1922 को चौरी-चौरा में कांग्रेस और खिलाफत का जुलूस निकला था। कुछ पुलिसवालों ने इनके साथ दुर्व्यवहार किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि जुलूस में शामिल एक जत्थे ने पुलिस पर हमला बोल दिया। पुलिस ने गोली चलायी। इससे उत्तेजित भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया और थाने में आग लगा दी। जिससे 23 पुलिस कर्मी मारे गये। इस घटना की खबर मिलते ही गांधी जी ने 12 फरवरी, 1922 को असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया। मार्च 1922 में गांधी जी को गिरफ्तार करके 6 वर्ष के लिए जेल भेज दिया गया।

**32. किसने खिलाफत आन्दोलन को हिन्दुओं और मुसलमानों की एकता के ऐसे अवसर के रूप में देखा जो सौ वर्षों में भी पुनः प्रस्तुत नहीं होगा?**

(a) अली बन्धु (b) अबुल कलाम आजाद
(c) महात्मा गांधी (d) खान अब्दुल गफ्फार खां

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**महात्मा गाँधी ने खिलाफत आन्दोलन को हिन्दुओं और मुसलमानों की एकता के ऐसे अवसर के रूप में देखा, जो सौ वर्षों में भी पुनः प्रस्तुत नहीं होगा।

**33. निम्नलिखित में किसका योगदान होमरूल लीग की स्थापना में नहीं था?**

(a) बालगंगाधर तिलक (b) एनी बेसेन्ट
(c) एम. सुबह्मण्यम अय्यर (d) टी. ए. अल्कॉट

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**एनी बेसेन्ट ने पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के माध्यम से होमरूल चलाने का प्रस्ताव किया। बाल गंगाधर तिलक ने अप्रैल, 1916 ई. में बेलगांव के सम्मेलन में होमरूल लीग के गठन की घोषणा की। टी. एस. आलकॉट होमरूल की स्थापना से संबंधित नहीं हैं।

**34. निम्नलिखित वर्गों में कौन सन् 1905 के स्वदेशी आन्दोलन से मुख्यतः अप्रभावित रहा?**

1. महिलाएं 2. कृषक
3. मुसलमान 4. बुद्धिजीवी

**कूट :**

(a) 1 एवं 2 (b) 1, 2 एवं 3
(c) 2 एवं 3 (d) 1 एवं 2

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** स्वदेशी आंदोलन, बंगाल विभाजन के विरोध में उठा एक जन आंदोलन था। बंगाल विभाजन का मूल मकसद मूल बंगाल में बंगालियों की आबादी कम करके उन्हें अल्पसंख्यक बनाना था। इस आंदोलन का प्रचार लोकमान्य तिलक ने पूरे देश में विशेषकर बम्बई और पुणे में, अजीत सिंह और लाला लाजपत राय ने पंजाब व उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में इस आंदोलन को पहुँचाया। सैयद हैदर रजा ने दिल्ली में इस आंदोलन का नेतृत्व किया। जनता का बहुत बड़ा हिस्सा पहली बार सक्रिय राष्ट्रवादी राजनीति में भागीदार बना। पहली बार औरतें घर से बाहर निकली और धरने व प्रदर्शन में भाग लिया। जहां तक किसानों, विशेषकर निचले तबके के किसानों को आंदोलन के लिए तैयार करने की बात है, स्वदेशी आंदोलन इस मामले में असफल रहा। स्वदेशी आंदोलन समाज के विभिन्न तबकों के कुछ मुसलमानों को ही अपने साथ ले सका। बहुसंख्यक मुसलमान विशेषकर खेतिहर मुसलमानों ने साथ नहीं दिया।

**35. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्षा का नाम बताएं?**

(a) सरोजिनी नायडू (b) पण्डिता रामाबाई
(c) अरुणा आसफ अली (d) एनी बेसेन्ट

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष एनी बेसेन्ट थी। जिन्होंने 1917 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। सरोजनी नायडू ने 1925 में कानपुर के कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता की। 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान जो भूमिगत संगठनात्मक ढांचा तैयार किया गया था, उसका नेतृत्व अरूणा आसफ अली ने सुचेता कृपलानी के साथ किया।

**36. किस वर्ष `हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना हुई?**

(a) सन् 1920 में (b) सन् 1924 में
(c) सन् 1928 में (d) सन् 1930 में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या** -सबसे पहले भारत के क्रांतिकारी संगठित होना शुरू हुए। इसके पुराने नेता थे क्रांतिकारी-रामप्रसाद बिस्मिल, योगेश चटर्जी और शचींद्रनाथ सान्याल। अक्टूबर 1924 में इन क्रांतिकारी युवकों का कानपुर में एक सम्मेलन हुआ और `हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन (अथवा सेना)' का गठन किया गया। इसका उद्देश्य सशक्त क्रांति के माध्यम से औपनिवेशिक सत्ता को उखाड़ फेंकना और एक संघीय गणतंत्र `संयुक्त राज्य भारत' की स्थापना करना था।

**37. छोटा नागपुर का पठार -**

(a) एक अग्रगभीर है (b) एक गर्त है
(c) एक पदस्थली है (d) एक समप्राय भूमि है

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** छोटा नागपुर पठार एक समप्राय भूमि है। बिहार के मैदानी क्षेत्र के ठीक दक्षिण में 150 मीटर की समोच्च रेखा से छोटा नागपुर के पठार का आरम्भ है। रोहतास की कैमूर पहाड़ी के अलावा वह समस्त क्षेत्र छोटानागपुर पठार के अन्तर्गत आ जाता है। उत्तर-पूर्वी भारत की ओर फैले प्रायद्वीपीय भारत का यह एक हिस्सा है।

**38. सबसे बड़ा हिमनद निम्नलिखित में कौन है?**

(a) कंचनजंघा (b) रुन्डून
(c) गंगोत्री (d) केदारनाथ

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-उपर्युक्त विकल्पों में गंगोत्री हिमनद सबसे बड़ा है। गंगोत्री हिमनद की लम्बाई (30 किमी.) है जो कुमाऊँ/उत्तराखण्ड में स्थित है।

हिमालय के प्रमुख हिमनद-

| | | |
|---|---|---|
| सियाचिन | (76 km) | काराकोरम |
| सासाइनी | (68 km) | काराकोरम |
| बियाफो | (62 km) | काराकोरम |
| हिस्पर | (61 km) | काराकोरम |
| गंगोत्री | (30 km) | कुमाऊँ/उत्तराखण्ड |
| पुन्माह | (27 km) | काराकोरम |
| जेमू | (26 km) | कंचनजंगा |
| चेराबाड़ी | (7 km) | उत्तराखण्ड |

**39. क्षेत्रफल के अनुसार निम्नलिखित राज्यों का सही अवरोही क्रम क्या है?**

1. आंध्र प्रदेश　2. बिहार
3. मध्य प्रदेश　4. उत्तर प्रदेश

**कूट :**

(a) 3, 2, 4, 1　(b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 3, 2, 1　(d) 3, 4, 1, 2

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** क्षेत्रफल के अनुसार राज्यों का अवरोही क्रम- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा बिहार है। इनका क्षेत्रफल निम्नवत् हैं-मध्य प्रदेश 3,082,45 वर्ग किमी., उत्तर प्रदेश 2,40,928 वर्ग किमी., आंध्र प्रदेश-1,60,205 वर्ग किमी., तथा बिहार-94163 वर्ग किमी.। क्षेत्रफल के आधार पर बिहार का 12वां स्थान है।

**40. निम्नलिखित में कौन भूमि बन्धित नदी है -**

(a) ताप्ती　(b) कृष्णा　(c) लूनी　(d) नर्मदा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**लूनी नदी अरावली श्रेणी में अजमेर के दक्षिण पश्चिम से निकलती है। यह नदी भूमि बन्धित नदी है। 320 किमी. लम्बी यह नदी अरावली के समानांतर में अर्द्ध मरुस्थलीय प्रदेश में प्रवाहित होकर कच्छ के रन की दलदली भूमि में विलुप्त हो जाती है। नर्मदा नदी का उद्‌गम अमरकण्टक के पश्चिमी ढाल से होता है। यह नदी भ्रंशोत्थ घाटी में प्रवाहित होती है तथा अरब सागर में एस्चुअरी बनाती है। ताप्ती नदी की उत्पत्ति मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में सतपुड़ा की पहाड़ियों से होती है। पूर्णा नदी , गिरना नदी इसकी सहायक नदीयाँ है। कृष्णा नदी महाबलेश्वर के निकट पश्चिमी घाट से निकलती है। इसकी प्रमुख सहायक नदी तुंगभद्रा है।

**41. मानसून का निवर्तन इंगित होता है -**

1. साफ आकाश से
2. बंगाल की खाड़ी में अधिक दाब परिस्थिति से
3. स्थल पर तापमान के बढ़ने से

**निम्नांकित कूटों से अपना उत्तर चुनें -**

(a) केवल 1　(b) 1 एवं 2
(c) 1, 2 एवं 3　(d) 1 एवं 3

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-मानसून के निवर्तन के समय आकाश स्वच्छ रहता है और तापमान बढ़ने लगता है एवं भूमि में नमी मौजूद होती है। परन्तु बंगाल की खाड़ी में अधिक दाब परिस्थिति मानसून के निवर्तन को इंगित नहीं करती है।

**42. भारत के `चावल के कटोरे' क्षेत्र का नाम बताएं -**

(a) केरल और तमिलनाडु　(b) कृष्णा-गोदावरी डेल्टा क्षेत्र
(c) पूर्वोत्तर क्षेत्र　(d) सिन्धु-गंगा का मैदान

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-चावल की फसल के लिए चिकनी उपजाऊ मिट्टी, गर्म जलवायु तथा 75 सेमी. से 200 सेमी. तक वर्षा की आवश्यकता होती है। कृष्णा-गोदावरी डेल्टा क्षेत्र चावल की उपज के लिए उपयुक्त है। इसलिए इस क्षेत्र को `चावल के कटोरे' के नाम से जाना जाता है।

**43. भारत में सबसे महत्त्वपूर्ण मत्स्य उद्योग है -**

(a) गहरे गहरे　(b) उपतट में
(c) सांस्कृतिक अन्तः स्थलीय　(d) प्राकृतिक अन्तः स्थलीय

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** भारत में सबसे महत्त्वपूर्ण मत्स्य उद्योग अन्तः स्थलीय मत्स्य क्षेत्र है जो 2017-18 के आंकड़ों के अनुसार कुल मछली उत्पादन में 70% से अधिक का योगदान करता है। अन्तः स्थलीय मत्स्य क्षेत्र के तहत सांस्कृतिक अन्तः स्थलीय (Cultural Inland) मत्स्य क्षेत्र ज्यादा महत्त्वपूर्ण मत्स्य क्षेत्र है।

**44. मार्मागाओ पत्तन स्थित है -**

(a) ओड़िसा में　(b) तमिलनाडु में
(c) गोवा में　(d) केरल में

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** भारत की तट रेखा 7516 किमी. लम्बी है। किन्तु यह तट रेखा कम कटी-फटी होने के कारण इसके तट पर बड़े प्राकृतिक बंदरगाह बहुत कम हैं। मर्मगाओ पत्तन गोवा में स्थित है। इसका पोताश्रय प्राकृतिक है। यहां से निर्यात, आयात की तुलना में अधिक है। कोचीन केरल में स्थित एक प्राकृतिक पोताश्रय है। पालघाट दर्रे से होकर बनाये गये रेल मार्ग द्वारा यह दक्षिण भारत के भीतरी भागों से जुड़ा है। तूतीकोरिन, तमिलनाडु में स्थित है जो यह मन्नार की खाड़ी में स्थित है। इसकी पृष्ठभूमि खनिज, पशु और कृषि संसाधनों से युक्त है। पारादीप, ओड़िसा में स्थित एक कृत्रिम बंदरगाह है। यहां से जापान को ओड़िसा (किरी बुद्ध क्षेत्र) का लौह अयस्क निर्यात किया जाता है।

**45. तेज हवा वाली रात्रि में ओस नहीं बनती, क्योंकि -**

(a) वाष्पीकरण की दर तेज होती है (b) हवा में नमी कम होती है
(c) तापमान ऊँचा रहता है　(d) आकाश साफ नहीं होता

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**- तेज हवा वाली रात्रि में ओस नहीं बनती है क्योंकि तेज हवा के कारण वाष्पन की दर तेज हो जाती है, इसलिए ओस के कण वाष्पित हो जाते है।

**46. हमारी आकाशगंगा के केन्द्र की परिक्रमा करने में सूर्य को समय लगता है -**

(a) 5 करोड़ वर्ष　(b) 10 करोड़ वर्ष
(c) 20 करोड़ वर्ष　(d) 25 करोड़ वर्ष

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**- सूर्य हमारी आकाशगंगा के अनेक तारों में से एक है। गैलेक्सी में स्थित प्रत्येक तारा इसके केंद्र की परिक्रमा करता है। जो तारा केंद्र के निकट होता है उसका परिक्रमण काल कम तथा जो केन्द्र से दूर होता है, उसका परिक्रमण काल अधिक होता है। आकाशगंगा के केंद्र की परिक्रमा सूर्य द्वारा लगभग 22.5 से 25 करोड़ वर्ष लगते है।

**47. समस्त विश्व में चीतों की सर्वाधिक आबादी भारत में है, इनकी अनुमानित संख्या है -**

(a) 6000　(b) 16000
(c) 60000　(d) 10600

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या-** इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की रेड लिस्ट में चीतों को ''असुरक्षित'' श्रेणी में रखा गया है। IUCN के अनुसार दुनियाभर में 7000 से भी कम चीते बचे हैं जो ज्यादातर अफ्रीका के घास के मैदानों में पाए जाते हैं। वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 31 है। इनमें से 29 कूनो नेशनल पार्क में हैं और 2 चीतों को गाँधी सागर अभ्यारण्य में स्थानांतरित किया गया है। वर्ष 1952 में भारत से चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया गया था, जिसका वर्तमान में पुनर्वास किया जा रहा है।

**48. न्यूजीलैण्ड में पाया जाने वाला उड्डयनहीन पक्षी है -**
(a) शुतुरमुर्ग (b) ऐल्बेट्रॉस
(c) कीवी (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** न्यूजीलैण्ड में पाया जाने वाला उड्डयनहीन पक्षी कीवी है।

**49. मृदा अपरदन रोका जा सकता है -**
(a) अति चराई द्वारा (b) वनस्पति के उन्मूलन द्वारा
(c) वनारोपण द्वारा (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**मृदा अपरदन को वनारोपण द्वारा रोका जा सकता है।

**50. पारिस्थितिक सन्तुलन बनाए रखने के लिए न्यूनतम वन आवरण अनिवार्य है -**
(a) सम्पूर्ण भूमि का 25% (b) सम्पूर्ण भूमि का 50%
(c) सम्पूर्ण भूमि का 40% (d) सम्पूर्ण भूमि का 33%
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** मानव व अन्य जीवधारी, जिस जैविक और भौतिक परिस्थितियों एवं वातावरण में रहते हैं, उसे पर्यावरण और उसके दूषित होने की प्रक्रिया (प्रदूषण) और इनका अध्ययन, जिस विज्ञान के अन्तर्गत किया जाता है, उसे `पारिस्थितिकी विज्ञान' कहते हैं। राष्ट्रीय वन नीति - 1952 के अनुसार कम से कम 33% भू-भाग में वनावरण पारिस्थितिक संतुलन के लिए अनिवार्य है।

**51. निम्नलिखित में कौन-एक पत्तन नगर नहीं है?**
(a) टोकियो (b) कैनबरा
(c) न्यूयॉर्क (d) लन्दन
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** टोक्यो, न्यूयॉर्क एवं लन्दन पत्तन नगर है, जबकि कैनबरा पत्तन नगर नहीं है।

**52. आग्नेय चट्टानों के लिए निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) उनमें पुराजीवाश्म बहुत कम होते हैं
(b) वे जल के लिए सरन्ध्र होती है
(c) वे क्रिस्टलीय तथा अक्रिस्टलीय दोनों ही होती हैं
(d) इन चट्टानों में सिलिका नहीं होती है
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**आग्नेय चट्टानों का निर्माण पृथ्वी के आन्तरिक भाग के पिघले पदार्थ मैग्मा (Magma) के ठोस होने से होता है। ये चट्टानें क्रिस्टलीय तथा अक्रिस्टलीय दोनों ही होती है।

**53. `पत्थर के कोयले' के भण्डार में कौन-सा देश संसार में अग्रणी है?**
(a) नेपाल (b) चीन
(c) न्यूजीलैण्ड (d) भारत
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**वर्ष 2020 के अनुसार शीर्ष पांच देश कोयला भंडारण में
(1) अमेरिका (2) रूस
(3) आस्ट्रेलिया (4) चीन
(5) भारत
उत्पादन की दृष्टि से शीर्ष पांच देश-
(1) चीन (2) भारत रूस
(3) इंडोनेशिया (4) अमेरिका
(5 ) ऑस्ट्रेलिया

**54. सन् 1991 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या है-**
(a) 80.2 करोड़ (b) 82.2 करोड़
(c) 84.4 करोड़ (d) 88.5 करोड़
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**1991 ई. की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 84.63 करोड़ थी। जनगणना 2011 के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1,21,08,54,977 है जिसमें पुरुष 62,32,70,258 तथा स्त्रियों की संख्या 58,75,84,719 है।

**55. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सम्बन्ध में निम्नलिखित में कौन-सा क्रम सही है?**
(a) गणतंत्र, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, सार्वभौम सत्ता सम्पन्न
(b) सार्वभौम सत्ता सम्पन्न, समाजवादी, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष
(c) सार्वभौम सत्ता सम्पन्न, जनवादी, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी
(d) सार्वभौम सत्ता सम्पन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, जनवादी गणतंत्र
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**भारतीय संविधान की प्रस्तावना (Preamble) में 42वें संविधान संशोधन के बाद जिसमें कुछ नये आदर्श प्रतिस्थापित किये गये हैं। अब सही क्रम सम्प्रभु, समाजवादी, पंथ (धर्म) निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य है।

**56. उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने विधान सभा के सत्र के आयोजन के लिए इसके अध्यक्ष को निर्देश दिया। ऐसा करने में वे उन अधिकारों का उपयोग कर रहे थे जो उनके पद में निहित हैं -**
(a) अनुच्छेद 172 द्वारा (b) अनुच्छेद 175 द्वारा
(c) अनुच्छेद 175 (2) द्वारा (d) अनुच्छेद 176 द्वारा
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 175(2) के अनुसार राज्यपाल, राज्य के विधान-मण्डल में उस समय लम्बित किसी विधेयक के सम्बन्ध में सन्देश या कोई अन्य संदेश उस राज्य के विधान मण्डल के सदन या सदनों को भेज सकेगा और जिस सदन को कोई सन्देश इस प्रकार भेजा गया है, वह सदन उस सन्देश द्वारा विचार करने के लिए अपेक्षित विषय पर सुविधानुसार शीघ्रता से विचार करेगा।

**57. संसद के दोनों सदनों का संयुक्त अधिवेशन आयोजित होता है-**
1. भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए
2. भारत के उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए
3. संविधान में संशोधन से सम्बन्धित विधेयक को पारित करने के लिए
4. एक ऐसे विधेयक पर विचार करने और उसे पारित करने के लिए जिस पर दोनों में मतभेद हो

**निम्नलिखित कूटों से अपना उत्तर चुनें -**
(a) 1 एवं 4 (b) 3 एवं 4
(c) 1 एवं 2 (d) केवल 4
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 108 के अनुसार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक केवल साधारण विधेयक पर उनमें मतभेद होने की स्थिति में ही होती है। संविधान संशोधन विधेयक तथा धन विधेयक के मामलों में संसद की संयुक्त बैठक का कोई प्रावधान नहीं है।

**58. लोकसभा को उसके कार्यकाल की समाप्ति के पूर्व ही भंग किया जा सकता है -**
(a) राष्ट्रपति द्वारा, उसकी इच्छानुसार
(b) अध्यक्ष (स्पीकर) द्वारा
(c) राष्ट्रपति द्वारा, मंत्रिपरिषद् की सलाह पर
(d) राष्ट्रपति द्वारा, अध्यक्ष की सलाह पर
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** अनुच्छेद 83(2) के अनुसार लोकसभा का सामान्य कार्यकाल 5 वर्ष तक का होता है, परन्तु भारतीय संविधान के अनुच्छेद 85 (2ख) के अनुसार राष्ट्रपति लोकसभा को मंत्रिपरिषद् की सलाह से उसके कार्यकाल की समाप्ति के पूर्व भी भंग कर सकता है।

**59. भारतीय संविधान के निम्नांकित अनुच्छेद में कौन राज्य की विधान सभाओं के निर्वाचन का प्रावधान प्रस्तुत करता है?**
(a) अनुच्छेद 170 (b) अनुच्छेद 176
(c) अनुच्छेद 178 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 170 यह उपबंध करता है कि अनुच्छेद 333 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, प्रत्येक राज्य की विधान सभा उस राज्य में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने हुए पांच सौ से अनधिक और साठ से अन्यून सदस्यों से मिलकर बनेगी। अनुच्छेद 176 (1) के अनुसार प्रत्येक महानिर्वाचन के उपरांत राज्य विधान सभा के प्रथम सत्र पर तथा प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र पर राज्यपाल राज्य की विधान सभा या दोनों सदनों को संयुक्त रूप से सम्बोधित करेगा। अनुच्छेद 178 के अनुसार विधान सभा का मुख्य पदाधिकारी अध्यक्ष होता है। उसका चुनाव विधान सभा के सदस्यों द्वारा अपने ही सदस्यों में से किया जाता है। सभा अपने सदस्यों में से ही एक उपाध्यक्ष का चुनाव भी करती है।

**60. निम्नलिखित राज्यों में कहां विधान परिषद् है?**
1. केरल 2. हिमाचल प्रदेश
3. दिल्ली 4. बिहार
**कूट :**
(a) 1 और 4 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) केवल 4
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**द्विसदनीय विधान मण्डल वाले राज्य हैं- बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना तथा आन्ध्र प्रदेश है।

**61. किसी राज्य में विधान परिषद् की संरचना अथवा विघटन किया जा सकता है -**
(a) उस राज्य की विधान सभा द्वारा
(b) केन्द्रीय संसद द्वारा
(c) केन्द्रीय संसद द्वारा, राज्यपाल की अनुशंसा पर
(d) राष्ट्रपति द्वारा, राज्यपाल का अनुशंसा पर
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** संविधान के अनुच्छेद 169 के अंतर्गत संसद विधि द्वारा किसी ऐसे राज्य में जहाँ विधान परिषद नहीं है, में विधान परिषद का सृजन तथा जिस राज्य में विधान परिषद विद्यमान है उस राज्य से उसका उत्सादन कर सकती है। संसद द्वारा किसी राज्य में विधान परिषद के सृजन या उत्सादन के लिए सम्बंधित राज्य की विधान सभा द्वारा इस आशय का संकल्प कुल सदस्यों के बहुमत एवं उपस्थित व मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत से पारित किया जाना आवश्यक है। विधान परिषद के सृजन या उत्सादन के लिए संसद द्वारा पारित विधि अनुच्छेद 368 के अधीन संविधान संशोधन नहीं मानी जाएगी।

**62. लोकसभा का नेता कौन है?**
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) अध्यक्ष (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**प्रधानमंत्री लोकसभा का नेता होता है। राज्य सभा का नेता उस सदन में बहुमत वाले दल से नामित किया जाता है।

**63. राज्यसभा को भंग करने का अधिकार किसे प्राप्त है?**
(a) राष्ट्रपति (b) उपराष्ट्रपति
(c) उच्चतम न्यायालय (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** राज्य सभा को भंग नहीं किया जा सकता क्योंकि यह एक स्थायी सदन है। राज्यसभा के एक तिहाई सदस्य हर दूसरे वर्ष अवकाश ग्रहण करते हैं तथा उनके स्थान पर नये सदस्य चुने जाते हैं।

**64. यदि किसी राज्य की विधान सभा का अध्यक्ष (स्पीकर) पद त्यागना चाहे तो उसे अपना त्यागपत्र देना चाहिए -**
(a) मुख्यमंत्री को (b) राज्यपाल को
(c) उपाध्यक्ष को (d) भारत के राष्ट्रपति को
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** संविधान के अनुच्छेद–179 के अंतर्गत विधान सभा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों ही एक दूसरे को सम्बोधित पत्र द्वारा अपने पद से त्याग-पत्र दे सकते हैं।

**65. वर्तमान लोकसभा में प्रत्येक राज्य के लिए स्थानों का आवंटन आधारित है -**
(a) सन् 1951 की जनगणना पर (b) सन् 1961 की जनगणना पर
(c) सन् 1971 की जनगणना पर (d) सन् 1981 की जनगणना पर
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**मूल भारतीय संविधान के अनुच्छेद–82 में लोकसभा में सीटों का निर्धारण प्रत्येक पूर्ववर्ती जनगणना पर, जिनके आंकड़े प्रकाशित हो गये हों, आधारित था तथा जिसमें 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा संशोधन करके निश्चित किया गया कि सन् 2000 ई. के बाद होने वाली प्रथम जनगणना तक 1971 की जनगणना ही लोकसभा में सीटों के आवंटन का मानक जनगणना मानी जायेगी। नवीन संशोधन के अनुसार लोकसभा के स्थानों में परिवर्तन 2026 ई. तक नहीं किया जायेगा।

**66. लोकसभा चुनाव का कोई प्रत्याशी अपनी जमानत खो देता है यदि उसे प्राप्त न हो सके -**
(a) वैध मतों का 1/3 (b) वैध मतों का 1/4
(c) वैध मतों का 1/5 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** लोकसभा के प्रत्याशी को अपनी जमानत बचाने के लिए वैध मतों का 1/6 भाग प्राप्त करना अनिवार्य होता है। निर्वाचन में 1/6 से कम मत प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त कर ली जाती है।

**67. जिला नियोजन एवं विकास परिषद् का प्रधान कौन होता है?**
(a) राज्य का वित्तमंत्री (b) जिला विकास पदाधिकारी
(c) जिला नियोजन पदाधिकारी (d) राज्य का मुख्यमंत्री
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-जिला नियोजन एवं विकास परिषद का प्रधान जिला विकास पदाधिकारी होता है।

**68. भारतीय अर्थव्यवस्था में संयुक्त क्षेत्र का क्या अभिप्राय है?**
(a) किसी उद्यम में सरकार का अंश 60% से अधिक है
(b) कोई भी वस्तु सरकारी तथा निजी दोनों क्षेत्रों में उत्पादित है
(c) यह सहकारी क्षेत्र का ही दूसरा नाम है
(d) किसी उद्यम में सरकारी एवं निजी क्षेत्र दोनों का ही सम्मिलिति स्वामित्व है
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** औद्योगिक लाइसेंसिंग व्यवस्था में सुधार के लिए 22 जुलाई, 1966 में गठित की गई सुबिमल दत्त समिति ने 17 जुलाई, 1969 को प्रस्तुत की गई अपनी रिपोर्ट में भारत में आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में 'संयुक्त क्षेत्र' (Joint Sector) की संकल्पना का प्रस्ताव किया। अर्थव्यवस्था के संयुक्त क्षेत्र का तात्पर्य किसी उद्यम में सार्वजनिक (सरकारी) एवं निजी दोनों पूँजियों का लगना है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का पूर्ण स्वामित्व सरकार का होता है, जबकि निजी क्षेत्र वाले उद्योगों का स्वामित्व व्यक्तिगत उद्योगपतियों या पूँजीपतियों के हाथ में होता है।

**69. भारत को एक अल्पविकसित देश कहा जाता है, उसकी -**
1. नियोजन की आवश्यकता के कारण
2. तीव्र गति से जनसंख्या में वृद्धि के कारण
3. कृषि पर अधिक निर्भरता के कारण
4. औद्योगिक उनति की मन्द गति के कारण -
**निम्नलिखित कूटों से अपना उत्तर चुनें -**
(a) केवल 1 (b) 1 एवं 2
(c) 2 एवं 3 (d) 2, 3 एवं 4
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–दुनियाँ के देशों को उनके आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी एवं अन्य लक्षणों के आधार पर विकसित, अल्पविकसित या विकासशील एवं अविकसित अर्थव्यवस्थाओं में वर्गीकृत किया जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में पाए जाने वाले निम्नलिखित लक्षणों के आधार पर भारत को अल्पविकसित अर्थव्यवस्था के अंतर्गत रखा जाता है- (1) निम्न प्रति व्यक्ति आय, (2) कृषि पर अधिक निर्भरता, (3) निम्न कृषि उत्पादकता, (4) आय व सम्पत्ति की अत्यधिक असमानता, (5) तीव्र जनसंख्या वृद्धि, (6) ग्रामीण जनसंख्या की बहुलता, (7) निम्न जीवन-स्तर व स्वास्थ्य, (8) औद्योगिक विकास की मन्द गति एवं तकनीकी पिछड़ापन।

**70. विगत वर्षों में भारत की केन्द्र सरकार का सर्वाधिक सम्पूर्ण व्यय किस क्षेत्र में हुआ है?**
(a) सुरक्षा (b) विकास
(c) प्रशासन (d) सहायतार्थ अनुदान
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-प्रश्नकाल के दौरान सर्वाधिक सम्पूर्ण व्यय विगत वर्षों में विकास पर हुआ था। परन्तु बजट अनुमान 2025-26 के अनुसार व्यय निम्नलिखित है–

| मद | | व्यय (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| ब्याज | - | 20 |
| रक्षा | - | 8 |
| मेज़र सब्सिडी | - | 6 |
| सेंट्रल सेक्टर स्कीम | - | 16 |

**71. ग्रामीण क्षेत्रों से प्रत्यक्षतः सम्बन्धित परिवार कल्याण सेवाओं के लिए केन्द्रीय बजट (1995-96 ई.) में प्रस्तावित आवंटन है-**
(a) 276 करोड़ रु. (b) 627 करोड़ रु.
(c) 726 करोड़ रु. (d) 762 करोड़ रु.
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** केन्द्रीय बजट 1995-96 में ग्रामीण क्षेत्रों से प्रत्यक्षतः संबंधित परिवार कल्याण सेवाओं के लिए 726 करोड़ रुपये प्रस्तावित था।

**72. सन् 1995-96 के बजट में आयकर में छूट की सीमा बढ़ा दी गयी है -**
(a) 35,000 रु. तक (b) 40,000 रु. तक
(c) 45,000 रु. तक (d) 50,000 रु. तक
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-सन् 1995-96 के बजट में आयकर में छूट की सीमा 40,000 रु. तक बढ़ा दी गयी थी। बजट 2025-26 से आयकर की छूट सीमा 12 लाख रुपये कर दी गयी है।

**73. सातवीं पंचवर्षीय योजना में अविकासीय व्यय में वार्षिक वृद्धि का औसत है -**
(a) 12.35% (b) 1.8%
(c) 9.75% (d) 18.9%
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-सातवीं योजना 1 अप्रैल, 1985 से प्रारम्भ हो गयी थी। इस योजना की अवधि 1 अप्रैल, 1985 से 31 मार्च, 1990 तक रही। इसका उद्देश्य था, एक स्वतंत्र आत्म निर्भर अर्थव्यवस्था की स्थापना करना। इस योजना में अविकासीय व्यय में वार्षिक वृद्धि का औसत 18.9% था। इसके मुख्य उद्देश्य निम्न थे-(i) 5% वार्षिक विकास की दर प्राप्त करना। (ii) साम्य एवं न्याय पर आधारित सामाजिक प्रणाली (iii) उत्पादक रोजगार का सृजन करना।

**74. भारत में प्रोत्साहन (विकास) क्षेत्र कितने हैं?**
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** प्रश्नकाल के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा 7 विकास प्रोत्साहन क्षेत्र घोषित किये गये थे। जो कांडला (गुजरात), सांताक्रुज (महाराष्ट्र), फाल्टा (पं.बंगाल), नोएडा (उ.प्र.), कोच्चि (केरल), चेन्नई (तमिलनाडु) तथा विशाखापत्तनम (आन्ध्र प्रदेश) थे। वर्तमान में भारत में 14 क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं लागू हैं। यह योजना भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देने और घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए शुरु की गई है।

**75. भारत में राष्ट्रीय आय का आंकलन होता है -**
(a) योजना आयोग द्वारा
(b) वित्त आयोग द्वारा
(c) भारतीय सांख्यिकी संस्थान द्वारा
(d) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-राष्ट्रीय आय का आकलन केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा किया जाता है। यह संस्था नियमित रूप से राष्ट्रीय आय के आंकड़े प्रकाशित करती है। वर्तमान में इसका विलय NSO में कर दिया गया है।

**76. पंचवर्षीय योजनाओं के मसौदे को अन्तिम रूप से कौन स्वीकृति प्रदान करता है?**

(a) राष्ट्रपति (b) योजना आयोग
(c) राष्ट्रीय विकास परिषद् (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-राष्ट्रीय विकास परिषद् एक संविधानेतर संस्था है जिसकी स्थापना योजना आयोग के अनुषंगी संस्था के रूप में 1952 में की गई थी। इस संस्था का प्रमुख कार्य योजना के संचालन का समय-समय पर मूल्यांकन, विकास को प्रभावित करने वाली नीतियों की समीक्षा, योजना में निर्धारिति लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सुझाव तथा योजनाओं को अंतिम रूप प्रदान करना है।

**77. योजना आयोग का गठन कब हुआ है?**

(a) सन् 1949 में (b) सन् 1950 में
(c) सन् 1951 में (d) सन् 1952 में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** समवर्ती सूची की एक प्रविष्टि के अन्तर्गत आर्थिक और सामाजिक योजना के आधार पर सन् 1950 में मंत्रिमंडल के एक संकल्प द्वारा योजना आयोग की स्थापना की गयी। 1 जरवरी, 2015 से योजना आयोग का स्थान नीति आयोग ने ले लिया।

**78. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से भारत ने सर्वाधिक प्रगति की है -**

(a) चावल के उत्पादन में (b) दालों के उत्पादन में
(c) पटसन के उत्पादन में (d) गेहूं के उत्पादन में

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** स्वतंत्रता के पश्चात् वर्ष 1966-67 ई. में नई कृषि नीति के अंतर्गत मैक्सिको से लाए गए उन्नत बीजों के प्रयोग, रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग एवं बहुफसली कार्यक्रम अपनाये जाने के फलस्वरूप गेहूँ, गन्ना, मक्का एवं धान के उत्पादन में तीव्र वृद्धि हुई। 'हरित क्रान्ति' से गेहूँ के उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश गेहूँ के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र बन गए। भारत में हरित क्रान्ति के प्रवर्तक प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन थे।

**79. भारत में राज्य सरकारों के लिए आय का सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोत है-**

(a) भूमि कर (b) कृषि-आय कर
(c) आयात शुल्क (d) बिक्री कर

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-GST लागू होने से पूर्व राज्य सरकारों के आय का सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोत बिक्री कर था। परन्तु वर्तमान में SGST ही राज्य सरकारों की आय मुख्य स्रोत है। परन्तु कुछ राज्यों के आय का मुख्य स्रोत केन्द्रीय करों में उस राज्य का हिस्सा है।

**80. 8 अक्टूबर, 1991 ई. को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ने बैंक दर को 11% से बढ़ा कर -**

(a) 11.5% प्रति वर्ष कर दिया (b) 12.0% प्रति वर्ष कर दिया
(c) 12.5% प्रति वर्ष कर दिया (d) 13.0% प्रति वर्ष कर दिया

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** 8 अक्टूबर, 1991 को RBI ने बैंक दर को 11% से बढ़ाकर 12% कर दिया था। 6 जून, 2025 की RBI की घोषणा के अनुसार बैंक दर 5.75% है।

**81. 'साप्टा' का पूर्ण रूप क्या है?**

(a) साउथ एशिया प्रिफरेन्शियल ट्रेड एग्रीमेन्ट
(b) सार्क प्रिफ्रेन्शियल ट्रेड एग्रीमेन्ट
(c) साउथ एशिया प्रिफ्रेन्शियल ट्रेड ऐजेन्सी
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-दक्षिण एशियाई वरीयता व्यापार व्यवस्था (South Asian Preferential Trade Agreement-SAPTA) का प्रस्ताव श्री लंका ने 1991 के छठे शिखर सम्मेलन में रखा था। इसी प्रस्ताव के तहत 1995 तक साप्टा को प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया। जो आगे चलकर 2004 से साफ्ट में बदल गया था। इसका लक्ष्य दक्षिण एशिया में व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करना है और सार्क देशों के अधिक उदार ब्यापार ब्यवस्था कायम किए जाने का प्रवधान है।

**82. समुद्र नीला प्रतीत होता है -**

(a) अधिक गहराई के कारण
(b) आकाश के परावर्तन तथा जल के कणों द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण
(c) जल के नीले रंग के कारण
(d) जल की ऊपरी सतह के कारण

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** समुद्र के नीले प्रतीत होने का प्रमुख कारण नीले रंग के आकाश का जल में प्रतिबिम्बित होना। इसके साथ ही सूर्य का प्रकाश जब जल पर पड़ता है तो नीला प्रकाश प्रकीर्णित होकर चारों ओर फैल जाता है और जल का रंग नीला दिखने लगता है।

**83. बिजली की खपत का बिल किसके मापन पर आधारित होता है?**

1. वाट 2. वोल्टेज
3. ओह्म 4. एम्पियर

**निम्नलिखित कूटों में अपना उत्तर चुनें -**

(a) केवल 1 (b) 1 एवं 2
(c) 2 एवं 3 (d) 1 एवं 4

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** बिजली की खपत का बिल वॉट द्वारा मापा जाता है। वॉट विद्युत शक्ति की इकाई है जो प्रति सेकेण्ड $10^7$-अर्ग या 1 जूल कार्यान्तर के समतुल्य होती है। 1 अश्वशक्ति (HP)-746 वॉट के बराबर होता है।

**84. रेडियोधर्मी पदार्थ उत्सर्जित करता है -**

(a) अल्फा किरण (b) बीटा किरण
(c) गामा किरण (d) उपरोक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-रेडियोधर्मी पदार्थ से अल्फा, बीटा तथा गामा किरणों का उत्सर्जन होता है। जब किसी रेडियो एक्टिव पदार्थ से अल्फा, बीटा तथा गामा कण उत्सर्जित होते हैं तो उसके परमाणु भार व परमाणु क्रमांक बदल जाते हैं तथा किसी नये तत्व का जन्म होता है।

**85. जल की स्थायी कठोरता का कारण है-**

(a) कैल्शियम कार्बोनेट
(b) कैल्शियम तथा मैग्नीशियम के क्लोराइड और सल्फेट
(c) सोडियम तथा पोटेशियम के क्लोराइड और सल्फेट
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** जल की स्थायी कठोरता कैल्शियम और मैग्नीशियम के क्लोराइड तथा सल्फेट लवण घुले रहने के कारण होती है। इन्हें जल से अलग करने के लिए, इसमें सोडियम बाई कार्बोनेट का घोल मिलाया जाता है जिससे कैल्शियम और मैग्नीशियम के घुलनशील लवण अघुलनशील कार्बोनेट में परिणत हो जाते हैं तथा जिन्हें छान कर अलग किया जाता है।

**86. निम्नलिखित में सबसे भारी धातु है -**

(a) तांबा (b) यूरेनियम
(c) एल्यूमीनियम (d) चांदी

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्प में सबसे भारी धातु यूरेनियम हैं जिसका परमाणु भार 238u है। ताँबे का परमाणु भार 63.5u, एल्युमिनियम का परमाणु भार 27u तथा चाँदी का परमाणु भार 107.87u होता है।

**87. `हास्य गैस' क्या है?**

(a) नाइट्रिक ऑक्साइड (b) नाइट्रोजन पेन्टाक्साइड
(c) नाइट्रोजन पराक्साइड (d) नाइट्रस ऑक्साइड

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) को हास्य गैस कहा जाता है। इसे थोड़ी मात्रा में सूंघ लेने पर एक अजीब संवेदना उत्पन्न होती है और मनुष्य हंसने लगता है। पहले इसका उपयोग दन्त चिकित्सा में हल्के निश्चेतक के रूप में भी किया जाता था।

**88. जीवन चक्र की दृष्टि से पौधे का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग है -**

(a) पुष्प (b) पत्ती
(c) तना (d) जड़

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** जीवन चक्र की दृष्टि से पौधे का सबसे महत्वपूर्ण अंग पुष्प होता है, पुष्प से बीज बनता है, जिससे पुनः नये पौधे का जन्म होता है।

**89. किस वनस्पति खाद्य में अधिकतम प्रोटीन होता है?**

(a) चना (b) मटर
(c) सोयाबीन (d) अरहर

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या–**सोयाबीन दलहनी एवं तिलहनी दोनों प्रकार की फसल है। सोयाबीन में 40 से 45 प्रतिशत प्रोटीन तथा 20 से 22 प्रतिशत तक तेल पाया जाता है। सोयाबीन की खली में भी 50 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया जाता है जो कि उच्चकोटि का पशु-आहार होती है। सोयाबीन से निर्मित होने वाला दूध, गाय के दूध की भांति पौष्टिक होता है।

**90. सबसे लम्बा जीवित वृक्ष है -**

(a) यूकेलिप्टस (b) सिकोआ
(c) देवदार (d) पर्णाग

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–**'यूकेलिप्टस' या सफेदा एक लम्बा आवृत बीजी वृक्ष है। भूगर्भ जल की अधिक मात्रा अवशोषित करने के कारण पर्यावरण की दृष्टि से इस वृक्ष को 'आतंकवादी वृक्ष' कहा जाता है। संसार का सबसे लम्बा वृक्ष 'सिकोआ' है, यह नग्नबीजी पौधा है। देवदार पहाड़ी क्षेत्रों में पाए जाने वाले लम्बे वृक्ष हैं।

**91. प्रतिवर्ष 5 लाख भारतीय एक रोग से मरते हैं, इसकी पहचान करें-**

(a) एन्सेफिलाइटिस (b) एड्स
(c) कैन्सर (d) क्षय रोग

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**क्षय रोग से मनुष्य का फेफड़ा प्रभावित होता है। यह माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु से फैलता है। उक्त रोग से प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख भारतीयों की मौत होती है।

**92. जब हम बकरी या भेड़ का मांस खाते हैं तब हम -**

(a) प्राथमिक उपभोक्ता हैं (b) द्वितीय उपभोक्ता हैं
(c) तृतीय उपभोक्ता हैं (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**उपभोक्ता के अंतर्गत विविध पोषी जीव आते हैं। जब हम बकरी या भेड़ का मांस खाते हैं तब हम द्वितीय उपभोक्ता होते है। द्वितीय उपभोक्ता वे मांसाहारी है जो प्राथमिक उपभोक्ता जन्तुओं को अपना भोजन बनाते हैं। जैसे चूहे का बिल्ली द्वारा, हिरन का भेड़िया द्वारा खाया जाना इत्यादि। ये शाकाहारी भी होते हैं। तृतीय उपभोक्ता में वे जन्तु आते हैं, जो द्वितीयक उपभोक्ता को खाते हैं, अर्थात् ये केवल मांसाहारी होते हैं। जैसे मेढक का साँप द्वारा खाया जाना तथा शेर इत्यादि इस श्रेणी में आते हैं।

**93. डॉल्फिन वर्गीकृत किए जाते हैं -**

(a) मत्स्य में (b) उभयचर में
(c) सरीसृप में (d) स्तनी में

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**स्तनधारी शब्द का अर्थ है, स्तन ग्रंथियां रखने वाले जन्तु जिनसे उत्पन्न दुग्ध द्वारा इनके शिशु पोषण प्राप्त करते हैं। ये मुख्यतः स्थलीय होते हैं तथा कुछ जलीय एवं वायवीय भी होते हैं। डाल्फिन मनुष्य के बाद सबसे बुद्धिमान जन्तु मानी जाती है। यद्यपि यह मछली की तरह दिखती है परन्तु यह एक स्तनधारी जन्तु है।

**94. अपमार्जक (Detergent) क्या है?**

(a) साबुन (b) औषधि
(c) उत्प्रेरक (d) शोधन अभिकर्त्ता

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या–** अपमार्जक या डिटरजेण्ट लम्बी श्रृंखला का हाइड्रोकार्बन युक्त शोधन अभिकर्ता होता है। यह साबुन से उत्तम होता है; क्योंकि यह कैल्शियम, मैगनीशियम एवं आयरन के आयनों के साथ अघुलनशील लवण नही प्रदान करता। डिटरजेण्ट तथा एन्जाइम मिला हुआ पदार्थ बहुत साफ धुलाई करता है। इसे माइक्रोसिस्टम धुलाई कहते हैं। साबुन कास्टिक सोडा से बनाए गए उच्च वसीय अम्लों के सोडियम लवण होते हैं।

**95. आर्कियोप्टेरिक्स है -**

(a) जुरेसिक युग का सर्वपुरातन पक्षी
(b) जुरेसिक काल का सरीसृप
(c) ट्राइएसिक काल का सरीसृप
(d) ट्राइएसिक तथा जुरेसिक दोनों कालों का सरीसृप

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या–** 'आर्कियोप्टेरिक्स' जुरेसिक युग का सबसे पुराना पक्षी है। इसी युग में सरीसृप वर्ग के विशालकाय प्राणी `डायनासोर' पाये जाते थे। लगभग 6 करोड़ वर्ष पूर्व किसी खगोलीय दुर्घटना के परिणामस्वरूप डायनासोरों का सर्वविनाश हो गया, जिससे ये प्राणी सदा के लिए विलुप्त हो गए।

**96. वर्तमान प्रमाण के अनुसार पृथ्वी पर जीव का उद्‌गम 2 लाख वर्ष पूर्व हुआ। इस युग में प्रोटोजोआ, शैवाल एवं जीवाणु थे-**

(a) 20,000 वर्ष पूर्व (b) 2,00,000 वर्ष पूर्व
(c) 20,00,000 वर्ष पूर्व (d) 20,00,00,000 वर्ष पूर्व

**उत्तर**-(*)

**व्याख्या**—वर्तमान प्रमाण के अनुसार पृथ्वी पर जीवों की उत्पत्ति लगभग 2 लाख वर्ष पूर्व हुई। पृथ्वी में सर्वप्रथम सूक्ष्म जीवाणु, प्रोटोजोआ, जीवाणु, शैवाल, मूँगा, जैलीफिश आदि जलीय प्राणियों का उद्भव हुआ। ये सभी जलीय जन्तु निम्नकोटि के जीव थे। प्रोटोजोआ के उद्भव का प्रारम्भ 3.5 अरब वर्ष पूर्व हो चुका था। सायनों बैक्टीरिया या नील हरित शैवाल का उद्भव 2.3 अरब पूर्व माना जाता है।

**97. सर्वदाता वर्ग के रक्तदाता का रक्त ग्रुप होता है -**

(a) A (b) AB
(c) O (d) B

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-A, B, AB और O चार रक्त समूह होते हैं। सैद्धान्तिक रूप से O समूह का रक्त किसी भी मनुष्य को दिया जा सकता है और AB समूह वाला मनुष्य किसी भी समूह का रक्त ले सकता है। O रक्त समूह को 'सर्वदाता (Universal Donor) तथा AB रक्त वर्ग को सर्वग्राही (Universal Recepter) कहते हैं।

**98. ऐस्पिरिन है -**

(a) प्रतिजैविकी (b) एण्टीपाइरेटिक
(c) शामक (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**—`ऐस्परिन' एण्टीपायरेटिक या ज्वरनाशक कृत्रिम औषधि है जिसका प्रयोग बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द एवं गठिया के इलाज के लिए किया जाता है। ऐस्प्रिन, क्रोसीन, सल्फाड्रग, हिप्नोटिक्स आदि औषधियाँ कृत्रिम या संश्लेषित ढंग से प्राप्त की जाती है। जीवाणुओं को निष्प्रभावी करने वाली दवाएँ एण्टीबायोटिक या प्रतिजैविक कहलाती है। एलेक्जेण्डर फ्लेमिंग द्वारा आविष्कृत 'पेंन्सिलीन' प्रथम प्रतिजैविक औषधि है।

**99. निम्नलिखित में कौन वैकल्पिक ऊर्जा का सबसे बड़ा भण्डार है?**

(a) सौर ऊर्जा (b) ज्वारीय ऊर्जा
(c) परमाणु ऊर्जा (d) भू-ऊष्मीय ऊर्जा

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** वैकल्पिक ऊर्जा का सबसे बड़ा भण्डार सौर ऊर्जा है। भारत एक उष्ण कटिबंधीय देश है, जहां सौर ऊर्जा के उत्पादन की अपार सम्भावनाएं है। यहां प्रतिवर्ष 5000 ट्रिलियन किलोवाट/घंटा सौर्यिक विकिरण प्राप्त होता है। सौर ऊर्जा से पानी गर्म करने, सौर कुकर बनाने, फसल पकाने इत्यादि की तकनीकें विकसित की जा चुकी है। तथा इनका वाणिज्यिक उपयोग भी किया जा रहा है। भूतापीय ऊर्जा भूगर्भ से प्राप्त ऊर्जा का एक संभाव्य स्रोत है। भूतापीय ऊर्जा प्रणाली के अंतर्गत भूगर्भीय ताप एवं जल की अभिक्रिया से गर्म वाष्प उत्पन्न करके ऊर्जा उत्पादन का प्रयास किया जा रहा है। खम्भात की खाड़ी, कच्छ की खाड़ी तथा सुन्दर वन इसके सम्भावित क्षेत्र है। वर्तमान में सौर ऊर्जा अत्यंत व्यापक और उपयोगी स्रोत के रूप में उभर कर हमारे सामने आया है।

**100. `ग्रीन पीस' (हरित शान्ति) क्या है ?**

(a) एक कृषि-सम्बन्धित संस्था
(b) एक अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति सेना
(c) पर्यावरण समर्थकों का एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**—'ग्रीनपीस' (हरित शान्ति) एक अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण संगठन है, जिसकी स्थापना 1971 में कनाडा के वैनकुवर में की गई थी। तात्कालिक रूप से यह अमेरिका द्वारा अलास्का में नाभिकीय हथियारों के परीक्षण का विरोध करने के लिए सही था किन्तु बाद में इसका उद्देश्य व्यापक रूप से पर्यावरण की सुरक्षा होता गया। इसका मुख्यालय एम्सटर्डम नीदरलैण्ड में है। पृथ्वी पर पर्यावरण सुरक्षा के लिए यह संगठन 'रेनबो वारियर' नामक जहाज का प्रयोग करता है।

**101. बिहार में लोकसभा में सांसदों की संख्या कितनी है?**

(a) 50 (b) 52
(c) 54 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-प्रश्नकाल के दौरान बिहार से लोकसभा में सांसदों की संख्या 54 निर्धारित की गई थी। ज्ञातव्य है कि 15 नवम्बर, 2000 को बिहार के भूभाग को ही काटकर पृथक् झारखण्ड राज्य बनाए जाने के बाद बिहार की कुल 54 लोकसभा सीटों में से 14 सीटें झारखण्ड में चली गई हैं। अतः अब बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटें है।

**102. बिहार कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन हुआ -**

(a) सन् 1930 में (b) सन् 1931 में
(c) सन् 1934 में (d) सन् 1939 में

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-बिहार कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन सन् 1934 में पटना के अंजुमन इस्लामिया हॉल में हुआ था। बिहार कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष आचार्य नरेन्द्र देव तथा सचिव जयप्रकाश नारायण थे। इसके अन्य सदस्यों में रामवृक्ष बेनीपुरी, गंगा शरण सिंह, योगेन्द्र शुकल, अब्दुल बारी, कर्पुरी ठाकुर और बसावन सिंह आदि थे। आचार्य नरेन्द्र देव को भारतीय समाजवादी चिन्तन का `आदि पुरुष' अर्थात् `मनु' कहा जा सकता है। `सोशलिज्म एण्ड नेशनल रिवोल्युशन' नरेन्द्र देव की पुस्तक है। महात्मा गांधी, जय प्रकाश नारायण को भारतीय समाजवाद का सबसे बड़ा विद्वान मानते थे। इनकी पुस्तक है-`समाजवाद-क्यों।

**103. सन् 1866-86 के नील खेतिहरों के बिहार में हुए विद्रोह के क्षेत्र की पहचान करें -**

(a) मुजफ्फरपुर एवं छपरा (b) मधुबनी एवं चम्पारन
(c) दरभंगा एवं चम्पारन (d) चम्पारन एवं मुजफ्फरपुर

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-निलहे साहबों के अत्याचार के विरुद्ध नील खेतिहरों का पहला विद्रोह 1867 ई. में चम्पारण के लाल सुरैया कोठी से आरम्भ हुआ था और मुजफ्फरपुर जिले तक फैल गया था।

**104. 1830 ई. के दशक में पटना नगर केन्द्र था -**

(a) संन्यासी विद्रोह का (b) गोदखारी विद्रोह का
(c) मुण्डा विद्रोह का (d) वहाबी आन्दोलन का

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**वहावी आन्दोलन इस्लाम का सुधारवादी आन्दोलन था, जिसका लक्ष्य मुस्लिम समाज को भ्रष्ट धार्मिक रीतियों से मुक्त कराना था। भारत में इसके संस्थापक सर सैय्यद अहमद बरेलवी थे। सैय्यद अहमद की मृत्यु (1831 ई.) के पश्चात् पटना इस आन्दोलन का केन्द्र बना तथा इसके नेता मौलवी कासिम, विलायत अली, इनायत अली, अहमदुल्ला आदि थे।

**105. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं जिनमें एक कथन (A) और दूसरा कथन (R) है। दोनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें -**

**कथन (A) :** दक्षिणी बिहार, उत्तरी बिहार की अपेक्षा अधिक विकसित है

**कारण (R) :** दक्षिणी बिहार में उद्योगों का काफी विकास हुआ है।

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं तथा A की सही व्याख्या R करता है

(b) A और R दोनों सही हैं, किन्तु A की सही व्याख्या R नहीं करता है

(c) A सत्य है, परन्तु R असत्य है

(d) A असत्य है, परन्तु R सत्य है

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** दक्षिण बिहार, उत्तरी बिहार की अपेक्षा अधिक विकसित है, कथन सत्य है परन्तु दक्षिण बिहार में उद्योगों का अधिक विकास हुआ है, कथन सत्य है। कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**106.संसार का सर्वोत्तम खनिज अभ्रक प्राप्त होता है -**

1. धनबाद से 2. हजारीबाग से
3. झरिया से 4. कुल्टी से

**निम्नांकित कूटों से अपना उत्तर चुनें -**

(a) 1 एवं 2 (b) केवल 2
(c) 2 एवं 3 (d) 2 एवं 4

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** विश्व में सर्वोत्तम अभ्रक झारखण्ड के कोडरमा तथा गिरिडीह से प्राप्त किया जाता है। चूंकि दिये गये विकल्प में कोडरमा तथा गिरिडीह में से कोई नहीं है। अतः सर्वाधिक निकटतम उत्तर हजारीबाग है।

**107. उस क्षेत्र की पहचान करें जहां सन्थालों ने 1855-56 ई. में अपनी सरकार की घोषणा कर दी थी -**

(a) मुंगेर-भागलपुर (b) भागलपुर-राजमहल
(c) गया- मुंगेर (d) शाहाबाद- गया

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** संथाल बिहार प्रान्त की प्रमुख जनजाति है। यहां इनकी आबादी लगभग 20 लाख है। बिहार, झारखण्ड और ओडिसा के वीरभूमि, सिंहभूमि, बांकुरा, मुंगेर, हजारीबाग और भागलपुर जिलों में 'सिद्धू और कान्हू' के नेतृत्व में इन्होंने विद्रोह कर दिया। इनका आन्दोलन साहूकारों एवं अंग्रेजों के विरुद्ध था।

**108.बिहार में कृषि का स्वरूप क्या है?**

1. जीवनदायी 2. व्यावसायिक
3. निर्यातोन्मुखी 4. आत्मनिर्भर

**निम्नलिखित कूटों से अपना उत्तर चुनें -**

(a) केवल 1 (b) 2 एवं 3
(c) केवल 2 (d) केवल 4

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है। यहाँ के लोगों की जीविका का मुख्य आधार कृषि है। राज्य के 80% से अधिक भाग पर कृषि की जाती है और राज्य की 85% से भी अधिक जनसंख्या कृषि पर निर्भर है।

**109.बिहार की शस्य गहनता कितनी है?**

(a) 108% (b) 118%
(c) 128% (d) 138%

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**प्रश्न पूछने के समय बिहार की शस्य गहनता 128% थी। वर्तमान में यह 144% है।

**110.बिहार की सिंचाई क्षमता अन्ततः कितनी है?**

(a) 89.20 लाख हेक्टेयर (b) 90.39 लाख हेक्टेयर
(c) 91.64 लाख हेक्टेयर (d) 92.11 लाख हेक्टेयर

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** बिहार राज्य में कुल 174 लाख हेक्टेयर भूमि में 115 लाख हेक्टेयर भूमि खेती के योग्य है, लेकिन वर्तमान में कुल 85 लाख हेक्टेयर भूमि पर ही सिंचाईयुक्त कृषि हो रही है। चूंकि विकल्प में 85 लाख हेक्टेयर नहीं है। अतः निकटतम उत्तर (a) अर्थात् 89.20 लाख हेक्टेयर होगा।

**111.निम्नलिखित नदियों में कौन बिहार में गंगा से मिलती है?**

1. गण्डक 2. सोन
3. घाघरा 4. पुनपुन

**अपने उत्तर का चयन निम्नांकित कूटों से करें -**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 4
(c) 1, 3, 4 (d) 2, 4

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** गंडक नदी उत्तर पश्चिमी बिहार की एक प्रमुख नदी है। यह नेपाल एंव बिहार में प्रवाहित होती है। इस नदी को नेपाल में सालीग्राम और मैदीन भाग में नारायणी और सप्तमण्डल कहते है। यह वाल्मीकी नगर में बिहार में प्रवेश करती है। गंगा में यह पटना के पास मिलती है। यह बिहार की सर्वाधिक तीव्र जलधारा वाली नदी हैं। सोन नदी मध्य प्रदेश के अमरकंटक नामक स्थल से निकलती है तथा पटना के निकट गंगा में मिल जाती है। यह बिहार में बहने वाली गंगा की दक्षिणी सहायक नदीयों में सबसे लम्बी (760 किमी.) सहायक नदी है। पुनपुन नदी दक्षिणी बिहार की दूसरी प्रधान नदी है जो पलामू की चौराहा पहाड़ी से निकलती है तथा पटना के निकट फतुहा में गंगा में आकर मिल जाती है। घाघरा नदी जिसे सरयू नदी भी कहा जाता हैं। इसका उद्गम स्थान नाम्पा (नेपाल) में है। यह उ.प्र. के मैदानी भागों मे तीव्र गति से बहते हुए सारण जिले के समीप बिहार में प्रवेश करते हुए छपरा के निकट गंगा मे समाहित होती है।

**112.बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल है -**

(a) लगभग 170 हजार वर्ग किमी.

(b) लगभग 172 हजार वर्ग किमी.

(c) लगभग 174 हजार वर्ग किमी.

(d) लगभग 178 हजार वर्ग किमी.

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**भौगोलिक दृष्टि से बिहार 24°-20' उत्तरी अक्षांश से 27°-31' उत्तरी अक्षांश के मध्य तथा 83°-19' पूर्वी देशान्तर से 88°-17' पूर्वी देशान्तर के मध्य विस्तृत है। इस राज्य का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 94,163 वर्ग किमी. है। इस प्रकार यह भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.86% है। क्षेत्रफल की दृष्टि से बिहार का भारत में 12वां स्थान है तथा जनसंख्या की दृष्टि से तीसरा स्थान है। प्रश्नकाल के दौरान (झारखण्ड के बिहार से अलग होने के पूर्व) बिहार का क्षेत्रफल 174 हजार वर्ग किमी. था।

**113.देश में कच्चे तांबे के उत्पादन में बिहार का क्या स्थान है?**

(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**वर्तमान में देश का अधिकांश तांबा झारखंड के सिंहभूम, राजस्थान के झुंझनू, अलवर तथा उदयपुर, मध्य प्रदेश के बालाघाट और आन्ध्र प्रदेश के गुंटूर व नेल्लौर जिलों से निकाला जाता है। वर्तमान में तांबा का उत्पादन बिहार में नहीं होता है। प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (b) सही उत्तर था।

**114.बिहार में पहली चीनी मिल स्थापित हुई -**

(a) मरहौरा में (b) बेतिया में
(c) मोतिहारी में (d) पटना में

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-बिहार में पहली चीनी मिल की स्थापना 1904 में मरहौरा (सारण) नामक स्थान पर हुई थी। वर्तमान बिहार में 28 में से सिर्फ 11 चीनी मिलें, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, मझवलिया सासामूसा, गोपालगंज, सिंधवालिया, रीगा हसनपुर, लौरिया, संगौली चल रही हैं। ये चीनी मिले छः जिलों में स्थित है।

**115. यदि किसी कोड में `DECIDE' के स्थान पर `453945' लिखा गया हो, तो उसी कोड में `ABIDE' के स्थान पर लिखा जाएगा-**

(a) 94521 (b) 49521
(c) 12945 (d) 49251

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** जिस प्रकार अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर समूह DECIDE में शामिल वर्णों के क्रमांक को रखने पर 453945 प्राप्त किया गया है। इसी नियमानुसार ABIDE कोड में इनके अक्षर क्रमांकों को रखने पर 12945 अंक समूह प्राप्त होगा।

**116. यदि 10 अध्यापकों की वार्षिक औसत आय 25,000 रु. हो और दो अध्यापकों में प्रत्येक की वार्षिक आय 20,000 रु. हो तो शेष अध्यापकों की वार्षिक औसत आय होगी-**

(a) 26,250 रु. (b) 25,500 रु.
(c) 23,200 रु. (d) 2,200 रु.

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या** -अभीष्ट औसत आय = $\frac{25,000\quad 10\quad 2\quad 20,000}{8}$

= $\frac{2,50,000\quad 40,000}{8}$ = $\frac{2,10,000}{8}$ = 26,250 रुपये

**117. 180 सीढ़ियों वाली एक मीनार पर चढ़ते समय एक पुरुष हर 30 सीढ़ियों को चढ़ने के पश्चात् 2 मिनट विश्राम करता है। मीनार के ऊपर पहुंचने तक उसने कितनी देर विश्राम किया?**

(a) 30 मिनट (b) 12 मिनट
(c) 10 मिनट (d) 9 मिनट

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** 180वीं सीढ़ी पर चढ़ने के पूर्व पुरुष 30-30 सीढ़ियों के अंतराल पर पांच बार विश्राम करता है। यानी 30, 60, 90, 120वीं और 150वीं सीढ़ियों को पार करने के बाद वह दो-दो मिनट का विश्राम लेता है। स्पष्ट है कि 180वीं सीढ़ी पर पहुंचने के बाद वह पुरुष अपने गंतव्य पर पहुंच जाएगा। अतः प्रश्नानुसार पांच बार विश्राम करने में लगा समय = 5 × 2 = 10 मिनट

**118. एक नगर की जनसंख्या 4% वार्षिक दर से वृद्धि होती है और शरणार्थियों के कारण 1% वार्षिक दर से अतिरिक्त वृद्धि होती है, तो दो वर्ष पश्चात् जनसंख्या में वृद्धि होगी -**

(a) 10% (b) 10.25%
(c) 10.50% (d) 10.75%

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-मान लिया नगर की जनसंख्या 100 है।

कुल वृद्धि = 4% + 1% शरणार्थियों के कारण
= 5%

एक वर्ष के पश्चात् जनसंख्या = 100 + 100 × 5% = 105

दूसरे वर्ष के पश्चात् जनसंख्या = 105 + 105 का 5%
= 110.25

प्रतिशत वृद्धि = 110.25–100 = 10.25%

**119. एक इंजन जिसके पहिए की परिधि $7\frac{1}{2}$ मीटर है 9 सेकेण्ड में 7 चक्कर लगाता है, तो गाड़ी की गति किमी./घंटा में होगी-**

(a) 15 (b) 21
(c) 30 (d) 35

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**

कोई पहिया एक चक्कर में अपनी परिधि के बराबर दूरी तय करती है।

परिधि = $7\frac{1}{2}$ मीटर = $\frac{15}{2}$ मीटर

1 चक्कर में चली गयी दूरी = $\frac{15}{2}$ मीटर

7 चक्कर में चली गयी दूरी = $\frac{15}{2} \times 7 = \frac{105}{2}$ मीटर

प्रश्नानुसार ∵ 9 सेकेण्ड में गाड़ी जाती है = $\frac{105}{2}$

1 सेकेण्ड में गाड़ी जाएगी = $\frac{105}{2\quad 9}$

अतः रेलगाड़ी की चाल = $\frac{105}{18}$ मीटर/सेकेण्ड

किमी./घंटा में बदलने पर

= $\frac{105}{2\quad 9} \times \frac{18}{5}$ किमी./घंटा = 21 किमी./घंटा

**120. यदि एक कुएं को 10 श्रमिक 4 दिनों में खोद लेते हैं तो इसी कुएं को आधे दिन में खोदने के लिए कितने श्रमिकों की आवश्यकता होगी?**

(a) 5 (b) 40
(c) 60 (d) 80

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-∵ 4 दिनों में 10 श्रमिक कुएं को खोद लेते हैं।

∴ 1 दिन में कुएं खोदने में लगे श्रमिकों की संख्या = 10 × 4

$\frac{1}{2}$ दिन में = $\frac{10\quad 4}{\frac{1}{2}}$ = $\frac{10\quad 4\quad 2}{1}$ = 80 श्रमिक

**121. लकड़ी के एक ब्लाक का माप 5 × 10 × 20 सेमी. है। कम से कम माप वाला लकड़ी का एक ठोस घन बनाने के लिए ऐसे कितने सम्पूर्ण ब्लाकों की आवश्यकता होगी?**

(a) 6 (b) 8
(c) 12 (d) 16

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या** – छोटे से छोटे माप वाले घन की एक भुजा = 20 सेमी.
अतः घन का आयतन = 20 × 20 × 20 सेमी.$^3$
एक ब्लाक का आयतन = 5 × 10 × 20 सेमी.$^3$
अतः ब्लाकों की संख्या अतः = $\frac{\text{घन का आयतन}}{\text{ब्लाक का आयतन}}$
$= \frac{20 \times 20 \times 20 \text{ सेमी}^3}{5 \times 10 \times 20 \text{ सेमी}^3}$ = 8 ब्लाक

**122.एक वर्ग परीक्षा में `X', `Y' को निम्नांकित अंक मिले हैं -**

| विषय | `X' | `Y' | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| अंग्रेजी | 84 | 92 | 100 |
| हिन्दी | 80 | 79 | 100 |
| गणित | 90 | 88 | 100 |
| इतिहास | 69 | 60 | 100 |

**किसको अधिक अंक मिले हैं और कितने -**

(a) X को 1% अधिक मिले हैं
(b) X को 2% अधिक मिले हैं
(c) Y को 1% अधिक मिले हैं
(d) Y को 2% अधिक मिले हैं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-X को प्राप्त कुल अंक = 84 + 80 + 90 + 69 = 323
Y को प्राप्त कुल अंक = 92 + 79 + 88 + 60 = 319
X को प्राप्त कुल अंकों का प्रतिशत = $\frac{323}{400} \times 100 = \frac{323}{4}\%$
Y को प्राप्त कुल अंकों का प्रतिशत = $\frac{319}{400} \times 100$
$= \frac{319}{4}\%$
अतः X को Y से मिलें अधिक प्रतिशत अंक
$= \frac{323}{4} - \frac{319}{4} = \left(\frac{323 - 319}{4}\right) = \frac{4}{4} = 1\%$ अधिक

**123.यदि Y का X% Z का Y% हो तो, Z बराबर होगा -**

(a) X (b) Y
(c) $\frac{X}{100}$ (d) $\frac{Y}{100}$

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** y का x% = Z का y% या $\frac{xy}{100} = \frac{zy}{100}$ = X = Z

**124.यदि a : b : : c : d तो -**

(a) a (b-c) : : c : d (b) (a-b) : b : : (c-d) : d
(c) (a : b) : c : : (a + d) : a (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-प्रश्नानुसार-
a : b : : c : d या $\frac{a}{b} = \frac{c}{d}$ दोनों तरफ 1 से घटाने पर
$\frac{a}{b} - 1 = \frac{c}{d} - 1 \quad \frac{a-b}{b} = \frac{c-d}{d}$
(a – b) : b : : (c – d) : d

**125. एक वर्ग की परिमिति (4a + 8) है, उस वर्ग का क्षेत्रफल होगा-**

(a) ($a^2$ + 4a + 4) वर्ग इकाई (b) ($a^2$ + 2a + 4) वर्ग इकाई
(c) ($a^2$ + 4a + 2) वर्ग इकाई (d) ($a^2$ + 2a + 2) वर्ग इकाई

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या** – वर्ग का परिमाप = (4a + 8)
वर्ग की भुजा = $\frac{(4a+8)}{4}$ = (a + 2)
वर्ग का क्षेत्रफल = $(a + 2)^2 = a^2 + 4 + 4a$ उत्तर

**126.वर्ष 1994 के सर्वश्रेष्ठ चलचित्र का ऑस्कर पुरस्कार जीता -**

(a) स्टान वान सागा ने (b) प्यूजिटिव ने
(c) जुरेसिक पार्क ने (d) फारेस्ट गम्फ ने

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-वर्ष 1994 के सर्वश्रेष्ठ चलचित्र का ऑस्कर पुरस्कार फारेस्ट गम्फ ने जीता था।

**127. ब्रायन लारा को विश्व क्रिकेट में दो कीर्तिमानों को पार करने के कारण बहुत ख्याति प्राप्ति हुई है, जिन दो खिलाड़ियों के कीर्तिमानों को उन्होंने पार किया, वे हैं -**

(a) गारफील्ड सोबर्स एवं क्लाइव लॉयड
(b) डोनाल्ड ब्रैडमेन एवं लेन हटन
(c) डोनाल्ड गावस्कर एवं एलन बार्डर
(d) गारफील्ड सोबर्स एवं हनीफ मोहम्मद

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-ब्रायन लारा को ब्रेडमेन एवं लेन हटन के कीर्तिमानों को पार करने के कारण विश्व क्रिकेट में बहुत ख्याति प्राप्त हुई थी।

**128. निम्नांकित में किसने हाल में महिला टेनिस खिलाड़ियों के बीच प्रथम स्थान को पुनः प्राप्त किया है?**

(a) मोनिका सेलेस
(b) स्टेफीग्राफ
(c) अरान्चा या अरान्तजा सांचेज विकारियो
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**- वर्ष 1995 में महिला टेनिस खिलाड़ी स्टेफीग्राफ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वर्ष 2025 में विश्व में सर्वोच्च स्थान प्राप्त महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका है।

**129. `ट्रायम्फ ऑफ दी स्पिरिट' नामक रचना सम्बन्धी निम्नांकित कथनों में कौन सत्य है?**

(a) इसकी रचयिता रोमी देव है
(b) इसमें कपिल देव के खेल-जीवन का विवरण है
(c) इसका औपचारिक विमोचन सुप्रसिद्ध चित्रकार एम. एफ. हुसैन के हाथों हुआ
(d) उपरोक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-'टायम्फ ऑफ दी स्पिरिट' नामक रचना के संबंध में दिये गये सभी विकल्प सत्य है।

**130. दक्षिण अफ्रीका की नई संसद में राष्ट्रीय सभा और सीनेट की क्रमशः शक्ति क्या है?**

(a) 400 : 80 (b) 410 : 90
(c) 420 : 90 (d) 400 : 90

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-दक्षिण अफ्रीका की नई संसद में राष्ट्रीय सभा में 400 सदस्य तथा सीनेट में 90 सदस्य होते है।

**131. निम्नलिखित देशों में कौन अमेरिकी शस्त्रों का सबसे बड़ा खरीददार है?**

(a) इजरायल (b) सऊदी अरब
(c) ताइवान (d) पाकिस्तान

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-अमेरिकी शस्त्रों का सबसे बड़ा खरीददार सऊदी अरब है। वर्ष 2016-20 की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी हथियारों का लगभग 47% निर्यात मध्य पूर्व को होता है जिसमें से 24% अमेरिकी हथियार सऊदी अरब खरीदता है।

**132. भारतीय समुद्रशास्त्रियों ने अरब सागर के तल में मुम्बई से दक्षिण-पश्चिम में लगभग 455 किमी. दूर, एक नए 1505 मीटर ऊंचे पर्वत की खोज की है। इस पर्वत का नाम रखा गया है -**

(a) कैलाश पर्वत द्वितीय (b) रमनसागर पर्वत
(c) कन्या सागर पर्वत (d) बम्बई पर्वत

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भारतीय समुद्रशास्त्रियों ने अरब सागर के तल में मुम्बई से दक्षिण-पश्चिम में लगभग 455 किमी. दूर, एक नए 1505 मीटर ऊंचे पर्वत की खोज की है, जिसका नाम रमनसागर पर्वत रखा गया है।

**133. सन् 1995 में कॉन फिल्मोत्सव के न्यायिक मण्डल के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) क्लिन्टन ईस्टवुड (b) कैथेरीन देनेव्यू
(c) जॉन मोरी (d) शैरन स्टोन

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-सन् 1995 में कॉन फिल्मोत्सव के न्यायिक मण्डल के अध्यक्ष क्लिन्टन ईस्टवुड थे।

**134. हाल में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की?**

(a) जीन श्रेटीन (b) बिल क्लिन्टन
(c) जॉन मेजर (d) जैक्स शिराक

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-वर्ष 1995 में आयोजित G-7 की अध्यक्षता जीन श्रेटीन ने की थी। वर्ष 2022 में आयोजित G-7 की अध्यक्षता जर्मनी ने की। वर्ष 2023 में G-7 का शिखर सम्मेलन जापान के हिरोशिमा में आयोजित किया गया।

**135. निम्नलिखित देशों का किसने यूरोपीय समुदाय के लिए एकल मुद्रा के प्रस्ताव का सबसे सशक्त विरोध किया है?**

(a) जर्मनी (b) इंग्लैण्ड
(c) फ्रांस (d) इटली

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-1 जनवरी, 2002 को यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र में नयी मुद्रा 'यूरो' का प्रचलन प्रारम्भ हुआ। इसमें यूरोप के 27 देशों की भागीदारी है। जिसमें आस्ट्रिया, बेल्जियम, फिनलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आयरलैण्ड, इटली, लक्जमवर्ग, नीदरलैण्ड, पुर्तगाल और स्पेन शामिल हैं। फिलहाल ब्रिटेन, स्वीडन और डेनमार्क ने खुद को इससे अलग रखा है। यूरो का सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब बेल्जियम से लेकर स्पेन तक इन सभी देशों को अपनी अलग-अलग करेन्सी नहीं छापनी पड़ेगी।

**136. निम्नलिखित देशों में किसे मानवाधिकारों के गम्भीर उल्लंघन का दोषी ठहराया गया है?**

(a) ईरान (b) पाकिस्तान
(c) तुर्की (d) उपरोक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-विकल्प में दिये गये सभी देशों को मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का दोषी ठहराया गया था।

**137. जम्मू एवं कश्मीर प्रशासन द्वारा निम्नांकित पुस्तकों में किसे प्रतिबन्धित किया गया है?**

(a) मुस्लिम लॉ एण्ड कॉन्स्टीट्यूशन (b) फरहंगे आसफिया
(c) तहरीके मुजाहिदीन (d) आतशे चिनार

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा तहरीके मुजाहिदीन नामक पुस्तक को प्रतिबंधित किया गया था।

**138. 'नाशक' क्या है -**

(a) भारत द्वारा विकसित किया जा रहा वायु से वायु में मार करने वाला नया प्रक्षेपास्त्र
(b) भारत द्वारा विकसित किया जा रहा भूमि से वायु में मार करने वाला नया प्रक्षेपास्त्र
(c) भारत द्वारा विकसित किया जा रहा भूमि से भूमि पर मार करने वाला नया प्रक्षेपास्त्र
(d) भारत द्वारा बनाई जा रही प्रक्षेपास्त्र नौका

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-'नाशक' भारत द्वारा बनाई जा रही प्रक्षेपास्त्र नौका है।

**139. विवादग्रस्त 'एनरॉन परियोजना' कहां स्थित होगी?**

(a) मुम्बई (b) दाभोल
(c) अमरावती (d) नान्देड़

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-महाराष्ट्र के कोंकण जिले के दाभोल गांव में गुहागर नामक स्थान पर 2.015 मेगावाट की विद्युत परियोजना निर्मित है। अमेरिकी कंपनी 'एनरॉन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन' द्वारा निर्मित इस परियोजना के प्रारम्भिक निर्माण कार्य के दौरान ही कई विवाद खड़े हो गये थे। यद्यपि आपसी बातचीत से पुनः परियोजना बहाल हो गई।

**140. तेल निर्यातक देशों के संगठन का वर्तमान अध्यक्ष कौन है?**

(a) अर्विन जोजे अरीएटा (b) पीअर गिगनाउ
(c) इदा बागस सद्जाना (d) डैन एतेता

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या**-तेल-निर्यातक देशों के संगठन (Organisation of the Petroleum Exporting Countries-OPEC) की स्थापना 1960 में इराक की राजधानी बगदाद में की गई। इराक, ईरान, कुबैत, सऊदी अरब तथा बेनेजुएला इसके संस्थापक सदस्य हैं। इस संगठन का उद्देश्य खनिज तेल के उत्पादन व इसकी कीमत को नियंत्रित करके पेट्रोलियम निर्यात करने वाले देशों के हितों की रक्षा करना है। ओपेक के वर्तमान अध्यक्ष हैथम अल घैस हैं।

**141.`मुहाजिर कौमी आन्दोलन' क्या है?**
(a) कराची में आधारित एक आतंकवादी संगठन
(b) पाकिस्तान में बसे उत्प्रवासी मुसलमानों का एक राजनीतिक दल
(c) कराची में सुन्नी मुसलमानों का एक गुप्त समाज
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या—** मुहाजिर कौमी मूवमेन्ट (आन्दोलन) सन् 1947 में भारत के विभाजन के समय भारत छोड़कर पाकिस्तान में जाकर बसने वाले उत्प्रवासी मुसलमानों का राजनीतिक संगठन है। यह संगठन मुहाजिरों को पाकिस्तान के मुस्लिमों के समान अधिकार दिलाने हेतु संघर्षरत हैं। ज्ञातव्य है कि पाकिस्तानी सरकार ने मुहाजिरों को कई अधिकारों से वंचित कर रखा है। एम. क्यू. एम. के नेता अलताफ हुसैन लन्दन में निर्वासित जीवन बिता रहे हैं।

**142. सन् 1995 के फिल्म फेयर पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार किसे प्राप्त हुआ?**
(a) माधुरी दीक्षित (b) डिम्पल कपाड़िया
(c) फरीदा जजाल (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**माधुरी दीक्षित को सन् 1995 में 40 वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में फिल्म हम आपके है कौन.... मे उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**143. भारतीय महिला क्रिकेट दल ने तीन राष्ट्रों की प्रतियोगिता जीती है, जिसका आयोजन हुआ था -**
(a) इंग्लैण्ड में (b) न्यूजीलैण्ड में
(c) ऑस्ट्रेलिया में (d) श्रीलंका में
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 1995 में आयोजित तीन राष्ट्रों की प्रतियोगिता जीती थी जिसका आयोजन न्यूजीलैण्ड में हुआ था।

**144.विश्व बैंक के अध्यक्ष कौन हैं?**
(a) लेविस टी प्रेसटन (b) रेमांटो रगीयरो
(c) एन्ड्रू यंग (d) अर्नेस्ट स्टर्न
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**विश्व बैंक की स्थापना दिसम्बर 1945 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ हुयी। इसने जून 1946 में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक दोनों ही ब्रेटनवुड्स सम्मेलन के निर्णयों की व्यावहारिक परिणति हैं। विश्व बैंक द्वारा सदस्य राष्ट्रों में संतुलित आर्थिक विकास प्रोत्साहित करने हेतु दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसका मुख्यालय वाशिंगटन (अमेरिका) में स्थित है। वर्तमान में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा है।

**145. शाको असाहारा अभी समाचारों में चर्चित रहे हैं क्योंकि-**
(a) वे संयुक्त राष्ट्र में जापान के प्रतिनिधि हैं
(b) वे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बात करने वाले जापानी वाणिज्य मण्डल के अध्यक्ष थे
(c) वे जापान के एक धार्मिक समुदाय से सम्बद्ध है, जिस पर आतंकवादी गतिविधियों का आरोप है
(d) उन्होंने जी-7 शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व किया
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**शाको असाहारा पर आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप लगा था।

**146. निम्नलिखित राज्यों में किसने हाल में मोटे चावल का दाम घटाकर 2 रु. प्रति किग्रा. कर दिया है?**
(a) केरल (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) जम्मू एवं कश्मीर
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**1995 में आंध्र प्रदेश में मोटे चावल का दाम घटाकर 2रु./किलो. कर दिया था।

**147. विश्व मुक्केबाजी संगठन की हेवीवेट श्रेणी का वर्तमान विजेता है-**
(a) ब्रेट हार्ट
(b) शौन माइकेल्स
(c) रिडिक बोव
(d) जार्ज लुइज गोन्जालिस
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** वर्ष 1995 का विश्व मुक्केबाजी संगठन का हैवीवेट श्रेणी का विजेता रिडिक बोव थे। वर्तमान में विश्व मुक्केबाजी संगठन के हैवीवेट का विजेता ब्रायन नॉर्मन जूनियर हैं।

**148.निम्नलिखित देशों में किसके साथ भारत ने विगत दिनों में एक द्विपक्षीय सन्धि की है जिसका उद्देश्य निवेश को संरक्षण और प्रोत्साहन प्रदान करना है?**
(a) जर्मनी (b) फ्रांस
(c) जापान (d) इटली
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** 1995 में भारत ने निवेश को संरक्षण और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संधि की थी।

**149. हाल में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन का स्थल नोवा स्कोसिया, स्थित है -**
(a) स्वीडन में (b) फ्रांस में
(c) स्विट्जरलैण्ड में (d) कनाडा में
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**जी-7 विकसित विश्व के देशों का एक संगठन है जिसमें विश्व के 7 औद्योगिक दृष्टि से सुदढ़ गैर-समाजवादी विचार प्रधान देश शामिल हैं, जिसका शिखर सम्मेलन (चूंकि प्रश्न-पत्र 1995 का है इसलिए हाल ही से तात्पर्य 1995 के शिखर सम्मेलन से है) हैलीफॉक्स (कनाडा) में जून, 1995 में सम्पन्न हुआ। G-7 का 48 वां शिखर सम्मेलन जून 2022 में जर्मनी में किया गया है। G-7 के 50वां शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ष 2025 में कनाडा के कनानैस्किस, अल्बर्टा में किया जायेगा।

**150. बहुउद्देशीय नदी घाटी योजनाओं को `आधुनिक भारत के मंदिर' किसने कहा था?**
(a) राजेन्द्र प्रसाद
(b) जवाहर लाल नेहरू
(c) इन्दिरा गांधी
(d) महात्मा गांधी
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**बहुउद्देशीय नदी घाटी योजनाओं को `आधुनिक भारत के मंदिर' जवाहर लाल नेहरू ने कहा था।

# 41वीं बिहार पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 1996
# सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान
## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**1. बुद्ध के जीवन की चार महत्वपूर्ण घटनाओं और उनसे संबंधित चार स्थानों का नीचे उल्लेख है, यह दो स्तम्भों (I एवं II) में अंकित है, आपको इनका सुमेल करना है -**

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| A. जन्म | 1. सारनाथ |
| B. ज्ञान प्राप्ति | 2. बोध गया |
| C. प्रथम प्रवचन | 3. लुम्बिनी |
| D. निधन | 4. कुशीनगर |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 | (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 | (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**बौद्ध धर्म के प्रवर्तक बुद्ध या सिद्धार्थ का जन्म कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक ग्राम में शाक्य क्षत्रिय कुल में 563 ई. पू. में हुआ था। इन्होंने सांसारिक समस्याओं से व्यथित होकर 29 वर्ष की अवस्था में गृह त्याग दिया। इस त्याग को बौद्ध ग्रन्थों में महाभिनिष्क्रमण कहा गया। गृहत्याग के उपरांत सर्वप्रथम वे वैशाली के नजदीक आलारकलाम के आश्रम में आये और यहां से उरूवेला (बोध गया) के लिए प्रस्थान किया। बुद्ध के जीवन की घटनाओं का क्रम क्रमशः है- जन्म-लुम्बिनी, ज्ञान प्राप्ति-बोधगया, प्रथम प्रवचन-सारनाथ (मृग दाब या ऋषिपत्तन), मृत्यु-कुशीनगर।

**2. निम्नलिखित राजवंशों में किसका उल्लेख संगम साहित्य में नहीं हुआ है?**

(a) कदम्ब (b) चेर
(c) चोल (d) पाण्ड्य

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**संगम साहित्य में तत्कालीन तीन राजवंशों-चेर, चोल, पाण्ड्य के विषय में विस्तृत जानकारी मिलती है। इस साहित्य में कदम्ब वंश की जानकारी नहीं मिलती है।

**3. कवि `बाण' निवासी था -**

(a) पाटलिपुत्र का (b) थानेश्वर का
(c) भोजपुर का (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** बाणभट्ट का जन्म बिहार में सोन नदी के किनारे अवस्थित प्रीथिकूट नाम गाँव में हुआ था। बाणभट्ट की पुस्तक का नाम हर्षचरित है। राज्यवर्धन के पश्चात् 606 ई. में हर्षवर्धन थानेश्वर के सिंहासन पर बैठा। हर्ष एक प्रतिष्ठित नाटककार एवं कवि था। इसने नागानन्द, रत्नावली एवं प्रियदर्शिका नाम के नाटकों की रचना की। इसके दरबार में बाण, मयूर, हरिदत्त एवं जयसेन जैसे प्रसिद्ध कवि एवं लेखक दरबार की शोभा बढ़ाते थे।

**4. ह्वेनसांग की भारत में यात्रा के समय सूती कपड़ों के उत्पादन के लिए सबसे प्रसिद्ध नगर था -**

(a) वाराणसी (b) मथुरा
(c) पाटलिपुत्र (d) कांची

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**ह्वेनसांग, हर्षवर्धन के काल (606–647 ई.) में भारत आया था, तत्कालीन समय में मथुरा सूती वस्त्र के उत्पादन का मुख्य केन्द्र था। जबकि वाराणसी रेशम के वस्त्रों के लिए प्रसिद्ध था।

**5. पाटलिपुत्र में स्थित चन्द्रगुप्त महल मुख्यतः बना था -**

(a) ईंटों का (b) पत्थर का
(c) लकड़ी का (d) मिट्टी का

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**मेगस्थनीज के विवरण से पता चलता है कि चन्द्रगुप्त का महल लकड़ी का बना हुआ था, जिसके चारों ओर परिखा (खाईं) बनी थी। वर्तमान पटना के निकट कुम्रहार की खुदाई में लकड़ी के स्तम्भों तथा लकड़ी की चहारदीवारी के प्रमाण मिले हैं।

**6. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं जिनमें एक कथन (A) और दूसरा कारण (R) है, दोनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें -**

**कथन (A) :** बारहवीं शताब्दी के अन्त तक नालन्दा महाविहार का पतन हो गया।

**कारण (R) :** महाविहार को राजकीय प्रश्रय मिलना बन्द हो गया था।

**उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन सही है?**

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं और A की सही व्याख्या R करता है
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु A की सही व्याख्या R नहीं करता है
(c) A सत्य है परन्तु R असत्य है
(d) A असत्य है परन्तु R सत्य है

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**बौद्ध धर्म को संरक्षण देने वाले पाल शासक बारहवीं सदी तक काफी कमजोर हो गये तथा उनका राज्य समाप्त प्राय हो गया। तुर्कों ने आक्रमण करके उसे आग के हवाले कर दिया। यद्यपि संरक्षण के अभाव में वह पहले ही महत्वहीन हो चुका था।

**7. कुतुबुद्दीन ऐबक की राजधानी थी -**

(a) लाहौर (b) दिल्ली
(c) अजमेर (d) लखनौती

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** मुहम्मद गोरी की मृत्यु के पश्चात् कुतुबुद्दीन ऐबक ने 6 जून, 1206 को लाहौर में अपना राज्याभिषेक कराया था। ऐबक ने लाहौर को अपनी राजधानी बनाया। ऐबक ने कभी 'सुल्तान' की उपाधि धारण नहीं की। उसने केवल मलिक और सिपहसालार की पदवीं धारण की थी। गोरी के उत्तराधिकारी गयासुद्दीन महमूद ने 1208 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक को दासता से मुक्त दे दी।

**8. अलाउद्दीन खिलजी के प्रसिद्ध सेनापतियों में जिसकी मंगोलों के विरुद्ध लड़ते हुए मृत्यु हुई?**

(a) जफर खां (b) नुसरत खां
(c) अल्पखां (d) उलगूखां

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**अलाउद्दीन का सेनापति जफर खां मंगोलों के विरूद्ध लड़ता हुआ मारा गया था। 1297-98 ई. में मंगोल सेना ने अपने नेता कादर के नेतृत्व में पंजाब व लाहौर पर आक्रमण किया। जालन्धर के निकट इन आक्रमणकारियों को सुल्तान की सेना ने परास्त किया। इस सेना का नेतृत्व जफर खां एवं उलूग खां ने किया। मंगोलों का दूसरा आक्रमण सलदी के नेतृत्व में 1298 ई. में सेहवान पर हुआ। जफर खां ने इस आक्रमण को सफलता पूर्वक असफल कर दिया। 1299 ई. में कुतलुग ख्वाजा के नेतृत्व में मंगोल सेना के आक्रमण को जफर खां ने पुनः असफल कर दिया, किन्तु इसी समय युद्ध में जफर खां लड़ता हुआ मारा गया। 1303 ई. में मंगोल सेना का चौथा आक्रमण तार्गी के नेतृत्व में हुआ। लगभग 2 माह तक सीरी के किले को घेरे रहने के बाद इसे सफलता न मिलने पर दिल्ली के समीप के क्षेत्रों में लूटपाट कर तार्गी वापस चला गया।

**9. निम्नलिखित में से किस इतिहासकार ने शाहजहाँ के शासनकाल को मुगलकाल का `स्वर्ण युग' कहा है?**

(a) वी. ए. स्मिथ (b) जे. एन. सरकार
(c) ए. एल. श्रीवास्तव (d) उपरोक्त में कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**डॉ. ए.एल. श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक ''मुगलकालीन'' भारत में लिखा है कि शाहजहाँ का काल भारत के मध्ययुगीन इतिहास में स्वर्ण युग के नाम से प्रसिद्ध है। यह काल कला तथा वास्तुकला की दृष्टि से प्रसिद्ध काल माना जा सकता है। जे.एन. सरकार और बी.ए.स्मिथ इससे सहमत नहीं हैं।

**10. हुमायूं द्वारा लड़े गए चार प्रमुख युद्धों का तिथि अनुसार सही क्रम अंकित करे, युद्ध-स्थलों के नाम नीचे अंकित हैं-**

(a) चौसा, देवरा, कन्नौज, सरहिन्द
(b) देवरा, कन्नौज, चौसा, सरहिन्द
(c) सरहिन्द, देवरा, चौसा, कन्नौज
(d) देवरा, चौसा, कन्नौज, सरहिन्द

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** हुमायूं द्वारा लड़े गये प्रमुख युद्धों का विवरण इस प्रकार है-**देवराई का युद्ध**-जौनपुर की ओर अग्रसर हुमायूं की सेना एवं महमूद लोदी की सेना के बीच अगस्त 1532 ई. में देवरा नामक स्थान पर हुआ इसमें महमूद की पराजय हुई। **चौसा का युद्ध**-26 जून, 1539 ई. को हुमायूं एवं शेर खां की सेनाओं के मध्य गंगा नदी के उत्तरी तट पर स्थित चौसा नामक स्थान पर हुआ। यह युद्ध हुमायूं अपनी कुछ गलतियों के कारण हार गया। चौसा के युद्ध में सफल होने के बाद शेर खां ने अपने को शेरशाह की उपाधि से सुसज्जित किया। **कन्नौज का युद्ध** या विलग्राम का युद्ध मई 1540 में लड़ा गया, इस लड़ाई में हुमायूं के साथ उसके भाई हिन्दाल एवं अस्करी भी थे, फिर भी पराजय ने हुमायूं का पीछा नहीं छोड़ा। **सरहिन्द का युद्ध** 22 जून, 1555 को हुआ इस संघर्ष में मुगल सेना का नेतृत्व बैरम खां ने किया, इसमें हुमायूं को सफलता मिली।

**11. रणजीत सिंह ने सुप्रसिद्ध कोहिनूर हीरा प्राप्त किया था -**

(a) शाहशुजा से (b) जमान शाह से
(c) दोस्त मोहम्मद से (d) शेर अली से

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**रणजीत सिंह ने सुप्रसिद्ध कोहिनूर हीरा अफगान अमीर शाहशुजा से प्राप्त किया था। रणजीत सिंह सिक्खों के बारह मिसलों में से एक मिसल सुकेरचकिया से सम्बन्धित थे। इन्होंने 1797 ई. में रावी एवं चिनाब के प्रदेशों के प्रशासन का कार्यभार संभाला। 1799 ई. में अफगानिस्तान के शासक जमानशाह ने रणजीत सिंह को लाहौर का सुबेदार स्वीकार कर लिया तथा उन्हें राजा की उपाधि प्रदान की। रणजीत सिंह ने कुछ सिक्ख मिसलों से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित कर अपने प्रभाव को बढ़ाने का प्रयत्न किया। 1800 ई. के पश्चात् अफगानिस्तान की राजनीतिक शक्ति का पतन हो गया और 1809 ई. में शाहशुजा काबुल से भागकर शरण लेने के लिए रणजीत सिंह के यहाँ पहुँचा और कोहिनूर हीरा उन्हें भेंट के रूप में दिया।

**12. 1857 ई. के विद्रोह से बिहार का कौन-सा भाग अप्रभावित रहा?**

1. दानापुर 2. पटना 3. आरा
4. मुजफ्फरपुर 5. मुंगेर

**अपना उत्तर निम्नांकित कूटों में चुने -**

(a) 4 एवं 5 (b) केवल 5
(c) केवल 4 (d) 4 एवं 5

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**सन् 1857 ई. के विद्रोह से बिहार का मुंगेर अप्रभावित था। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बिहार ने जो ऐतिहासिक भूमिका निभायी वह अविस्मरणीय है। इस पूरे प्रकरण से एक ऐसा व्यक्ति था, जिसका नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है- वह थे जगदीशपुर (शाहाबाद, वर्तमान भोजपुर जिला) के कुंवर सिंह। इस क्रम में पटना के मीर अली का नाम नहीं भुलाया जा सकता। 1857 ई. के विद्रोह में प्रभावित स्थान पटना, आरा, दानापुर, गया और मुजफ्फरपुर था।

**13. 1857 ई. का विद्रोह मुख्यतः किस कारण से असफल रहा?**

(a) हिन्दू-मुस्लिम एकता की कमी
(b) किसी सामान्य योजना और केन्द्रीय संगठन की कमी
(c) इसके प्रभाव का सीमित क्षेत्र
(d) जमींदारों की असहभागिता

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-1857 का विद्रोह गाय और सुअर की चर्बीयुक्त कारतूस के कारण सैनिकों द्वारा अवश्य प्रारम्भ हुआ। लेकिन इस विद्रोह का मूल कारण अंग्रेजी नीतियों के प्रति बढ़ता लोगों का असंतोष था। विद्रोही यद्यपि सत्ता को उखाड़ फेंकना चाहते थे, लेकिन किसी सुनियोजित योजना एवं केन्द्रीय संगठन का अभाव उनकी असफलता का मूल कारण बना। राजाओं, जमींदारों और शिक्षित मध्यम वर्ग ने विद्रोह में भाग नहीं लिया, क्योंकि इनके हित ब्रिटिशराज से जुड़े हुए थे।

**14. ब्रह्म समाज की स्थापना हुई थी, वर्ष -**

(a) सन् 1827 में (b) सन् 1829 में
(c) सन् 1831 में (d) सन् 1843 में

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या-** राजाराम मोहन राय ने 20 अगस्त, 1828 को ब्रह्म सभा नाम से एक नये समाज की स्थापना की जिसे आगे चलकर ब्रह्म समाज के नाम से जाना गया। हिन्दू धर्म का पहला सुधार आन्दोलन ब्रह्म समाज था। जिस पर आधुनिक पाश्चात्य विचारधारा का बहुत प्रभाव पड़ा था।

**15. निम्नलिखित में कौन आत्मीय सभा के संस्थापक थे?**

(a) राजा राममोहन राय (b) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(c) स्वामी विवेकानन्द (d) अरविन्द घोष

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-राजा राममोहन राय ने आत्मीय सभा की स्थापना 1815 ई. में तथा ब्रह्म समाज की स्थापना 1828 ई. में की थी। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना 1875 ई. में तथा स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना 1897 ई. में की थी।

**16. स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, वर्ष-**

(a) 1861 में (b) 1891 में
(c) 1893 में (d) 1896 में

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या**-स्वामी विवेकानन्द (नरेन्द्र नाथ दत्त) ने 1897 ई. में रामकृष्ण मिशन की स्थापना वेल्लूर, कोलकाता में की थी। इस मिशन का उद्देश्य मानव समाज के हित के लिए रामकृष्ण परमहंस ने जिन सब तत्वों की व्याख्या की है तथा कार्य रूप में उनके जीवन में जो तत्व प्रतिपादित हुए हैं, उनका प्रचार तथा मनुष्य की शारीरिक, मानसिक व पारमार्थिक उन्नति के लिए जिस प्रकार सब तत्वों का प्रयोग हो सके, उन विषयों में सहायता करना था।

**17. उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में नव-हिन्दूवाद के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि थे -**

(a) रामकृष्ण परमहंस (b) स्वामी विवेकानन्द
(c) बंकिमचन्द्र चटर्जी (d) राजा राममोहन राय

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में नव.हिन्दूवाद के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि स्वामी विवेकानन्द थे।

**18. लॉर्ड वेलेजली की सहायक सन्धि को स्वीकार करने वाला पहला मराठा सरदार था -**

(a) पेशवा बाजीराव द्वितीय (b) रघुजी भोंसले
(c) दौलतराव सिन्धिया (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**- 31 दिसम्बर, 1802 को पेशवा बाजीराव द्वितीय ने अंग्रेजों से बसीन की संधि की। संधि के अनुसार पेशवा बाजीराव द्वितीय ने अंग्रेजों की संरक्षकता स्वीकार कर ली। यह संधि मराठों द्वारा अंग्रेजों के साथ की गई प्रथम सहायक संधि थी।

**19. निम्नलिखित में से किसने बंगाल में द्वैध शासन प्रणाली को समाप्त किया?**

(a) रॉबर्ट क्लाइव (b) लॉर्ड कार्नवालिस
(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**-क्लाइव द्वारा बक्सर के युद्ध के पश्चात 1765ई. में बंगाल में द्वैध शासन प्रणाली लागू किया गया। जिसे 1772 ई. में बंगाल के गवर्नर वॉरेन हेस्टिंग्स ने समाप्त कर दिया। वॉरेन हेस्टिंग्स बंगाल का अंतिम गवर्नर था, 1773 ई. के रेग्यूलेटिंग एक्ट के तहत वॉरेन हेस्टिंग्स को बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया।

**20. निम्नलिखित में किसने ऑल इण्डिया मुस्लिम लीग की स्थापना की थी?**

(a) सर सैयद अहमद खां (b) सर मोहम्मद इकबाल
(c) आगाखां (d) नवाब सलीमुल्लाह खान

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**-एच. एच. आगा खां के नेतृत्व में मुसलमानों का एक दल वायसराय लार्ड मिन्टो से 1 अक्टूबर, 1906 को शिमला में मिला। इस प्रतिनिधि मण्डल ने वायसराय से अनुरोध किया कि प्रान्तीय, केन्द्रीय व स्थानीय निर्वाचन हेतु पृथक् साम्प्रदायिक निर्वाचन व्यवस्था, मुसलमानों के लिए की जाय। मिण्टो ने इनकी मांगों का पूर्ण समर्थन किया, जिसके फलस्वरूप मुस्लिम नेताओं ने ढाका के नवाब सलीमुल्लाह खान के नेतृत्व में 30 दिसम्बर, 1906 को ढाका में `मुस्लिम लीग' की स्थापना की।

**21. सन् 1938 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए -**

(a) अबुल कलाम आजाद (b) सुभाष चन्द्र बोस
(c) पट्टाभि सीतारमैय्या (d) जे. बी. कृपलानी

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1938 ई. में 51वां अधिवेशन हरिपुरा (गुजरात) में हुआ, जिसके अध्यक्ष सुभाषचन्द्र बोस थे। इसी अधिवेशन में राष्ट्रीय नियोजन समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष के रूप में पं. जवाहर लाल नेहरू को नियुक्त किया गया। मौलाना अबुल कलाम आजाद 1940 ई. में 53वें अधिवेशन के अध्यक्ष, आचार्य जे.बी. कृपलानी 1946 ई. में 54वें अधिवेशन के अध्यक्ष तथा पट्टाभि सीतारमैया 1948 ई. में 55वें अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गये थे।

**22. रौलेट एक्ट का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने विरोध किया, क्योंकि इसका लक्ष्य था -**

(a) वैयक्तिक स्वतंत्रता को सीमित करना
(b) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को प्रतिबन्धित करना
(c) साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व को विस्तृत करना
(d) देशद्रोह के आरोप में राष्ट्रीय नेताओं को बन्दी बनाना

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-भारत में क्रान्तिकारियों के प्रभाव को समाप्त करने के लिए अथवा राष्ट्रीय भावना को कुचलने के लिए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1917 में सर सिडनी रौलेट की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की। कमेटी ने 1918 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। मार्च, 1919 को रौलेट एक्ट लागू कर दिया गया। इस विधेयक में की गयी व्यवस्था के अनुसार मजिस्ट्रेटों के पास यह अधिकार था कि वह किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति को गिरफ्तार करके उस पर मुकदमा चला सकता है। साथ ही उसे अनिश्चित काल तक के लिए जेल भेज सकता है। इस एक्ट को बिना अपील, बिना दलील तथा बिना वकील का कानून भी कहा गया। इसे काला अधिनियम एवं आतंकवादी अपराध अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है।

**23. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन किस प्रश्न पर असफल रहा -**

(a) साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व
(b) डोमीनियन स्टेट्स प्रदान करना
(c) सत्ता हस्तान्तरण की तिथि
(d) सविनय अवज्ञा आन्दोलन का स्थगन

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**-दूसरा गोलमेज सम्मेलन साम्प्रदायिक नेतृत्व के प्रश्न पर विफल हो गया था। ब्रिटिश प्रधानमंत्री रैम्जे मैक्डोनाल्ड ने यह घोषणा की थी कि `यदि कोई सर्वसम्मत समाधान प्रस्तुत नहीं किया गया तो ब्रिटिश सरकार को अपनी कामचलाऊ योजना कार्यान्वित करनी होगी।' क्योंकि इस तरह की कोई योजना प्रस्तुत नहीं की गयी। अतः 16 अगस्त, 1932 को मैकडोनाल्ड ने अपने निर्णय की घोषणा की, जिसे `साम्प्रदायिक निर्णय' या `मैक्डोनाल्ड निर्णय' कहते हैं।